# मासिक जी.के. डाइजेस्ट

## अप्रैल 2022



# मंथली डाइजेस्ट

## अप्रैल-2022

**प्रिय पाठकों,**

यह मंथली डाइजेस्ट अपडेट "**अप्रैल- 2022**" में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। इस फ़ाइल आगामी **बैंकिंग, एसएससी, रेलवे परीक्षा** और **साक्षात्कार** के लिए महत्वपूर्ण है।

### बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. **गूगल पे,** मोबाइल पेमेंट ऐप पाइन लैब्स के साथ भागीदारी में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) उपयोगकर्ताओं को टैप टू पे सुविधा पेशकश करेगा।
   **नोट:** पहले, टैप टू पे सुविधा कार्ड के लिए उपलब्ध थी, लेकिन अब यह भुगतान सुविधा फोन पर भी उपलब्ध है। नियर फील्ड कम्युनिकेशन (NFC) सक्षम एंड्रॉइड स्मार्टफोन देश भर में किसी भी पाइन लैब्स एंड्रॉइड पीओएस टर्मिनल का उपयोग करके लेनदेन कर सकते हैं।
2. **माइक्रोसॉफ्ट** ने तकनीकी कंपनी और भागीदारों से प्रौद्योगिकी एवं उपकरण सहित 300,000 अमेरिकी डॉलर की सहायता हेतु भारत में स्टार्टअप फाउंडर्स हब प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है।
   **नोट:** अमेरिका और चीन के बाद, भारत विश्व स्तर पर स्टार्टअप के लिए तीसरा सबसे बड़ा पारिस्थितिकी तंत्र है। हब की स्थापना उद्यमियों को मेंटरों के साथ जोड़कर नवप्रवर्तन और विकास के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से की गई थी।
3. अप्रैल 2022 में, एशियाई विकास बैंक (ADB) ने सीमा पार व्यापार की कार्यक्षमता, पूर्वानुमेयता और सुरक्षा में सुधार करके विकास तेज करने के सरकारी प्रयासों का समर्थन करने हेतु बांग्लादेश के लिए **143 मिलियन अमेरिकी डॉलर की** वित्तीय सहायता को मंजूरी दी।
   **नोट:** ADB के ऋण पैकेज में 90 मिलियन डॉलर का अंतर्राष्ट्रीय नीति-आधारित ऋण, 53 मिलियन डॉलर का परियोजना ऋण जो एकीकृत स्थल सीमा शुल्क स्टेशन का निर्माण करेगा और तकनीकी सहायता में 1.5 मिलियन डॉलर शामिल है। ADB की स्थापना 1966 में हुई, अध्यक्ष - मासात्सुगु असाकावा।
4. अमेरिका स्थित सिटीबैंक ग्रुप अपना भारतीय कारोबार एक्सिस बैंक को **12,325 करोड़ रुपये** की धनराशि में बेच रहा है।
   **नोट:** सौदा वर्ष 2023 के मध्य में पूरा हो जाएगा। सौदे के अनुसार, सिटी बैंक को भारत सहित 13 बाजारों में उपभोक्ता फ्रैंचाइजी से बाहर होना पड़ेगा। वर्तमान में, एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड जारी करने वाला चौथा सबसे बड़ा बैंक है।
5. भारत ने **ऑस्ट्रेलिया** के साथ आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
   **नोट:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ऑस्ट्रेलिया के व्यापार, पर्यटन एवं निवेश मंत्री डैन तेहान ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन की उपस्थिति में एक वर्चुअल समारोह में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
6. IREDA ने **ब्लूस्मार्ट मोबिलिटी** स्टार्ट-अप कंपनी को तीन हजार इलेक्ट्रिक कारों की खरीद के लिए 267 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण की मंजूरी दी।
   **नोट:** IREDA नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में एक मिनी रत्न कंपनी है। ब्लूस्मार्ट कंपनी चालक-भागीदारों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करते हुए, गतिशीलता में शून्य-उत्सर्जन के भारत के पथ पर काम कर रही है।

**7.** मार्च 2022 में, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) संख्या के मामले में **500 करोड़** के आंकड़े को पार कर गया।
**नोट:** यह इस वर्ष मार्च में मूल्य के लिहाज से 10 लाख करोड़ रुपये के मील के पत्थर के करीब है। UPI ने पिछले महीने 9,60,581.66 करोड़ की राशि के 540.56 करोड़ भुगतान संसाधित किए। इसने इस वर्ष फरवरी में 8,26,843 करोड़ रुपये के 452.74 करोड़ लेनदेन संसाधित किए थे।

**8.** RBI ने सभी ATM में कैसेट स्वैप को लागू करने की समयसीमा **31 मार्च, 2023** तक बढ़ाने का फैसला किया है।
**नोट:** कैसेट स्वैप लॉक करने योग्य कैसेट हैं जिन्हें ATM में नकद पुनःपूर्ति के समय स्वैप किया जाता है। कैसेट स्वैप फ्रेमवर्क की सिफारिश डी.के. मोहंती की अध्यक्षता वाली मुद्रा संचलन समिति ने की थी।

**9.** मार्च 2022 में सकल CGST संग्रह **1,42,095 करोड़ रुपये है।**
**नोट:** सरकार ने 25,830 करोड़ रुपये CGST, 32,378 करोड़ रुपये SGST, 74,470 रुपये IGST प्राप्त किया। मार्च 2022 में, माल के आयात से राजस्व 25% अधिक था, और घरेलू लेनदेन से राजस्व पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 11% अधिक था।

**10.** 2022-23 वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के लिए सार्वजनिक भविष्य निधि की वर्तमान ब्याज दर **7.1%।**
**नोट:** उच्च मुद्रास्फीति के कारण वित्त मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही के लिए लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में संशोधन नहीं किया है। राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र: 6.8%; सुकन्या समृद्धि योजना: 7.6%; पंचवर्षीय वरिष्ठ नागरिक बचत योजना: 7.4%; बचत जमा: 4%; सावधि जमा (1 से 5 वर्ष): 5.5-6.7%; किसान विकास पत्र: 6.9%; EPF: 8.1%

**11.** 3% की वृद्धि के बाद केंद्र सरकार के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (DA) **34%** है।
**नोट:** DA को पहले के 31% से बढ़ाकर 34% किया गया है। बढ़ोतरी 1 जनवरी, 2022 से प्रभावी हुई।

**12.** बंधक ऋणदाता HDFC ने बाजार पूंजीकरण के मामले में भारत की तीसरी सबसे बड़ी वित्तीय इकाई के सृजन हेतु **HDFC बैंक** के साथ विलय की घोषणा की।
**नोट:** प्रस्तावित विलय के साथ, HDFC बैंक अपने स्वयं के आवास ऋण पोर्टफोलियो बना सकता है और अपने मौजूदा ग्राहक आधार को भी बढ़ा सकता है। HDFC बैंक 100% सार्वजनिक शेयरधारकों के स्वामित्व में होगा।

**13.** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के लिए अर्थोपाय ऋण (WMA) को 51,560 करोड़ रुपये से घटाकर **47,010 करोड़ रुपये** करने का निर्णय लिया है।
**नोट:** WMA अस्थायी ऋण हैं जो RBI सरकार को प्राप्तियों तथा भुगतानों में किसी भी प्रकार के असंतुलन की स्थिति में देता है। वित्तीय वर्ष 2022-23 की पहली छमाही के लिए भारत सरकार की WMA सीमा 1,50,000 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है।

**14.** **भारतीय स्टेट बैंक (SBI)** बैंक ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस वेतन पैकेज (CAPSP) योजना के माध्यम से विशेष लाभ प्रदान करने के लिए सीमा सुरक्षा बल के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।
**नोट:** MoU में मृतक BSF सैनिक के बच्चों की शिक्षा एवं बालिकाओं का विवाह शामिल है। सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए लाभ: व्यक्तिगत दुर्घटना (मृत्यु) बीमा।

**15.** एशियाई विकास बैंक (ADB) ने **एशियन डेवलपमेंट आउटलुक (ADO) 2022** रिपोर्ट में वर्ष 2022 में दक्षिण एशियाई देशों के लिए 7% की संयुक्त विकास दर का पूर्वानुमान पेश किया है।
**नोट:** भारत की अर्थव्यवस्था 2022 में 7.5% और 2023 में 8% की दर से बढ़ेगी। अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले कारक: कोविड का नया वैरिएंट, रूस-यूक्रेन संकट (वैश्विक तेल और वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि)

16. **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** ने डिजिटल परिवर्तन योजना SMBHAV (संभव) के साथ 'UnionNXT' नामक एक सुपर-ऐप लॉन्च किया है।

**नोट:** चालू वित्त वर्ष 2022-23 के लिए लगभग 1,000 करोड़ रुपये का निवेश खर्च। बैंक ने "डिजिटल बैंक विदइन बैंक" शुरू करने की भी घोषणा की। अन्य परियोजनाएं: पूर्व-अनुमोदित व्यक्तिगत ऋण, यूनियन कैश (पेंशनर को ऋण), शिशु मुद्रा ऋण, शाखा टोकन और मोबाइल ऐप-आधारित डिपॉजिट मॉड्यूल।

17. सरकार के आंकड़ों के अनुसार, 2021-22 में भारत का व्यापार घाटा **87.5%** प्रतिशत बढ़कर 192.41 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया।

**नोट:** पिछले वित्तीय वर्ष में कुल निर्यात बढ़कर 417.81 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया और आयात भी बढ़कर 610.22 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया जिससे व्यापार घाटा 192.41 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। मार्च 2022 में व्यापार घाटा 18.69 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।

18. विश्व बैंक और एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (AIIB) गुजरात सरकार के मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस प्रॉजेक्ट के लिए **7,500 करोड़ रुपये** ऋण देंगे।

**नोट:** इस प्रॉजेक्ट का उद्देश्य राज्य में शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाना है। राज्य सरकार आने वाले 5 वर्षों में 10,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी। यह धनराशि नई कक्षाएं, स्मार्ट कक्षाएं, नई कंप्यूटर लैब और टिंकरिंग लैब के निर्माण पर खर्च की जाएगी।

19. **ICICI डायरेक्ट** कंपनी ने कवरस्टैक के साथ साझेदारी में बीमा सेवा पेश की है जो कवरस्टैक द्वारा प्रायोजित होगी।

**नोट:** कवरस्टैक, कवरफॉक्स इंश्योरेंस (coverfox.com) का परिचालन करता है जो प्लग-एंड-प्ले मॉडल का पालन करती है। यह बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं तथा बीमा कंपनियों को तकनीकी समाधान और बीमा अवसंरचना प्रदान करती है। ICICI डायरेक्ट कई बीमा कंपनियों के बीमा उत्पाद प्रदान करती है।

20. वर्ष 2021-22 के लिए भारतीय कृषि उत्पादों का निर्यात 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ **50 बिलियन डॉलर** डॉलर के आंकड़े को पार कर गया।

**नोट:** गेहूं का निर्यात वर्ष 2020-21 में 568 मिलियन डॉलर से लगभग चार गुना होकर वर्ष 2021-22 में 2.12 बिलियन डॉलर हो गया है। निर्यात में वृद्धि अधिकतर चावल, समुद्री उत्पादों, चीनी, भैंस के मांस, कच्चे कपास और गेहूं के शिपमेंट में वृद्धि के कारण हुई है।

21. वित्त वर्ष 2023 के लिए RBI द्वारा GDP का पूर्वानुमान **7.2%।**

**नोट:** RBI गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली भारतीय मौद्रिक नीति समिति ने मौद्रिक नीति 2022 जारी की है। समिति ने दर अपरिवर्तित रखी है। RBI ने व्यक्तिगत आवास ऋणों के लिए जोखिम बोझ के परिमेयकरण को 31 मार्च, 2023 तक बढ़ा दिया।

- विदेशी मुद्रा भंडार: 606.5 बिलियन डॉलर
- रिवर्स रेपो दर: 3.35%
- सीमांत स्थायी सुविधा दर: 4.25%
- बैंक दर: 4.25%
- CRR: 4%
- SLR: 18.00%

22. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने ऋण तथा अग्रिम, KYC दिशानिर्देशों का पालन न करने और बचत खातों में न्यूनतम शेष राशि न रखने के लिए एक्सिस बैंक पर **93 लाख रुपये का** मौद्रिक जुर्माना लगाया है।

**नोट:** IDBI बैंक पर विभिन्न नियामक अनुपालन उल्लंघनों के लिए 90 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 46 (4) (i) और धारा 47 A (1) (c) के उपबंधों के तहत जुर्माना लगाया गया है।

23. **केवल अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक** डिजिटल बैंकिंग यूनिट (DBU) खोल सकते हैं।

**नोट:** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के लिए डिजिटल बैंकिंग यूनिट (DBU) स्थापित करने हेतु दिशानिर्देश जारी किए हैं। केंद्रीय बजट 2022-23 में 75 जिलों में 75 DBU की

स्थापना के संबंध में एक घोषणा की गई थी। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक जिनके पास पूर्व में डिजिटल बैंकिंग का अनुभव है, DBU स्थापित कर सकते हैं।

**24.** कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष पी. गोपी कृष्णा द्वारा नई जमा योजना **विकास सिरी संपत-1111** शुरू की गई।

**नोट:** आम जनता के लिए 5.70% और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 6.20% की ब्याज दर के साथ इस योजना की अवधि 1,111 दिनों की है। यह आम जनता के लिए 6.03% और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 6.60% की उच्चतम वार्षिक प्रतिलाभ दर भी प्रदान करती है। योजना के तहत खाताधारक 10,000 रुपये से 2 करोड़ रुपये तक जमा कर सकते हैं।

**25.** **एक्सिस बैंक** ने प्रभावित क्षेत्रों के लिए आपूर्ति श्रृंखला वित्तपोषण प्रदान करने हेतु एशियाई विकास बैंक (ADB) के साथ 150 मिलियन अमेरिकी डॉलर के आंशिक प्रत्याभूति सुविधा समझौते (PGFA) पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** कार्यक्रम में ESG (पर्यावरण, सामाजिक और शासन) पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस समझौते से एक्सिस बैंक को अपने SME समर्थन को बढ़ावा देने, आर्थिक विकास में योगदान देने और लोगों के जीवन को बेहतर बनाने वाले रोजगार सृजित करने में मदद मिलेगी।

**26.** परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों (AMC) में न्यासियों और प्रायोजकों के पात्रता मानदंड, भूमिकाओं और कार्यों की जांच के लिए **भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI)** ने दो अलग-अलग विशेषज्ञ समिति गठित की हैं।

**नोट:** प्रायोजक कार्य: प्रमोटर जो AMC स्थापित करने के लिए निधि प्रदान करता है। न्यासी कार्य: पर्यवेक्षी भूमिका और निवेशक हितों की रक्षा करना। प्रायोजक समूह की अध्यक्षता: आदित्य बिड़ला सन लाइफ AMC के CEO बालासुब्रमण्यम MF न्यासी: मनोज वैश्य, स्वतंत्र न्यासी, मिरे MF

**27.** आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2021-22 में अधिक मांग के कारण भारत में सोने का आयात 33.34 प्रतिशत बढ़कर 46.14 बिलियन रुपये हो गया है।

**नोट:** सोने के आयात में वृद्धि ने व्यापार घाटे को 192.41 बिलियन डॉलर तक बढ़ा दिया है जो 2020-21 में 102.62 बिलियन डॉलर था। वर्ष 2021-22 के दौरान रत्न और आभूषण का निर्यात लगभग 50% बढ़कर लगभग 39 बिलियन डॉलर हो गया।

**28.** भारत सरकार ने **नागालैंड** राज्य के लिए एशियाई विकास बैंक (ADB) के साथ 2 मिलियन अमेरिकी डॉलर के प्रॉजेक्ट रेडीनेस फाइनेंसिंग लोन पर हस्ताक्षर किए हैं।

**नोट:** मुख्य क्षेत्र: जलवायु-लचीली शहरी अवसंरचना तैयार करना; संस्थागत क्षमता को मजबूत बनाना; और 16 जिलों में नगरपालिका संसाधन जुटाने में सुधार करना। नागालैंड के कस्बे और शहर बुनियादी सुविधाओं की कमी, जलवायु परिवर्तन और खराब संपर्क व्यवस्था की दीर्घकालिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

**29.** 8 अप्रैल 2022 को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (PMMY) के सात वर्ष पूरे हुए।

**नोट:** यह योजना 2015 में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा नॉन-कॉर्पोरेट, नॉन-फार्म लघु, या सूक्ष्म उद्यमों को 10 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए शुरू की गई थी। योजना के शुभारंभ के बाद से अब तक 18.60 लाख करोड़ रुपये की राशि के 34 करोड़ 42 लाख से अधिक ऋण मंजूर किए जा चुके हैं। कुल ऋण का 68 प्रतिशत महिला उद्यमियों को स्वीकृत किया गया है।

**30.** विश्व व्यापार संगठन (WTO) ने 2022 में वैश्विक उत्पाद व्यापार मात्रा अपेक्षित वृद्धि घटाकर **3%** कर दिया।

**नोट:** इसका कारण रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध है। WTO ने यह भी अनुमान लगाया है कि व्यापार की मात्रा 2023 में 3.4% तक बढ़ने की उम्मीद है। बाजार विनिमय दरों पर वैश्विक GDP में 2021 में

5.7% की वृद्धि के बाद 2022 में 2.8% की वृद्धि होने की उम्मीद है।

**31.** मार्च 2022 में भारत में खुदरा मुद्रास्फीति दर **6.95%** थी।

**नोट:** फरवरी महीने में भारत में खुदरा मुद्रास्फीति 6.07% थी। मुद्रास्फीति उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) पर आधारित है, जो खाद्य एवं तेल की बढ़ती कीमतों के कारण तेजी से बढ़ी हैं। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं में मुद्रास्फीति मार्च में 7.68% थी जो फरवरी 2022 की 5.85% से अधिक है।

**32. फिनो पेमेंट्स बैंक** ने फिनटेक पेस्प्रिंट प्राइवेट लिमिटेड में 12.19% तक के अल्प रणनीतिक निवेश को मंजूरी दी।

**नोट:** पेस्प्रिंट एक तेजी से विकसित होती वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी है जो बीमा, निवेश, बैंकिंग, भुगतान आदि क्षेत्रों में अगली पीढ़ी के API पेश कर रही है। साझेदारी आने वाले दिनों में डिजिटल बैंकिंग क्षेत्र को बदल देगी।

**33. पंजाब नेशनल बैंक** ने 12 अप्रैल, 2022 को अपना 128वां स्थापना दिवस मनाया।

**नोट:** स्थापना दिवस के अवसर पर, PNB के MD और CEO, अतुल कुमार गोयल ने अपने ग्राहकों के लिए कार्डरहित नकद निकासी सेवा और वर्चुअल डेबिट कार्ड लॉन्च किया। बैंक ने सुरक्षित बैंकिंग लेनदेन के लिए अपने मोबाइल ऐप 'PNB वन' पर विभिन्न सेवाएं भी शुरू कीं। बैंक की स्थापना प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय ने की थी।

**34.** विश्व बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए भारत का GDP पूर्वानुमान **8%** है।

**नोट:** इसका कारण यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के कारण बढ़ती आपूर्ति बाधाएं और बढ़ते मुद्रास्फीति जोखिम हैं। विश्व बैंक ने भी दक्षिण एशिया के विकास आउटलुक का पूर्ण प्रतिशत अंक घटाकर 6.6% (अफगानिस्तान को छोड़कर) कर दिया।

**35.** सरकार ने भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) में **20% तक** प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) का मार्ग खोलने के लिए विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (FEMA) के नियमों में संशोधन किया।

**नोट:** सरकार प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (IPO) के माध्यम से LIC में अपनी हिस्सेदारी को कम करने की भी योजना बना रही है। SEBI ने प्रारूप पत्र को मंजूरी भी दे दी है और बीमाकर्ता बदलाव के साथ एक प्रस्ताव के लिए अनुरोध दाखिल करने की प्रक्रिया में है।

**36.** NICL, OICL, UICL बीमा कंपनियों में सरकार द्वारा **5,000 करोड़ रुपये** राशि निवेश की गई।

**नोट:** NICL में 3,700 करोड़ रुपये, OICL में 1,200 करोड़ रुपये और UICL में 100 करोड़ रुपये। इस अधिकृत पूंजी का उपयोग संबंधित सार्वजनिक क्षेत्र की जनरल इंश्योरेंस कंपनियों की शेयर पूंजी अभिदान करने और अभिदान के बदले केंद्र को शेयर निर्गम में किया जाएगा। राष्ट्र के स्वामित्व वाली तीन जनरल इंश्योरेंस कंपनियां जो 20% बाजार हिस्सेदारी रखती हैं, लाभहीन रही हैं।

**37.** तीव्र डिजिटल भुगतान को सक्षम बनाने के लिए **फोनपे** ऐप ने इंटरनेट एक्सचेंज प्वाइंट, एक्सट्रीम IX के साथ साझेदारी की।

**नोट:** यह साझेदारी फोनपे को भारत में अपने उपयोगकर्ताओं की जगह या ISP के निरपेक्ष लेटेंसी को कम करने में मदद करेगी। फोनपे भारत में इंटरनेट एक्सचेंज में भाग लेने वाला पहला डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म बन गया है।

**38. नेक्सो** क्रिप्टोकरेंसी ऋणदाता ने दुनिया का पहला "क्रिप्टो-समर्थित" पेमेंट कार्ड लॉन्च करने के लिए वैश्विक भुगतान कंपनी मास्टरकार्ड के साथ करार किया।

**नोट:** इलेक्ट्रॉनिक मनी फर्म डिपॉकेट, नेक्सो के कार्ड जारी करती है। 20% या उससे कम का ऋण-मूल्य अनुपात कायम रखने वाले ग्राहकों के लिए ब्याज दर 0% है। क्रिप्टो और मौजूदा वित्तीय नेटवर्क की यह पहल डिजिटल परिसंपत्तियों को मुख्यधारा में लाने को बाध्य करती है। प्रारंभ में, कार्ड चुनिंदा यूरोपीय देशों में उपलब्ध होगा।

39. **भारतीय स्टेट बैंक (SBI)** ने अपनी IFSC गिफ्ट सिटी शाखा के माध्यम से "अत्यंत संतोषजनक मूल्य" पर एक सिंडिकेटेड ऋण सुविधा के माध्यम से 3 वर्ष के लिए 500 मिलियन डॉलर की निधि जुटाई है।
**नोट:** यह SBI द्वारा अपनी गिफ्ट सिटी शाखा के माध्यम से जुटाया गया पहला अपतटीय USD सिक्योर्ड ओवरनाइट फाइनेंसिंग रेट (SOFR) लिंक्ड सिंडिकेटेड ऋण है। MUFG, बैंक ऑफ अमेरिका और जेपी मॉर्गन इसके संयुक्त ऋणदाता थे।

40. विश्व बैंक के अनुसार, वर्ष 2022 के लिए वैश्विक विकास पूर्वानुमान **3.2% है।**
**नोट:** इसका कारण यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का प्रभाव है। पूर्वानुमान कम करने का कारण यह है कि लोगों को कम वाणिज्यिक गतिविधियों और व्यापार का सामना करना पड़ रहा है, और ऋण संकट तथा मुद्रा अवमूल्यन ने गरीबों पर भारी बोझ डाला है। दुनिया भी शिक्षा, स्वास्थ्य तथा लैंगिक समता के विकास में उलटफेर का सामना कर रही है।

41. मार्च 2022 के महीने के लिए भारत में थोक मूल्य सूचकांक (WPI) आधारित मुद्रास्फीति **14.55% थी।**
**नोट:** फरवरी में कच्चे तेल तथा अभोज्य पदार्थों की कीमतें कठोर होने पर WPI मुद्रास्फीति 13.11% थी। WPI खाद्य सूचकांक फरवरी में 8.47% से बढ़कर मार्च में 8.71% हो गया। खाद्य सूचकांक में प्राथमिक समूह के खाद्य वस्तुएं और निर्मित उत्पाद समूह के खाद्य उत्पाद शामिल हैं।

42. NBFC के उच्च स्तर के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा निर्धारित दीर्घ अनावरण उधार सीमा **पूंजी आधार की अधिकतम 20% से अधिक नहीं होनी चाहिए।**
**नोट:** बोर्ड अतिरिक्त 5% की अनुमति दे सकता है। NBFC जो अवसंरचना वित्त में हैं, उनके पास एकल प्रतिपक्ष को टीयर I पूंजी के अतिरिक्त 5% के विकल्प के साथ 25% का अनावरण (exposure) हो सकता है। मानदंड 1 अक्टूबर, 2022 से लागू होंगे।

43. HDFC द्वारा 184 करोड़ रुपये जुटाने के लिए HDFC कैपिटल एडवाइजर्स में **10%** हिस्सेदारी अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (ADIA) के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी को बेची जाएगी
**नोट:** HDFC कैपिटल द्वारा प्रबंधित वैकल्पिक निवेश कोष में ADIA एक महत्वपूर्ण निवेशक है। HDFC कैपिटल की स्थापना 2016 में HDFC कैपिटल अफोर्डेबल रियल एस्टेट फंड 1, 2 और 3 के लिए निवेश प्रबंधक के रूप में की गई थी।

44. सेबी द्वारा नियामक की प्रौद्योगिकी क्षमता को बढ़ाने और बाजार की विसंगतियों की शीघ्र पहचान के लिए उपयुक्त तकनीकी समाधान तलाशने पर गठित सलाहकार समिति के अध्यक्ष **सुनील बाजपेयी है।**
**नोट:** सात सदस्यीय समिति का गठन दिसंबर 2021 में किया गया था और इसकी अध्यक्ष पहले माधबी पुरी बुच थीं।

45. मार्च 2022 तक अटल पेंशन योजना (APY) योजना के अंतर्गत कुल नामांकन (ग्राहक) **4.01 करोड़ से अधिक** है।
**नोट:** लगभग 71% नामांकन PSB द्वारा, 19% RRB द्वारा, 6% निजी क्षेत्र के बैंकों द्वारा, और 3% पेमेंट एवं स्मॉल फाइनेंस बैंकों द्वारा किए गए हैं। भारतीय स्टेट बैंक, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, BoB और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया जैसे बैंकों ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की श्रेणी में अपने वार्षिक लक्ष्य हासिल किए।

46. **इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (IPPB)** ने फिनटेक स्टार्टअप समूह के साथ मिलकर फिन्क्लुवेशन नामक एक संयुक्त पहल शुरू की है।
**नोट:** वित्तीय समावेशन हेतु समाधानों का सह-सृजन एवं नवोन्मेषण करना। स्टार्ट-अप ग्राहकों के लिए समाधान और अनुकूल उत्पाद एवं सेवाएं विकसित करेंगे।

47. चिराते-जिनोव इंडिया SaaS रिपोर्ट 'इंडिया SaaS - पंचिंग थ्रू द ग्लोबल पेकिंग ऑर्डर' के 2022 संस्करण के अनुसार, इंडियन SaaS (सॉफ्टवेयर ऐज़ ए सर्विस) उद्योग वर्ष **2026** तक 100 बिलियन डॉलर के राजस्व तक पहुंचेगा।

**नोट:** भारत में उद्योग "एक अविश्वसनीय दौड़ के साथ 'विकास की पराकाष्ठा' के पल को देख रहा है, जिसने वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति को मजबूती से स्थापित किया है। इंडियन SaaS ने 2021 में लगभग 55 प्रतिशत CAGR की भारी वृद्धि देखी।

**48.** NPCI इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड द्वारा **UAE** में BHIM UPI को NEOPAY टर्मिनलों पर शुरू किया गया है।

**नोट:** यह पहल UAE की यात्रा करने वाले लाखों भारतीयों को सशक्त बनाएगी और वे NEOPAY-सक्षम दुकानों और मर्चेंट स्टोर में BHIM UPI का उपयोग करके सुरक्षित और आसान भुगतान कर सकते हैं। NEOPAY, मशरेक बैंक की भुगतान सहायक कंपनी है।

**49.** भारतीय रिजर्व बैंक ने क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड कंपनी के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए हैं, ये दिशानिर्देश **1 जुलाई, 2022** से लागू होंगे।

**नोट:** भारतीय रिजर्व बैंक ने कार्ड कंपनियों से कहा कि वे ग्राहक की सुस्पष्ट सहमति के बिना अयाचित क्रेडिट कार्ड जारी न करें और न ही मौजूदा कार्डों को अपग्रेड करें। ऐसा न करने पर वे अर्थदंड के रूप में बिल की राशि का दोगुना भुगतान करने के उत्तरदायी होंगे।

**50. NBFC और प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों (UCB)** के लिए, RBI ने लीगल इंटिटी आइडेंटिफायर (LEI) पर दिशानिर्देशों को बड़े उधारकर्ताओं तक विस्तारित किया है।

**नोट:** RBI ने आगे सलाह दी कि बैंकों और वित्तीय संस्थानों (FI) से 5 करोड़ रुपये और उससे अधिक के कुल पहुंच का प्राप्त करने वाले अव्यक्तिगत उधारकर्ताओं को दिए गए समय के अनुसार LEI कोड प्राप्त करना होगा। लीगल इंटिटी आइडेंटिफायर एक 20-अंकीय संख्या है जिसका उपयोग विश्व स्तर पर वित्तीय लेनदेन हेतु पक्षकारों की विशिष्ट रूप से पहचान करने के लिए किया जाता है।

**51.** बाजार डेटा सलाहकार समिति के प्रमुख **एम.एस. साहू** है जो प्रतिभूति बाजार डेटा पहुंच तथा गोपनीयता जैसे क्षेत्रों से संबंधित नीतिगत उपायों की सिफारिश करती है।

**नोट:** समिति में अब 21 सदस्य होंगे। समिति में नितिन कामथ; रंजीत पवार; श्रीकांत नडेला; सुहास तुलजापुरकर को भी शामिल किया गया है।

**52. धनलक्ष्मी बैंक** बैंक ने कर संग्रह के लिए केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (CBIC) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

**नोट:** विभिन्न करों के संग्रहण के लिए महालेखा नियंत्रक की सिफारिश के आधार पर बैंक को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा अधिकृत किया गया है। यह MoU ग्राहकों को बैंक के शाखा नेटवर्क और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपने प्रत्यक्ष कर और GST भुगतान और अन्य अप्रत्यक्ष करों का भुगतान करने में मदद करेगा।

**53. एयरटेल पेमेंट्स बैंक** ने अपने ग्राहकों को सावधि जमा (FD) की सुविधा प्रदान करने के लिए इंडसइंड बैंक के साथ साझेदारी की है।

**नोट:** ग्राहक एयरटेल थैंक्स ऐप पर 500 रुपये से लेकर 190,000 रुपये तक की FD खोल सकता है। इस साझेदारी से एयरटेल पेमेंट्स बैंक बचत खाता ग्राहकों को 6.5% प्रति वर्ष तक की ब्याज दर मिलेगी। और वरिष्ठ नागरिकों को सभी सावधि जमा पर अतिरिक्त 0.5% ब्याज प्राप्त होगा।

**54. टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS)** ने डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए SBI कार्ड्स के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी का विस्तार किया है।

**नोट:** TCS ने SBI कार्ड्स को अपने कोर कार्ड सोर्सिंग प्लेटफॉर्म को बदलने में मदद की और प्रक्रिया के एक महत्वपूर्ण भाग का डिजिटलीकरण किया। TCS तीव्र प्रतिवर्तन और निर्बाध अनुभव को सक्षम बनाने के लिए ऑनलाइन ऑनबोर्डिंग प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण करेगा और उन्हें रूपांतरित करेगा।

**55. फिनमैप** कंपनी ने अपने प्लेटफॉर्म पर बेहतर ग्राहक अनुभव के लिए एक नया आइकन जोड़कर सावधि

जमा सुविधा शुरू करने हेतु बजाज फाइनेंस के साथ साझेदारी की है।

**नोट:** फिनटेक फर्म ऐप उपयोगकर्ताओं के सावधि जमा पर 7.35% की ब्याज दर प्रदान कर रही है। फिनमैप 15, 18, 22, 30, 33, और 44 महीने या क्रमशः एक, तीन तथा पांच वर्ष के चयन के लिए कई अवधि प्रदान करती है।

**56.** ACI वर्ल्डवाइड रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में वास्तविक समय के लेनदेन में भारत देश शीर्ष पर है।

**नोट:** भारत में 2021 में लेन-देन 48.6 बिलियन हो गया है। भारत की लेन-देन मात्रा जर्मनी, अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और फ्रांस की संयुक्त मात्रा से सात गुना अधिक है। शीर्ष पांच देश: भारत (48.6 बिलियन); चीन (18.5 बिलियन); थाईलैंड (9.7 बिलियन); ब्राजील (8.7 बिलियन); दक्षिण कोरिया (7.4 बिलियन)

**57.** कॉन्टेक्टलेस कीचेन **पेंसिलकी** जिसे पेंसिलटन (किशोरों पर केंद्रित फिनटेक) द्वारा लॉन्च किया गया है।

**नोट:** यह भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) और ट्रांसकॉर्प के साथ साझेदारी में लॉन्च की गई। उपयोगकर्ता इस पर पैसे लोड कर सकते हैं, खर्चों की जांच कर सकते हैं, खाते को ब्लॉक/अनब्लॉक कर सकते हैं, पेंसिलटन ऐप के माध्यम से अपने कार्ड की सीमा निर्धारित कर सकते हैं, और अपने पेंसिलकी और पेंसिलकार्ड को क्रमशः 150 रुपये तथा 100 रुपये में खरीद सकते हैं।

**58.** बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा अपने बॉब वर्ल्ड मोबाइल बैंकिंग प्लेटफॉर्म पर वरिष्ठ जनों और बुजुर्गों के लिए शुरू की गई नई सुविधा का नाम **बॉब वर्ल्ड गोल्ड** है।

**नोट:** यह एक अनूठा डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म है जिसे वरिष्ठ ग्राहकों को सरल, सहज और सुरक्षित मोबाइल बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए बनाया गया है। इस प्लेटफॉर्म में आसान संचालन, बड़े फोंट, पर्याप्त स्पेसिंग और स्पष्ट मेनू हैं।

**59.** **मिशन कर्मयोग** के लिए, विश्व बैंक ने भारत सरकार को 47 मिलियन अमेरिकी डॉलर की वित्तीय सहायता मंजूर की है।

**नोट:** इंटरनेशनल बैंक फॉर रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट (IBRD) की ओर से प्रदान किए गए 47 मिलियन डॉलर के ऋण की अंतिम परिपक्वता अवधि 11 वर्ष है, जिसमें 4.5 वर्ष की रियायत अवधि भी शामिल है। मिशन कर्मयोगी 2 सितंबर 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लॉन्च किया गया था।

**60.** **इंडिया** पोस्ट पेमेंट्स बैंक (IPPB) के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित अतिरिक्त वित्त पोषण **820 करोड़ रुपये** है।

**नोट:** इस अनुदान से, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (IPPB) की स्थापना के लिए परियोजना खर्च को 1435 करोड़ रुपये से संशोधित करके 2255 करोड़ रुपये कर दिया गया है। मंत्रिमंडल ने नियामक आवश्यकताओं और तकनीकी उन्नतिकरण को पूरा करने के लिए 500 करोड़ रुपये के भाविष्य के वित्तपोषण को सैद्धांतिक मंजूरी भी दी है।

**61.** सरकार 7% वार्षिक ब्याज दर पर किसानों को 3 लाख रुपये तक के अल्पकालिक फसल ऋण के लिए बैंकों को प्रतिवर्ष 2 प्रतिशत की ब्याज सहायता प्रदान करती है।

**नोट:** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) के माध्यम से अल्पकालिक फसल ऋण योजना के तहत किसानों को प्रदान की जाने वाली ब्याज सहायता की राशि पर दावा करने हेतु बैंकों के लिए मानदंडों में संशोधन किया है। वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए लंबित दावे 30 जून, 2023 तक सांविधिक लेखापरीक्षक के प्रमाणीकरण द्वारा जमा किए जा सकते हैं।

**62.** **ICICI बैंक** ने देश में सभी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) के लिए भारत का पहला व्यापक डिजिटल इकोसिस्टम लॉन्च किया है, जिसका उपयोग अन्य बैंकों के ग्राहकों भी कर सकते हैं।

**नोट:** कोई भी व्यक्ति इंस्टाबिज एप पर डिजिटल समाधानों के लाभों का उपयोग कर सकता है। अन्य बैंकों के MSME ग्राहक ऐप में 'गेस्ट' के रूप में लॉग इन करके अनेक सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। यह 'इंस्टाओडी प्लस' के माध्यम से 25 लाख रुपये तक

की तत्काल और कागज रहित ओवरड्राफ्ट सुविधा को मंजूरी प्रदान करता है।

## श्रद्धांजलियां

1. 'अनटाइटल्ड सब्जेक्ट्स' के लिए 1970 में पुलित्जर पुरस्कार जीतने वाले अमेरिकी कवि, **रिचर्ड हॉवर्ड** का निधन हो गया।
   **नोट:** रिचर्ड जोसेफ हॉवर्ड वर्ष 2008 में "विदाउट सेइंग" के लिए नेशनल बुक अवार्ड फाइनलिस्ट रहे थे। चार्ल्स बौडेलेयर के "लेस फ्लेर्स डू माल" के उनके अनुवाद ने 1983 में नेशनल बुक अवॉर्ड जीता।
2. हाल ही में, शिव कुमार सुब्रमण्यम का निधन हो गया है, वे एक **अभिनेता-पटकथा लेखक थे।**
   **नोट:** उन्हें धारावाहिक मुक्ति बंधन और मीनाक्षी सुंदरेश्वर में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता था। उन्होंने विधु विनोद चोपड़ा द्वारा निर्देशित 1989 की फिल्म परिंदा के लिए एक पटकथा लिखकर अपने करियर की शुरुआत की।
3. ईगल हैज लैंडेड पुस्तक के लेखक **जैक हिगिंस** का हाल ही में निधन हो गया।
   **नोट:** द ईगल हैज़ लैंडेड उनकी सबसे अधिक बिकने वाली पुस्तक थी। वह 92 वर्ष के थे।
4. मंजू सिंह जिनका निधन हो गया है, वह एक **टेलीविजन अभिनेत्री** थी ।
   **नोट:** वह भारतीय टेलीविजन उद्योग में एक अग्रदूत थीं और उन्हें दीदी के नाम से जाना जाता था। वह 7 वर्ष तक बाल कार्यक्रम खेल खिलौने की एंकर रहीं।
5. प्रफुल्ल कार जिनका निधन हो गया है, वह एक **ओडिया गायक और संगीत निर्देशक थे।**
   **नोट:** प्रख्यात संगीतकार, गायक, गीतकार, लेखक और समीक्षक का जन्म 16 फरवरी 1939 को पुरी में हुआ था। उन्हें पद्म श्री पुरस्कार (2015), जयदेव पुरस्कार (2004) प्राप्त हुए।
6. विश्व दीनदयालन की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई, वह **टेबल टेनिस के खिलाड़ी** थे।
   **नोट:** वह हाल ही में शुरू होने जा रही 83वीं सीनियर राष्ट्रीय और अंतर्राज्यीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप के लिए टीम के तीन साथियों के साथ यात्रा कर रहे थे। हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया और उनके परिवार को 5 लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की।
7. के. शंकरनारायणन का निधन हो गया, वह **राजनीति** के क्षेत्र से सम्बंधित थे।
   **नोट:** उन्होंने अपने करियर के दौरान महाराष्ट्र, नागालैंड और झारखंड के राज्यपाल के रूप में कार्य किया। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश, असम और गोवा के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला।
8. मवाई किबाकी का निधन हो गया, वह **केन्या के पूर्व राष्ट्रपति थे।**
   **नोट:** उन्होंने 2002 से 2013 तक देश का नेतृत्व किया। उनके शासन में, 2007 के विवादित चुनावों के बाद रक्त रंजित जातीय संघर्ष में 1,100 से अधिक लोग मारे गए, लेकिन ऐसी अशांति को रोकने हेतु उन्होंने सुधारों के साथ नया संविधान अपनाया। उनका शासन अनियंत्रित भ्रष्टाचार और परियोजनाओं पर भारी खर्च जिसने देश के कर्ज को बढ़ा दिया, के चलते खत्म हो गया।
9. पद्म श्री पुरस्कार विजेता बीनापाणी मोहंती का निधन हो गया, वह **ओडिशा** की प्रसिद्ध लेखिका थीं।
   **नोट:** उनकी अनेक लघु कथाओं का विभिन्न भाषाओं (हिंदी, अंग्रेजी, कन्नड़, मराठी) में अनुवाद किया गया। उनके लघु कथा संग्रह 'पटा देई' ने साहित्य अकादमी पुरस्कार जीता है। उन्हें ओडिशा सरकार ने सरला सम्मान भी प्रदान किया।
10. जेम्स ड्रिंगवेल रिंबाई का निधन हो गया, वह **मेघालय के** पूर्व मुख्यमंत्री थे।
    **नोट:** उन्होंने 1982 में चुनावी राजनीति में कदम रखा और जिरांग निर्वाचन क्षेत्र से विधान सभा का

चुनाव लड़कर जीत हासिल की। वह 1993 में मेघालय विधानसभा के अध्यक्ष चुने गए और 2006 में मार्च 2007 तक के लिए मुख्यमंत्री बने।

11. ममन्नामना विजयन का निधन हो गया, वह **जीवविज्ञान (संरचनात्मक जीवविज्ञानी)** क्षेत्र से संबंधित थे।
**नोट:** वह 2008 से 2010 तक भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (INSA) के पूर्व अध्यक्ष रहे। उन्हें एस.एस. भटनागर पुरस्कार, रैनबैक्सी पुरस्कार, ओ.पी. भसीन पुरस्कार, और इंडियन साइंस कांग्रेस एसोसिएशन द्वारा पहले जी.एन. रामचंद्रन पदक से सम्मानित किया गया और उन्हें 2004 में पद्म श्री से भी सम्मानित किया गया।

12. एलवेरा ब्रिट्टो का निधन हो गया, वह **हॉकी (भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान)** के खेल से संबंधित थीं।
**नोट:** एलवेरा के कप्तान रहते हुए कर्नाटक की घरेलू टीम ने सात राष्ट्रीय खिताब जीते। उन्होंने 1960 से 1967 तक घरेलू सर्किट पर राज किया। वह ऐनी लम्सडेन के बाद अर्जुन पुरस्कार (1965) से सम्मानित होने वाली दूसरी महिला हॉकी खिलाड़ी हैं।

## महत्वपूर्ण दिवस

1. ओडिशा के स्थापना दिवस के रूप में उत्कल दिवस **1 अप्रैल** को मनाया जाता है।
**नोट:** 113वें संशोधन अधिनियम के बाद, उड़ीसा का नाम बदलकर ओडिशा कर दिया गया। ओडिशा की आधिकारिक भाषा, उड़िया भी भारत के संविधान की 8वीं अनुसूची में सूचीबद्ध है।
2. अंतर्राष्ट्रीय बाल पुस्तक दिवस हर वर्ष **2 अप्रैल** को आयोजित किया जाता है।
**नोट:** कनाडा अंतर्राष्ट्रीय बाल पुस्तक दिवस 2022 की मेजबानी कर रहा है। इसका विषय **'Stories are wings that help you soar every Day'**
3. UNGA ने सर्वसम्मति से 2 अप्रैल को **विश्व आत्मकेंद्रित जागरूकता दिवस** घोषित किया।
**नोट:** इस वर्ष 15वां वार्षिक विश्व आत्मकेंद्रित जागरूकता दिवस है। 2022 का विषय **'Inclusion in the Workplace'**
4. खदान जागरूकता एवं खदान कार्यवाही में सहायता का अंतर्राष्ट्रीय दिवस 4 अप्रैल को मनाया जाता है।
**नोट:** विषय 2022: Safe Ground, Safe Steps, Safe Home. 8 दिसंबर, 2005 को, संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने प्रत्येक वर्ष 4 अप्रैल को खदान जागरूकता और खदान कार्यवाही में सहायता का अंतर्राष्ट्रीय दिवस निर्धारित करने का प्रस्ताव पारित किया।
5. 59वां राष्ट्रीय समुद्री दिवस **5 अप्रैल** को मनाया जाता है।
**नोट:** विषय Sustainable Shipping beyond Covid-19। राष्ट्रीय समुद्री दिवस पहली बार 5 अप्रैल, 1964 को मनाया गया था। 5 अप्रैल, 1919 को एसएस लॉयल्टी नामक एक जहाज मुंबई से लंदन के लिए रवाना हुआ था।
6. इंटरनेशनल डे ऑफ स्पोर्ट फॉर डेवलपमेंट एंड पीस (IDSDP) प्रतिवर्ष **6 अप्रैल** को मनाया जाता है।
**नोट:** वर्ष 2022 का विषय: Securing a Sustainable and Peaceful Future for All: The Contribution of Sport.
उद्देश्य: दुनिया भर के समुदायों में खेल एवं शारीरिक गतिविधि की सकारात्मक भूमिका को पहचानना।
7. विश्व स्वास्थ्य दिवस **7 अप्रैल** को मनाया जाता है।
**नोट:** यह विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की वर्षगांठ है, जिसकी स्थापना 7 अप्रैल, 1948 को हुई थी। विषय 2022: Our Planet, Our Health
8. रवांडा में तुत्सी के खिलाफ 1994 के नरसंहार पर अंतर्राष्ट्रीय चिंतन दिवस **7 अप्रैल** को मनाया जाता है।
**नोट:** वर्ष 2022 मानव इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक, रवांडा में तुत्सी के खिलाफ

नरसंहार की 28वीं वर्षगांठ है। 7 अप्रैल को तुत्सी समुदाय के सदस्यों के खिलाफ नरसंहार शुरू हुआ था।

9. संयुक्त राष्ट्र महासभा ने हर वर्ष **5 अप्रैल** को अंतर्राष्ट्रीय अंत:करण दिवस निर्दिष्ट किया है।
**नोट:** वर्ष 2022 दिवस का तीसरा संस्करण है। यह दिवस लोगों को आत्म-चिंतन करने, अपने अंत:करण का अनुसरण करने और सही काम करने की याद दिलाने का कार्य करता है।

10. केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) शौर्य दिवस **9 अप्रैल** को मनाया जाता है।
**नोट:** इस दिवस को "CRPF शौर्य दिवस" के रूप में भी जाना जाता है। 9 अप्रैल, 1965 को कच्छ के रण में CRPF की एक छोटी टुकड़ी ने पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई लड़ी और 34 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया। इस युद्ध के दौरान CRPF के छह जवान शहीद हो गए।

11. विश्व होम्योपैथी दिवस **10 अप्रैल** मनाया जाता है।
**नोट:** आयुष मंत्रालय ने 9 और 10 अप्रैल 2022 को भारत रत्न सी. सुब्रमण्यम सभागार, नई दिल्ली में विश्व होम्योपैथी दिवस पर दो दिवसीय वैज्ञानिक सम्मेलन का आयोजन किया। विषय 2022: People's Choice For Wellness. यह दिवस डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनिमैन की 267वीं जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

12. विश्व पार्किंसन दिवस **11 अप्रैल** को मनाया जाता है।
**नोट:** इसका उद्देश्य पार्किंसन रोग, जिसे तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करने वाले एक संचलन विकार के रूप में जाना जाता है, के बारे में जागरूकता फैलाना है। विश्व पार्किंसन दिवस 2022 का विषय "integrated health care" है। यह दिवस डॉ. जेम्स पार्किंसन की जयंती के रूप में भी मनाया जाता है, जिन्होंने पहली बार 1817 में अपने लेख - एन एसेज ऑन द शेकिंग पाल्सी में इस बीमारी के लक्षणों का वर्णन किया था।

13. अंतर्राष्ट्रीय मानव अंतरिक्ष उड़ान दिवस **12 अप्रैल** को मनाया जाता है।
**नोट:** 12 अप्रैल 1961 को सोवियत नागरिक यूरी गगारिन पहली मानव अंतरिक्ष उड़ान पर गए थे। 7 अप्रैल 2011 को, संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने पहली मानव अंतरिक्ष उड़ान की 50वीं वर्षगांठ के सम्मान में 12 अप्रैल को अंतर्राष्ट्रीय मानव अंतरिक्ष उड़ान दिवस के रूप में घोषित किया। उन्हें 'अंतरिक्ष में पहले आदमी' के रूप में भी जाना जाता है।

14. भारतीय थलसेना द्वारा 13 अप्रैल 2022 को सियाचिन दिवस का **38वां संस्करण** मनाया गया।
**नोट:** यह दिवस "ऑपरेशन मेघदूत" के अंतर्गत भारतीय थलसेना की वीरता के सम्मान में मनाया जाता है। 13 अप्रैल 1984 को, लेफ्टिनेंट-जनरल प्रेम नाथ हून के नेतृत्व में ऑपरेशन मेघदूत शुरू किया गया था।

15. अंतर्राष्ट्रीय पगड़ी दिवस **13 अप्रैल** को मनाया जाता है।
**नोट:** अंतर्राष्ट्रीय पगड़ी दिवस वर्ष 2004 से हर वर्ष 13 अप्रैल को मनाया जाता है ताकि सिखों को अपने धर्म के अनिवार्य हिस्से के रूप में पगड़ी पहनने की आवश्यकता के बारे में जागरूक किया जा सके। 2022 पगड़ी दिवस गुरु नानक देव की 553वीं जयंती और बैसाखी का पर्व का प्रतीक है।

16. विश्व कला दिवस **15 अप्रैल** को मनाया जाता है।
**नोट:** कला जो दुनिया भर के लोगों के लिए रचनात्मकता, नवाचार और सांस्कृतिक विविधता को विकसित करती है, के महत्व पर जोर देने के लिए यह दिवस मनाया जा रहा है। यूनेस्को के साथ आधिकारिक साझेदारी में कार्यरत एक गैर सरकारी संगठन, इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ आर्ट (IAA) द्वारा इस दिवस की घोषणा की गई थी।

17. विश्व आवाज दिवस (WVD) हर वर्ष **16 अप्रैल** को मनाया जाता है।
**नोट:** इसका उद्देश्य सभी व्यक्तियों के दैनिक जीवन में आवाज के महत्व को दर्शाना है। विश्व आवाज दिवस 2022 का विषय: Lift Your Voice; ब्राजील में वॉइस केयर विशेषज्ञ समूह ने विश्व आवाज दिवस की शुरुआत की थी।

18. हाथी बचाओ दिवस हर वर्ष **16 अप्रैल** को मनाया जाता है।
**नोट:** हाथियों के सामने आने वाले खतरों और जीवन जीने में आने वाली विभिन्न कठिनाइयों के बारे में

जागरूकता बढ़ाना। यह थाईलैंड स्थित एलीफेंट रीइंट्रोडक्शन फाउंडेशन द्वारा स्थापित किया गया था।

19. विश्व हीमोफिलिया दिवस हर वर्ष **17 अप्रैल** को मनाया जाता है।

**नोट:** रक्तस्रावी विकार के बारे में जागरूकता बढ़ाना और नीति निर्माताओं का इस पर ध्यान आकर्षित करना। विषय 2022: Access for All: Partnership. Policy. Progress; वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ हीमोफिलिया के संस्थापक फ्रैंक श्नाबेल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 अप्रैल को चुना गया था।

20. स्मारकों और स्थलों के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस **18 अप्रैल** को मनाया गया।

**नोट:** उद्देश्य: संस्कृति एवं धरोहर को बढ़ावा देना। ICOMOS ने 1982 में 18 अप्रैल को स्मारकों एवं स्थलों के अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में प्रस्तावित किया। विश्व धरोहर दिवस 2022 का विषय: Heritage and Climate. 0 भारतीय स्थलों को यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल के रूप में निर्दिष्ट किया गया है।

21. विश्व लीवर दिवस प्रतिवर्ष **19 अप्रैल** को मनाया जाता है।

**नोट:** यह दिवस लीवर से संबंधित विकारों और बीमारियों के बारे में जागरूकता के लिए मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर 10वां व्यक्ति लीवर की बीमारी के कारण मर रहा है। लीवर रक्त शर्करा को नियंत्रित करता है, रक्त के थक्के जमने में मदद करता है, शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालता है और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करता है।

22. संयुक्त राष्ट्र चीनी भाषा दिवस विश्व स्तर पर **20 अप्रैल** को मनाया जाता है।

**नोट:** इस दिन को कांग्जी (एक पौराणिक व्यक्ति) को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए चुना गया है, जिनके बारे में माना जाता है कि उन्होंने लगभग 5,000 वर्ष पहले चीनी अक्षरों का आविष्कार किया था। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र के जन सूचना विभाग द्वारा 2010 में शुरू किया गया था।

23. राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस **21 अप्रैल** को मनाया जाता है।

**नोट:** प्रशासनिक तंत्र के सुचारु रूप से कार्य करने की सुनिश्चितता हेतु विभिन्न विभागों में बिना थके और लगातार काम कर रहे सिविल सेवकों के प्रयासों का सम्मान करना। पहला राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस 2006 में मनाया गया था। सिविल सेवकों को लोक प्रशासन में प्रधान मंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार भी प्रदान किया जाता है। भारतीय सिविल सेवा के जनक: लॉर्ड कार्नवालिस

24. विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस **21 अप्रैल** को मनाया जाता है।

**नोट:** विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस 2022 का विषय: Collaboration; कनाडा की मार्सि सेगल ने 25 मई 2001 को टोरंटो, कनाडा में विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस की स्थापना की।

25. विश्व पृथ्वी दिवस हर वर्ष **22 अप्रैल** को मनाया जाता है।

**नोट:** तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहे पर्यावरण की रक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना। पृथ्वी दिवस 2022 का विषय: 'Invest in our planet'.

26. विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस **23 अप्रैल** को मनाया जाता है।

**नोट:** यह दिवस दुनिया भर के सौ से अधिक देशों में मनाया जाता है। 23 अप्रैल को ही महान लेखक- इंका गार्सिलासो डे ला वेगा और विलियम शेक्सपियर का निधन हुआ। 2022 का विषय 'Read...So you never feel alone'

27. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा विश्व स्तर पर विश्व मलेरिया दिवस **25 अप्रैल** को मनाया जाता है।

**नोट:** विषय 2022: Harness innovation to reduce the malaria disease burden and save lives, डॉ. अल्फोंस लावेरन ने मलेरिया परजीवी की खोज की।

28. **तमिलनाडु** राज्य सरकार ने घोषणा की है कि हर वर्ष 18 दिसंबर को राज्य स्तर पर अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

**नोट:** राज्य सरकार योजनाओं तथा कल्याणकारी उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन के माध्यम से अल्पसंख्यकों के उत्थान और आर्थिक उन्नति को बढ़ावा देती है। ग्रामीण क्षेत्रों में अल्पसंख्यक छात्राओं को अपनी पढ़ाई के लिए कक्षा 3 से 5 तक की छात्राओं को 500 रुपये और कक्षा 6 के बच्चों को 1,000 रुपये की शिक्षा सहायता प्रदान की जाएगी।

29. विश्व बौद्धिक संपदा दिवस हर वर्ष **26 अप्रैल** को मनाया जाता है।

**नोट:** पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क और डिजाइन हमारे दैनिक जीवन को कैसे प्रभावित करते हैं, इसके बारे में जागरूकता बढ़ाना। विश्व बौद्धिक संपदा दिवस 2022 का विषय 'बौद्धिक संपदा (IP) और बेहतर भविष्य के लिए नवप्रवर्तन करते युवा' पर केंद्रित है।

30. कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य का विश्व दिवस **28 अप्रैल को मनाया जाता है।**

**नोट:** लक्ष्य- विश्व स्तर पर व्यावसायिक दुर्घटनाओं और बीमारियों की रोकथाम को बढ़ावा देना। 2022 का विषय- Act together to build a positive safety and health culture

## नई नियुक्तियां

1. इंफीबीम एवेन्यूज के कार्यकारी निदेशक विश्वास पटेल को पुन: **भारतीय भुगतान परिषद (PCI)** का अध्यक्ष चुना गया।

**नोट:** भारतीय भुगतान परिषद भारत की भुगतान तथा निपटान प्रणाली में डिजिटल ऑपरेटरों के लिए शीर्ष संस्था है जो इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (IAMAI) के तहत कार्य करती है। PCI की स्थापना 2013 में डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। भारतीय भुगतान परिषद मुंबई में स्थित है।

2. अस्पताल एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (NABH) का नया अध्यक्ष **महेश वर्मा** को नियुक्त किया गया।

**नोट:** यह गुणवत्तापूर्ण एवं प्रमाणित अस्पतालों और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों के लिए मानक स्थापित करने हेतु उत्तरदायी है। NABH एशियन सोसाइटी फॉर क्वालिटी इन हेल्थकेयर (ASQua) के बोर्ड का भी सदस्य है।

3. अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU) की स्थायी प्रशासन एवं प्रबंधन समिति की उपाध्यक्ष **अपराजिता शर्मा** को नियुक्त किया गया।

**नोट:** वह वर्ष 2023 और 2024 के लिए उपाध्यक्ष का पद संभालेंगी। उन्हें वर्ष 2025 और 2026 के लिए अध्यक्ष भी चुना गया है।

4. **डॉ. एस. राजू** ने 1 अप्रैल, 2022 से कोलकाता स्थित भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के महानिदेशक का कार्यभार संभाला।

**नोट:** इससे पहले, वह GSI मुख्यालय में एक अतिरिक्त महानिदेशक और मिशन- III एवं IV के राष्ट्रीय प्रमुख थे। उन्होंने 31 मार्च, 2022 को सेवानिवृत्त हुए आर.एस. गरखल की जगह ली।

5. **एंथनी हेरेडिया** महिंद्रा मैन्युलाइफ म्यूचुअल फंड के MD और CEO का पदभार संभाला।

**नोट:** यह महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज और मैन्युलाइफ इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट (सिंगापुर) प्राइवेट लिमिटेड का एक संयुक्त उद्यम है, जिसे महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने आशुतोष बिश्नोई की जगह ली, जो 31 मार्च 2022 को सेवानिवृत्त हुए। 2020 में, मैन्युलाइफ ने महिंद्रा एसेट में 49% हिस्सेदारी हासिल की है।

6. 1 अप्रैल, 2022 से पांच वर्ष के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन का नया प्रबंध निदेशक **विकास कुमार को** नामित किया गया।

**नोट:** उन्होंने मंगू सिंह की जगह ली, जिनका कार्यकाल 31 मार्च, 2022 को समाप्त हो गया। वे DMRC में निदेशक (संचालन) के पद पर थे और उन्हें रेल आधारित शहरी परिवहन परियोजनाओं में तीन दशकों से अधिक का अनुभव है।

7. हंगरी के प्रधान मंत्री का चुनाव **विक्टर ओर्बन** ने जीता।

**नोट:** वह फ़ाइड्ज़ पार्टी के सदस्य हैं। वह 2010 से प्रधान मंत्री के रूप में सेवारत हैं, और प्रधान मंत्री के रूप में यह उनका लगातार चौथा कार्यकाल होगा।

8. नए विदेश सचिव के रूप में कैबिनेट की नियुक्ति समिति (ACC) ने **विनय मोहन क्वात्रा** की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

**नोट:** वह हर्षवर्धन श्रृंगला की जगह लेंगे, जो 30 अप्रैल, 2022 को सेवानिवृत्त होंगे। क्वात्रा ने फ्रांस में भारतीय राजदूत, PMO के संयुक्त सचिव के पद पर कार्य किया है, और वर्तमान में नेपाल में भारत के राजदूत हैं।

9. संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस द्वारा राज्येतर इकाईयों की शुद्ध-शून्य उत्सर्जन संकल्प के विशेषज्ञ समूह में **अरुणाभा घोष** को नामित किया गया।

**नोट:** कनाडा की पूर्व पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री कैथरीन मैककेना की अध्यक्षता में 16 सदस्यीय समूह। उद्देश्य: राज्येतर इकाईयों द्वारा शुद्ध-शून्य उत्सर्जन संकल्पों के लिए सशक्त एवं स्पष्ट मानक।

10. जलवायु परिवर्तन एवं मानवाधिकारों पर तीन वर्ष के लिए दुनिया का प्रथम विशेषज्ञ **डॉ. इयान फ्राई** को नियुक्त किया गया।

**नोट:** उन्हें ऑस्ट्रेलिया और तुवालू दोनों की नागरिकता प्राप्त है। UNHRC ने अक्टूबर 2021 में जलवायु परिवर्तन एवं मानवाधिकार के लिए नया विशेष प्रतिवेदक बनाया है।

11. दूसरे कार्यकाल के लिए सर्बिया का राष्ट्रपति **अलेक्जेंडर वूसिक** को पुन: निर्वाचित किया गया।

**नोट:** उन्होंने उप प्रधान मंत्री (2012-14), प्रधान मंत्री (2014-16, 2016-17) और फिर राष्ट्रपति (2017 - अब तक) के पद पर कार्य किया है। वे सर्बियन प्रोग्रेसिव पार्टी के अध्यक्ष हैं।

12. **मुरली एम. नटराजन** को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा 29 अप्रैल, 2022 से 28 अप्रैल, 2024 तक दो वर्षों के लिए DCB बैंक का प्रबंध निदेशक और CEO पुनर्नियुक्त किया गया।

**नोट:** उन्हें मई 2009 में DCB बैंक का MD और CEO नियुक्त किया गया था। RBI ने बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों का कार्यकाल 15 वर्ष निर्धारित किया है। वर्ष 2024 में, नटराजन बैंक के MD और CEO के रूप में अपने 15 वर्ष पूरे करेंगे।

13. अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में पहली अश्वेत महिला **केतानजी ब्राउन जैक्सन** को नियुक्त किया गया।

**नोट:** थुर्गुड मार्शल और क्लेरेंस थॉमस के बाद जैक्सन तीसरी अश्वेत और छठी महिला न्यायाधीश हैं। न्यायाधीन बैरेट के बाद वह न्यायालय की दूसरी सबसे युवा सदस्य हैं।

14. प्रदीप कुमार जोशी के स्थान पर संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) के नए अध्यक्ष **डॉ. मनोज सोनी** को नियुक्त किया गया।

**नोट:** उन्होंने 2005 में एमएस विश्वविद्यालय के उप-कुलपति के रूप में देश के सबसे युवा विश्वविद्यालय उपकुलपति का कार्य किया। वे आणंद जिले के मोगरी में स्वामीनारायण संप्रदाय के अनूपम मिशन से जुड़े थे।

15. पाकिस्तान के 23वें प्रधानमंत्री **मियां मुहम्मद शहबाज शरीफ** हैं।

**नोट:** वह तीन बार (1997, 2008 और 2013) पाकिस्तान पंजाब के मुख्यमंत्री रहे। वह पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के छोटे भाई हैं। 2018 में उन्होंने पाकिस्तान प्रधानमंत्री पद का चुनाव लड़ा, जिसमें इमरान को 176 मत मिले और उन्हें केवल 96 मत मिले।

16. राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष के रूप में **इकबाल सिंह लालपुरा** को पुनः नियुक्त किया गया है।
**नोट:** उन्हें पहली बार सितंबर 2021 में अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, लेकिन रोपड़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने चलते दिसंबर में पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अमृतसर ग्रामीण, कपूरथला और तरनतारन जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के रूप में काम किया।

17. **बिमल कोठारी को** इंडिया पल्स एंड ग्रेन्स एसोसिएशन (आईपीजीए) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।
**नोट:** उन्होंने जीतू भेड़ा की जगह ली जिन्होंने वर्तमान अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया। वह प्रवीण डोंगरे और जीतू भेड़ा के बाद एसोसिएशन के तीसरे अध्यक्ष हैं। कोठारी 2011 में IPGA के गठन के समय इसके उपाध्यक्ष के रूप में शामिल हुए थे।

18. **भारतीय-अमेरिकी नौसेना अधिकारी शांति सेठी को** अमेरिका की उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस की रक्षा सलाहकार नियुक्त किया गया।
**नोट:** शांति सेठी एक प्रमुख यूएस नेवी कॉम्बैट शिप की पहली भारतीय-अमेरिकी कमांडर हैं। शांति सेठी ने दिसंबर 2010 से मई 2012 तक गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर, यूएसएस डीकैचर की कमान संभाली।

19. **जसलीन कोहली को** डिजिट इंश्योरेंस का MD और CEO नियुक्त किया गया।
**नोट:** वह विजय कुमार की जगह लेंगी जो 19 अप्रैल, 2022 को कंपनी से सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने डिजिट में मुख्य वितरण अधिकारी (CDO) के रूप में कार्य किया, जहां वह कंपनी के सभी बिक्री और वितरण चैनलों के लिए उत्तरदायी थीं।

20. **सौरव गांगुली को** हैवेल्स इंडिया के एक टिकाऊ उपभोक्ता ब्रांड लॉयड ने भारत के अपने पूर्वी बाजारों का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया।
**नोट:** सौरव प्रचार, विज्ञापन और विपणन के माध्यम से लॉयड की टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं का समर्थन करेंगे। गांगुली वर्तमान में BCCI के अध्यक्ष हैं।

21. 29वें थल सेनाध्यक्ष के रूप में **लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे को** नियुक्त किया गया।
**नोट:** नियुक्ति 30 अप्रैल, 2022 से प्रभावी होगी। वह 1 मई को जनरल एम.एम. नरवणे की जगह लेंगे। वह कॉर्प्स ऑफ इंजीनियर्स से COAS बनने वाले पहले अधिकारी होंगे।

22. परमाणु ऊर्जा आयोग का अध्यक्ष **कमलेश नीलकंठ व्यास को** नियुक्त किया गया।
**नोट:** मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने कमलेश नीलकंठ व्यास को एक वर्ष का सेवा विस्तार प्रदान किया। व्यास को सेवा विस्तार 3 मई, 2022 के बाद एक वर्ष की अवधि या "अगले आदेश तक" प्रदान किया गया है। व्यास को यह दूसरा सेवा विस्तार है, उन्हें पहली बार सितंबर 2018 में इस पद पर नियुक्त किया गया था।

23. भारत के लिए IT कंपनी विप्रो का कंट्री हेड **सत्य ईश्वरन को** नियुक्त किया गया।
**नोट:** रणनीतिक परामर्श, परिवर्तन और आधुनिकीकरण के माध्यम से महत्वपूर्ण उद्योग क्षेत्रों में भारत में विप्रो के कारोबार को मजबूत करना। वह विप्रो की क्षमताओं और इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास, डेटा/एनालिटिक्स, क्लाउड, डिजिटल और साइबर सुरक्षा में निवेश का लाभ उठाने में ग्राहकों की मदद करेंगे।

24. राष्ट्रपति अलासेने औट्टारा द्वारा **पैट्रिक अची को** पुन: आइवरी कोस्ट के प्रधान मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया।
**नोट:** उन्हें मार्च 2021 में प्रधान मंत्री नियुक्त किया गया था। वे अमादौ गॉन कूलिबली (2020 में मृत्यु) और हमीद बकायोको (2021 में मृत्यु) के बाद पिछले तीन वर्षों में पश्चिम अफ्रीकी राज्य (आइवरी कोस्ट) के तीसरे प्रधान मंत्री थे।

25. 1 मई से अगला सैन्य अभियान महानिदेशक **लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार** को नियुक्त किया गया है।
**नोट:** उन्होंने एक स्ट्राइक फॉर्मेशन 1 कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में काम किया, जो

पाकिस्तान और चीन दोनों के खिलाफ ऑपरेशन संचालित करती है। उन्होंने सेना मुख्यालय में महानिदेशक स्टाफ के रूप में भी काम किया है।

**26.** प्रॉक्टर एंड गैंबल (P&G) ने 1 जुलाई, 2022 से अपने भारत के कार्यों के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) **एल.वी. वैद्यनाथन** नियुक्त किया गया है।

**नोट:** वह मधुसूदन गोपालन की जगह लेंगे, जो ग्रूमिंग एंड ओरल केयर, P&G जापान और कोरिया के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट का कार्यभार संभालेंगे। वर्तमान में, वैद्यनाथन इंडोनेशिया में उद्योग विकास और कंपनी हेतु मूल्य सृजन के उत्तरदायी हैं।

**27.** 3 वर्ष के लिए भारत सरकार का प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (PSA) **अजय कुमार सूद** को नियुक्त किया गया है।

**नोट:** वर्तमान में वे प्रधानमंत्री की विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद के सदस्य हैं। PSA का उद्देश्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार से संबंधित मामलों पर विज्ञान एवं तकनीक के अनुप्रयोग पर ध्यान देने के साथ प्रधानमंत्री और कैबिनेट को व्यावहारिक एवं विषयपरक सलाह प्रदान करना है।

**28.** 1 मई, 2022 से नीति आयोग का उपाध्यक्ष **अर्थशास्त्री, सुमन बेरी** को नियुक्त किया गया है।

**नोट:** राजीव कुमार के पद से हटने के बाद उनकी नियुक्ति हुई। सरकार ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया।

**29.** आदित्य बिड़ला कैपिटल की मुख्य कार्यकारी अधिकारी **विशाखा मुलये** को नियुक्त किया गया है।

**नोट:** मुलये वर्तमान में कॉर्पोरेट बैंकिंग, सांपत्तिक व्यापार, बाजार और लेनदेन बैंकिंग की प्रभारी कार्यकारी निदेशक हैं। मुलये ने अजय श्रीनिवासन की जगह ली, जो अब आदित्य बिड़ला ग्रुप में दूसरी भूमिका निभाएंगे।

**30.** यूनिसेफ के YuWaah (जेनरेशन अनलिमिटेड) का सह-अध्यक्ष **अश्विन यार्डी (भारत में कैपजेमिनी के CEO)** को नियुक्त किया गया।

**नोट:** वे यासुमासा किमुरा (यूनिसेफ प्रतिनिधि) के साथ सह-अध्यक्षता करेंगे। YuWaah का उद्देश्य युवाओं के लिए कौशल विकास, सामुदायिक विकास और आर्थिक अवसरों में सुधार पर काम करना है।

**31.** स्लोवेनिया के प्रधान मंत्री चुनाव में तीन बार के प्रधान मंत्री जानेज़ जन्सा को **रॉबर्ट गोलोब को** हराया।

**नोट:** राष्ट्र के चुनाव अधिकारियों ने पुष्टि की है कि फ्रीडम मूवमेंट ने लगभग 34% मत हासिल किए, जबकि सत्ताधारी कंजर्वेटिव स्लोवेनियाई डेमोक्रेटिक पार्टी को लगभग 24% मत मिले। न्यू स्लोवेनिया पार्टी को 7%, इसके बाद सोशल डेमोक्रेट को 6% से अधिक और लेफ्ट पार्टी को केवल 4% मत मिले।

**32.** 58.2% मतों के साथ **इमैनुएल मैक्रों** ने फ्रांस के राष्ट्रपति के रूप में दूसरे कार्यकाल में जीत हासिल की।

**नोट:** वह शिराक के बाद पहले राष्ट्रपति हैं जिन्होंने पद के लिए दूसरे कार्यकाल में जीत हासिल की। उन्होंने मारिन ले पेन (पार्टी: रासेम्बलमेंट नेशनल) को हराया, जिन्होंने चुनाव में 41.8% मत हासिल किए।

**33.** भारतीय हज समिति का अध्यक्ष **ए.पी. अब्दुल्लाकुट्टी** को चुना गया है।

**नोट:** वह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व सांसद हैं। समिति में दो महिलाएं- तमिलनाडु की मुन्नावारी बेगम और पश्चिम बंगाल की मफुजा खातून भी शामिल हैं, जिन्हें उपाध्यक्ष चुना गया है।

**34.** **ब्रूस डी. ब्रोइज़** को फ्यूचर जनरली इंडिया लाइफ इंश्योरेंस (FGILI) का MD और CEO किन्हें नियुक्त किया गय।

**नोट:** उन्होंने मीरनजीत मुखर्जी की जगह ली जिन्होंने सितंबर 2021 से अंतरिम CEO के रूप में कार्य किया। वह पांच वर्षों से अधिक समय तक हांगकांग में जनरली एशिया के क्षेत्रीय वितरण प्रमुख थे।

**35.** 2022-23 के लिए नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज (Nasscom) का अध्यक्ष **कृष्णन रामानुजम** को नियुक्त किया गया।

**नोट:** वे TCS में वरिष्ठ कार्यकारी हैं। वे निकाय के उपाध्यक्ष थे। उन्होंने रेखा एम. मेनन (भारत में एक्सेंचर की वरिष्ठ प्रबंध निदेशक) की जगह ली, जिन्होंने 2021-22 के लिए अध्यक्ष के रूप में कार्य किया।

36. दूसरी बार के लिए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (NCSC) का अध्यक्ष **विजय सांपला** को नियुक्त किया गया है।

**नोट:** उन्होंने पंजाब चुनाव से पहले NCSC अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया था और चुनाव लड़ा था। वह पंजाब के एक प्रख्यात दलित राजनेता हैं, जिन्होंने 1998 में जालंधर छावनी के सोफीपिंड गांव के सरपंच के रूप में अपना राजनीतिक सफर शुरू किया था।

37. ऑनलाइन लेंडिंग प्लेटफॉर्म इंडिफी टेक्नोलॉजीज का सलाहकार **SBI के पूर्व अध्यक्ष, रजनीश कुमार** को नियुक्त किया गया है।

**नोट:** वर्तमान में, वह HSBC एशिया पैसेफिक, L&T इन्फोटेक, हीरो मोटोकॉर्प और भारतपे के बोर्ड में हैं। एक सलाहकार के रूप में, वह कंपनी की विकास कार्यनीति पर प्रबंधन के साथ जुड़ेंगे और वित्तीय सेवा क्षेत्र में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

38. 1 मई से थलसेना उपाध्यक्ष **लेफ्टिनेंट जनरल बग्गावल्ली सोमशेखर राजू** को नियुक्त किया गया है।

**नोट:** वह सैनिक स्कूल बीजापुर तथा राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र थे और 15 दिसंबर 1984 को जाट रेजिमेंट में कमीशन प्राप्त किया था। उन्होंने वेस्टर्न थिएटर और जम्मू-कश्मीर में ऑपरेशन पराक्रम के दौरान एक बटालियन की कमान संभाली थी।

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. भारत के मुख्य न्यायाधीश, एन.वी. रमना ने सर्वोच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश, स्थगन आदेश, जमानत आदेश इत्यादि एक सुरक्षित इलेक्ट्रॉनिक संचार चैनल के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को संप्रेषित करने के लिए **FASTER (फास्ट एंड सिक्योर्ड ट्रांसमिशन ऑफ इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड)** प्लेटफॉर्म लॉन्च किया।

**नोट:** उद्देश्य: उच्चतम न्यायालय द्वारा जमानत देने के बाद भी कैदियों की रिहाई में देरी को समाप्त करना। CJI रमना पीठ के नेतृत्व में एक डिजिटल प्लेटफॉर्म FASTER की शुरुआत की गई।

2. अप्रैल 2022 में, राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने **तुर्कमेनिस्तान और नीदरलैंड** दो देशों की यात्रा पर रवाना हुए**।**

**नोट:** यात्रा के पहले चरण के दौरान, राष्ट्रपति तुर्कमेनिस्तान जाएंगे। यह किसी भारतीय राष्ट्रपति की पहली तुर्कमेनिस्तान यात्रा होगी। दूसरे चरण में, राष्ट्रपति कोविंद नीदरलैंड की चार दिवसीय यात्रा पर जाएंगे।

3. केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने पर्यावरण जागरूकता शुभंकर का **प्रकृति** लॉन्च किया।

**नोट:** उद्देश्य: यह जन जागरूकता फैलाना कि जीवन शैली में छोटे-छोटे बदलाव बेहतर पर्यावरणीय संधारणीयता ला सकते हैं। यह देश में प्रभावी प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (PWM) सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय के विभिन्न प्रयासों और पहलों के बारे में भी जागरूकता फैलाता है।

4. **नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (NTPC)** ने पाइप्ड नेचुरल गैस (PNG) नेटवर्क में ग्रीन हाइड्रोजन के सम्मिश्रण के लिए गुजरात गैस लिमिटेड (GGL) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** उद्देश्य: खाना पकाने के क्षेत्र का विकार्बनीकरण और देश की ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए आत्मनिर्भरता। हरित हाइड्रोजन का उत्पादन:

NTPC कवास की मौजूदा 1 मेगावाट फ्लोटिंग सौर परियोजना से बिजली का उपयोग।

5. **इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय** ने 76,000 करोड़ रुपये के सेमीकंडक्टर मिशन पर सरकार को निर्देशित करने के लिए 17 सदस्यीय सलाहकार समिति के गठन की घोषणा की।
   **नोट:** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने 76,000 करोड़ रुपये के सेमीकंडक्टर मिशन पर सरकार को निर्देश देने के लिए 17 सदस्यीय सलाहकार समिति के गठन की घोषणा की है। समिति के अध्यक्ष: अश्विनी वैष्णव, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
6. **आयुष मंत्रालय** ने 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर लाल किला, नई दिल्ली में योग महोत्सव का आयोजन किया।
   **नोट:** योग महोत्सव में मुख्य अतिथि: लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 8वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 का आयोजन आयुष मंत्रालय द्वारा किया जाएगा।
7. **ऑपरेशन उपलब्ध** के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल (RPF) ने 1,459 दलालों को हिरासत में लिया और 366 IRCTC एजेंट आईडी और 6,751 व्यक्तिगत आईडी को ब्लॉक कर दिया।
   **नोट:** लंबी दूरी की ट्रेन सेवाओं की बहाली के बाद 'ऑपरेशन उपलब्ध' इस उम्मीद के साथ शुरू किया गया था, कि त्योहार और गर्मी की भीड़-भाड़ के मद्देनजर आरक्षित ट्रेन टिकटों की मांग में तेज वृद्धि होगी। RPF की क्षेत्रीय इकाइयों ने 1 मार्च, 2022 को देश भर में अभियान शुरू करने से पहले क्षेत्र, डिजिटल दुनिया और साइबर दुनिया से जानकारी एकत्र की, फिर इसे समेकित, पुनरीक्षित और विश्लेषित किया।
8. डिजिटल दर्शन के लिए 'टेम्पल 360' वेबसाइट **मीनाक्षी लेखी, संस्कृति एवं विदेश राज्य मंत्री** ने लॉन्च की**।**
   **नोट:** इस दौरान आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में IGNCA एम्पीथिएटर, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, नई दिल्ली में संस्कृति मंत्रालय द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। टेम्पल 360 एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जहां कोई भी किसी भी स्थान से 12 ज्योतिर्लिंग और चार धाम के दर्शन कर सकता है, जिससे लोगों को जोड़े रखने के साथ-साथ उनके जीवन को सुविधाजनक बनाया जा सकता है।
9. खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2021 (KIUG 2021) के शुभंकर का नाम **वीरा है।**
   **नोट:** केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और कर्नाटक के राज्यपाल, टी.सी. गहलोत ने 1 अप्रैल, 2022 को बेंगलुरु के श्रीकांतीरावा स्टेडियम में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2021 (KIUG 2021) का लोगो, जर्सी, शुभंकर और गीत लॉन्च किया। गीत की रचना कन्नड़ रैपर चंदन शेट्टी ने की है। KIUG 2021 कर्नाटक में 24 अप्रैल से 3 मई, 2022 के बीच आयोजित किया जाएगा।
10. केंद्र सरकार की **स्टैंड-अप इंडिया योजना (5 अप्रैल 2016 को शुरू हुई)** योजना ने अपने 6 वर्ष पूरे किए।
    **नोट:** स्टैंड-अप इंडिया योजना के तहत योजना की शुरुआत से लेकर अब तक 1 लाख 33 हजार 995 से अधिक खातों में 30,160 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। उद्देश्य: अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिलाओं को 10 लाख से एक करोड़ रुपये के बीच ऋण सुविधा। स्टैंड अप इंडिया योजना को 2025 तक बढ़ा दिया गया था।
11. केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने **प्रसारण सेवा पोर्टल** लॉन्च किया।
    **नोट:** उद्देश्य: ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देना। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म हितधारकों को आवश्यक अनुमति, पंजीकरण और लाइसेंस का अनुरोध करने के लिए एक स्थान पर सभी सुविधा प्रदान करेगा।
12. विदेश व्यापार महानिदेशालय ने विदेश व्यापार नीति को **छह महीने (सितंबर 2022 तक) बढ़ा दिया है।**

**नोट:** रूस-यूक्रेन संकट के बीच यह निर्णय लिया गया, क्योंकि युद्ध ने वैश्विक व्यापार को बाधित कर दिया है। मौजूदा विदेश व्यापार नीति 1 अप्रैल 2015 को पांच वर्ष के लिए अस्तित्व में आई।

13. टाटा समूह द्वारा घोषित एक एकीकृत डिजिटल एप्लिकेशन का नाम **टाटा नेउ (Tata Neu)।**
**नोट:** इसे एक सुपर ऐप के रूप में डिज़ाइन किया गया है जो दैनिक किराना, इलेक्ट्रॉनिक्स, वित्तीय समाधान, फ्लाइट, हॉलीडे, और बहुत कुछ प्रदान करता है। टाटा नेउ (Tata Neu) पर प्रत्येक ब्रांड एक रिवॉर्ड से जुड़ा है जिसे नेउक्वाइन कहा जाता है।

14. युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने 2022 में यूनेस्को फंड फॉर एलिमिनेशन ऑफ डोपिंग इन स्पोर्ट्स में **72,124 डॉलर की** धनराशि दी।
**नोट:** 7वें COP में, राष्ट्र के पक्षकारों ने अपने-अपने राष्ट्रों के नियमित बजट की 1% राशि यूनेस्को फंड फॉर एलिमिनेशन ऑफ डोपिंग इन स्पोर्ट्स में देने पर सहमति व्यक्त की थी। भारत ने 2021 में यूनेस्को कोष में 28172 अमेरिकी डॉलर का योगदान दिया।

15. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **मार्च 2023** वर्ष तक अटल इनोवेशन मिशन (AIM) के विस्तार को मंजूरी दी।
**नोट:** उद्देश्य: 10,000 अटल टिंकरिंग लैब्स (ATL), 101 अटल इनक्यूबेशन सेंटर (AIC) विकसित करना, 50 अटल सामुदायिक नवाचार केंद्र स्थापित करना और अटल न्यू इंडिया चैलेंज के माध्यम से 200 उद्यमियों को प्रायोजित करना। कुल बजटीय व्यय के रूप में 2000 करोड़ से अधिक रुपये खर्च होंगे।

16. गुवाहाटी में मंत्रालय की योजनाओं पर पूर्वोत्तर क्षेत्र की राज्य सरकारों और हितधारकों के क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता **स्मृति जुबिन ईरानी** ने की।
**नोट:** गुवाहाटी में यह इस श्रृंखला की तीसरी क्षेत्रीय बैठक है, इससे पहले पहली बैठक और दूसरी बैठक क्रमशः चंडीगढ़ और बेंगलुरु में हुई थी। उद्देश्य: पोषण 2.0 अभियान, मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य का विवरण प्रस्तुत करना

17. अरुणाचल प्रदेश के पक्के बाघ अभयारण्य में आयोजित 20वें NTCA की अध्यक्षता **भूपेंद्र यादव** ने की।
**नोट:** यह पहली NTCA बैठक है जो राष्ट्रीय राजधानी के बाहर आयोजित की गई। NTCA ने फॉरेस्ट फायर ऑडिट प्रोटोकॉल फॉर टाइगर रिजर्व तैयार किया है, जिसे भूपेंद्र यादव ने जारी किया।

18. राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने **पोरबंदर, गुजरात** में वार्षिक माधवपुर मेले का उद्घाटन किया।
**नोट:** यह मेला एक भारत श्रेष्ठ भारत का प्रतीक है जो आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। यह मेला 2018 से गुजरात सरकार के सहयोग से सांस्कृतिक मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

19. मेड इन इंडिया 17-सीटर की **एचएएल डोर्नियर डीओ-228** की पहली उड़ान जिसे असम के डिब्रूगढ़ से अरुणाचल प्रदेश के पासीघाट के लिए रवाना किया गया।
**नोट:** केंद्र द्वारा संचालित एलायंस एयर ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) के साथ दो 17-सीटर डोर्नियर 228 विमानों को पट्टे पर देने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। यह देश की पहली वाणिज्यिक एयरलाइन होगी जो सिविल ऑपरेशन के लिए भारत निर्मित विमान का संचालन करेगी।

20. आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा **'स्वनिधि से समृद्धि' कार्यक्रम'** 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के अन्य 126 शहरों में शुरू किया गया।
**नोट:** स्वनिधि से समृद्धि पीएम-स्वनिधि का एक अतिरिक्त कार्यक्रम है जिसे जनवरी 2021 में पहले चरण में 125 शहरों में लॉन्च किया गया था। प्रधान मंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्म निर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) जून 2020 में लागू हुई थी।

21. भारत के उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने **ढाका के पास केरानीगंज, बांग्लादेश** में पहले आईटी / हाई-टेक पार्क की आधारशिला रखी।
**नोट:** यह भारत सरकार द्वारा बांग्लादेश को दी गई ऋण सहायता (LOC) के तहत पहला पार्क है। 7.86

बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की प्रतिबद्ध LOC के साथ बांग्लादेश भारत का सबसे बड़ा विकास भागीदार बन गया है।

**22.** केंद्र सरकार ने दलाई लामा की केंद्रीय तिब्बती राहत समिति (CTRC) को 40 करोड़ रुपये का अनुदान किस **2025-26 तक** विस्तारित किया गया।

**नोट:** CTRC को अनुदान प्रदान करने की योजना 2015 में शुरू की गई थी। उद्देश्य: बंदोबस्त कार्यालयों और समाज कल्याण के प्रशासनिक खर्चों को पूरा करना। कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल और जम्मू और कश्मीर तिब्बती शरणार्थियों के प्रमुख केंद्र हैं।

**23.** महिलाओं, कारीगरों और शिल्पकारों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और उन्हें सही अवसर प्रदान करने के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) द्वारा शुरू की गई योजना **"AVSAR" (एयरपोर्ट ऐज़ वेन्यू फॉर स्किल्ड आर्टिसियन ऑफ द रीजन)** है।

**नोट:** इस योजना के तहत, हवाई अड्डों पर स्वयं सहायता समूहों (SHG) को उनके क्षेत्र के स्व-निर्मित उत्पादों को बेचने / प्रदर्शित करने के लिए जगह आवंटित की जाएगी। स्वयं सहायता समूहों को बारी-बारी से 15 दिन के लिए जगह आवंटित की जाएगी।

**24.** अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA) ने GIFT IFSC में फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र में सहायता और सुविधा प्रदान करने के लिए **GVFL लिमिटेड** के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** समझौता ज्ञापन GIFT IFSC में फिनटेक के विकास के लिए विविध पहल संचालित करते हुए सूचनाओं के आदान-प्रदान पर केंद्रित है। GVFL लिमिटेड को 1990 में विश्व बैंक और गुजरात सरकार द्वारा प्रोत्साहित किया गया था।

**25.** Jio-bp ने देश में इलेक्ट्रिक दोपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए एक मजबूत सार्वजनिक EV चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण हेतु **TVS मोटर** के साथ समझौता किया।

**नोट:** इस समझौते के तहत, TVS इलेक्ट्रिक वाहनों के ग्राहक Jio-bp के व्यापक चार्जिंग नेटवर्क तक पहुंच प्रदान करेंगे। Jio-bp अपने EV चार्जिंग और स्वैपिंग स्टेशनों का संचालन Jio-bp पल्स ब्रांड के तहत करता है।

**26.** नीति आयोग के राज्य ऊर्जा एवं जलवायु सूचकांक (SECI)-राउंड 1 में **गुजरात** राज्य ने शीर्ष स्थान हासिल किया है, जिसके बाद केरल और पंजाब का स्थान था।

**नोट:** छोटे राज्य (शीर्ष 3): गोवा, त्रिपुरा और मणिपुर, सबसे नीचे के राज्य: छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और झारखंड, SECI-राउंड 1 में छह मापदंड शामिल हैं: डिस्कॉम का प्रदर्शन; पहुंच सामर्थ्य और ऊर्जा विश्वसनीयता; स्वच्छ ऊर्जा पहल; ऊर्जा दक्षता; पर्यावरणीय स्थिरता; और नई पहल

**27.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंबेडकर जयंती के अवसर पर **तीन मूर्ति भवन, दिल्ली** पर प्रधान मंत्री संग्रहालय का उद्घाटन किया।

**नोट:** यह संग्रहालय देश के सभी प्रधानमंत्रियों के प्रति समर्पित है। संग्रहालय में कुल 43 गैलरी हैं। प्रधानमंत्री संग्रहालय का लोगो राष्ट्र और लोकतंत्र के प्रतीक धर्म चक्र को धारण किए हुए भारतीय नागरिकों के हाथों को प्रदर्शित करता है।

**28.** अखिल भारतीय ऑनलाइन ट्रेडिंग पोर्टल, राष्ट्रीय कृषि बाजार (e-NAM) के **छह** वर्ष पूरे हो गए।

**नोट:** यह प्रमुख कार्यक्रम 2016 में प्रधान मंत्री मोदी द्वारा कृषि वस्तुओं के इलेक्ट्रॉनिक व्यापार की सुविधा के लिए राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों के भौतिक थोक बाजारों एवं मंडियों को जोड़ने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। e-NAM पूर्णतया केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित है। कार्यान्वयनकर्ता: लघु किसान कृषि व्यवसाय संघ

**29.** कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए वित्त मंत्रालय ने **6 महीने (30 सितंबर 2022 तक)** कपास के आयात पर सीमा शुल्क से छूट के संबंध में एक अधिसूचना जारी की।

**नोट:** इस छूट से कपड़ा श्रृंखलाओं: यार्न, फैब्रिक, गारमेंट और मेड-अप को लाभ होगा; कपड़ा निर्यात और उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी। पहले, सीमा शुल्क 10% था, जिसमें 5% कपास आयात पर मूल सीमा शुल्क और अन्य 5% कृषि अवसंरचना विकास उपकर (AIDC) पर था।

30. **इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY)** ने 'सबका विकास महाक्विज' का आयोजन किया।
**नोट:** सरकार की योजनाओं और पहलों के बारे में नागरिकों में जागरूकता उत्पन्न करना। पहली क्विज उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (PMGKAY) पर थी।

31. **सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH)** ने 'e-DAR' (ई-डिटेल्ड एक्सीडेंट रिपोर्ट) पोर्टल विकसित किया।
**नोट:** आसान पहुंच के लिए डिजिटलीकृत DAR को पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इसे सरकार द्वारा बीमा कंपनियों के परामर्श से तैयार किया गया है। यह कुछ क्लिक में सड़क दुर्घटनाओं पर तत्काल जानकारी प्रदान करेगा और दुर्घटना मुआवजे के दावों में तेजी लाने में मदद करेगा, जिससे पीड़ित परिवारों को राहत मिलेगी।

32. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने **मोरबी, गुजरात** में भगवान हनुमान की 108 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया।
**नोट:** यह हनुमानजी चार धाम परियोजना के अंतर्गत देश भर में चार दिशाओं में स्थापित की जा रही चार मूर्तियों में से दूसरी प्रतिमा है। इस श्रृंखला की पहली मूर्ति 2010 में उत्तर में जाखू पहाड़ियों पर शिमला में स्थापित की गई थी और इसे राजस्थान के एक मूर्तिकार ने बनाया है। दक्षिण में रामेश्वरम में प्रतिमा पर काम शुरू कर दिया गया है।

33. **नीति आयोग ने** डेटा-संचालित निर्णयन तथा अनुसंधान को बढ़ावा देते हुए उपयोगकर्ता के अनुकूल प्रारूप में सरकारी डेटा उपलब्ध कराने के लिए मई में नेशनल डेटा एंड एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म (NDAP) लॉन्च करेगा।
**नोट:** उद्देश्य: सरकारी स्रोतों में डेटा का मानकीकरण करना और लचीला विश्लेषण प्रदान करना जो उपयोगकर्ताओं के लिए डेटासेट का उपयोग करके जानकारी के विश्लेषण को आसान बनाता है। प्रारंभ में 46 से अधिक मंत्रालयों के 200 डेटासेट होंगे। भविष्य में गांव स्तर तक नए डेटासेट जोड़े जाएंगे।

34. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने **भुज, कच्छ जिला, गुजरात** में 200-बेड वाला के.के. पटेल सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल राष्ट्र को समर्पित किया।
**नोट:** यह श्री कच्छी लेवा पटेल समाज, भुज द्वारा बनाया गया है और कच्छ क्षेत्र का पहला चैरिटेबल सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल है। यह लाखों सैनिकों, सैन्य कर्मियों और व्यापारियों सहित कच्छ के आमजनों को सुनिश्चित गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा उपचार प्रदान करेगा। यह कम से कम एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की केंद्र सरकार की नीति के अनुरूप है।

35. अनुराग ठाकुर (केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री) द्वारा हुनर हाट के **40वें संस्करण** का उद्घाटन किया गया।
**नोट:** 40वां 'हुनरहाट' 'स्वदेशी' उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक सुसंगत मंच है जो 16 से 27 अप्रैल 2022 तक मुंबई में आयोजित होगा। तेजस कौशल कार्यक्रम की पहल के अंतर्गत कुशल श्रमबल को UAE भेजा जाएगा।

36. प्रविंद कुमार जुगनाथ आठ दिवसीय भारत यात्रा पर मुंबई पहुंचे। वह **मॉरीशस** के प्रधान मंत्री हैं।
**नोट:** मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने 19 अप्रैल को गुजरात के जामनगर में WHO-ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन के समारोह और 20 अप्रैल को गांधीनगर में ग्लोबल आयुष इन्वेस्टमेंट एंड इनोवेशन समिट में भाग लिया। प्रविंद कुमार जुगनाथ वाराणसी भी गए। इस यात्रा से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में भी सुधार होगा।

37. उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने **कृष्णा जिला, आंध्र प्रदेश** में पिन्नामनेनी कोटेश्वर राव की कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया।

**नोट:** पिन्नामनेनी कोटेश्वर राव ने मछलीपट्टनम में 27 वर्षों से अधिक समय तक कृष्णा जिला परिषद के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। उप-राष्ट्रपति विजयवाड़ा के निकट स्वर्ण भारत ट्रस्ट, अतकुरु में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

38. प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के **गुजरात** में WHO ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन का उद्घाटन किया।

**नोट:** गुजरात के अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान, उन्होंने गांधीनगर में कमांड एंड कंट्रोल सेंटर फॉर स्कूल का दौरा किया। उन्होंने किसानों को कृषि एवं पशुपालन से संबंधित प्रमुख वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करने के लिए बनास सामुदायिक रेडियो स्टेशन राष्ट्र को समर्पित किया।

39. **रेडियो अक्ष,** दृष्टिबाधित लोगों के लिए भारत का पहला रेडियो चैनल है।

**नोट:** इसे नागपुर, महाराष्ट्र में लॉन्च किया गया था। द ब्लाइंड रिलीफ एसोसिएशन नागपुर और समृद्धि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल संयुक्त रूप से इस अवधारणा के अग्रदूत हैं। इस पहल से नेत्रहीनों को ऑडियो बुक और शिक्षा संसाधनों तक निर्बाध पहुंच प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

40. 2013-14 से 2021-22 तक भारत में चीनी निर्यात में **291%** वृद्धि दर्ज की गई।

**नोट:** भारत का चीनी निर्यात वित्त वर्ष 2013-14 के 1,177 मिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर पिछले वित्तीय वर्ष में 4,600 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। चीनी निर्यात पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2021-22 में 65% बढ़ा है। देश ने 2019-20 में 1,965 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य की चीनी का निर्यात किया था, जो 2020-21 में बढ़कर 2,790 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया।

41. सीमा सड़क संगठन (BRO) हिमाचल प्रदेश को लद्दाख से जोड़ने के लिए **शिंकू ला दर्रा** पर 16,580 फीट की ऊंचाई पर दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग का निर्माण करेगा।

**नोट:** निर्माण इस वर्ष जुलाई तक शुरू होगा और 2025 तक पूरा हो जाएगा। केंद्र ने इस परियोजना के कार्यान्वयन हेतु BRO की 'प्रॉजेक्ट योजक' बनाई है।

42. **गुजरात (स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर परिसर, गांधीनगर)** में देश के पहले पोर्टेबल सोलर रूफटॉप सिस्टम का उद्घाटन किया गया।

**नोट:** 10 फोटोवोल्टिक पोर्ट का निर्माण सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड (नई दिल्ली) द्वारा किया गया है। इसे ड्यूश गेसेलशाफ्ट फर इंटरनेशनेल जुसाम्मेनरबीट (GIZ) द्वारा डिजाइन किया गया है।

43. वित्त वर्ष 2021-22 में भारत के गैर-बासमती चावल का निर्यात **6115 मिलियन अमेरिकी डॉलर** है।

**नोट:** 2021-22 में गैर-बासमती चावल के निर्यात में 27% की वृद्धि दर्ज की गई है। पश्चिम अफ्रीकी देश, बेनिन भारत से गैर-बासमती चावल के प्रमुख आयातकों में से एक है। वाणिज्यिक जानकारी एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (DGCIS) के आंकड़ों के अनुसार, भारत ने 2021-22 में दुनिया भर के 150 से अधिक देशों को चावल का निर्यात किया।

44. कौशल भारत ने प्रशिक्षण महानिदेशालय (DGT) के साथ मिलकर 21 अप्रैल 2022 को देश भर में **अप्रेंटिसशिप मेला** का आयोजन किया।

**नोट:** उद्देश्य: एक लाख से अधिक प्रशिक्षुओं की नियुक्ति मदद करना और सही प्रतिभा की खोज में नियोक्ताओं की सहायता करना। राष्ट्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता नीति 15 जुलाई, 2015 को प्रधान मंत्री द्वारा शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य कुशल कर्मचारियों को पर्याप्त प्रतिपूर्ति के साथ प्रशिक्षुता को पहचाना था।

45. अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (IFSC) में बीमा क्षेत्र में कुशल प्रतिभा समूह प्रदान करने के लिए **राष्ट्रीय बीमा अकादमी (NIA)** ने अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** यह समझौता ज्ञापन IFSC हेतु आवश्यक कुशल श्रमबल का सृजन करने के लिए वचनबद्ध है। IFSCA ने IFSC बीमा संस्थाओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय बीमा संस्थान (III) के साथ एक MoU पहले ही किया था।

**46.** 14-15 मई, 2022 को आयोजित अतुल्य भारत अंतर्राष्ट्रीय क्रूज सम्मेलन 2022 का पहला सम्मेलन **मुंबई** में आयोजित होगा ।

**नोट:** कार्यक्रम का आयोजन मुंबई पत्तन प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा। उन्होंने इवेंट वेबसाइट www.iiicc2022.in, लोगो और शुभंकर 'कैप्टन क्रूज़ो' भी लॉन्च किया।

**47.** **राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (NTPC)** सरकारी एजेंसी ने दिल्ली जल बोर्ड (DJB) के साथ मिलकर DJB के सीवेज शोधन संयंत्रों (STP) में उत्पन्न अपशिष्ट को हरित ऊर्जा में परिवर्तित करने के लिए समझौता किया।

**नोट:** दादरी में NTPC की यूनिट 4 बॉयलर से पक्के अपशिष्ट स्लज को जलाया गया। यह हरित तकनीकी समाधान STP स्लज को ऊर्जा में बदलने में मदद करता है और $CO_2$ उत्सर्जन को कम करता है।

**48.** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने **रायपुर, छत्तीसगढ़** राज्य में 9,240 करोड़ रुपये की 33 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

**नोट:** ये सड़क परियोजनाएं छत्तीसगढ़ की ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, झारखंड और उत्तर प्रदेश राज्यों के साथ कनेक्टिविटी को आसान बनाएंगी। सड़क नेटवर्क पिछड़े क्षेत्रों को राज्य के विकसित क्षेत्रों और सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थलों से जोड़ता है।

**49.** **नीति आयोग** सरकारी एजेंसी ने बच्चों पर ध्यान केंद्रित करते हुए सतत विकास लक्ष्यों (SDG) पर यूनिसेफ इंडिया के साथ एक स्टेटमेंट ऑफ इंटेंट (SoI) पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** दोनों संगठनों ने संयुक्त रूप से 'स्टेट ऑफ इंडियाज चिल्ड्रेन: स्टेटस एंड ट्रेंड्स इन मल्टीडायमेंसनल चाइल्ड डेवलपमेंट' रिपोर्ट जारी की। संयुक्त प्रयास 2030 एजेंडा के लिए भारत की प्रतिबद्धताओं में योगदान देंगे और नीतिगत सिफारिशें प्रदान करेंगे तथा समग्र विकास को हासिल करेंगे।

**50.** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस के **48वें** संस्करण का उद्घाटन किया गया।

**नोट:** कार्यक्रम केंद्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी, भोपाल में आयोजित किया गया। वे भोपाल के जंबूरी मैदान में वन समिति सम्मेलन और तेंदूपत्ता तोड़ने वाले व्यक्तियों के लिए बोनस वितरण कार्यक्रम में भी शामिल हुए। वह वन्य ग्राम से राजस्व ग्राम में परिवर्तन की प्रक्रिया भी आरंभ करेंगे।

**51.** **नीति आयोग** सरकारी एजेंसी ने बैटरी स्वैपिंग पॉलिसी ड्राफ्ट जारी किया।

**नोट:** जिसके अनुसार पहले चरण के तहत बैटरी स्वैपिंग नेटवर्क के विकास के लिए 40 लाख से अधिक आबादी वाले सभी महानगरों को प्राथमिकता दी जाएगी। दूसरे चरण के तहत राज्यों की राजधानियों, केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यालयों और 5 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों को शामिल किया जाएगा।

**52.** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने अन्य मंत्रालयों एवं विभागों के सहयोग से 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत 25 अप्रैल से 30 अप्रैल, 2022 तक **'किसान भागीदारी, प्राथमिकता हमारी' अभियान** अभियान का आयोजन किया।

**नोट:** कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग प्रत्येक कृषि विज्ञान केंद्र पर एक कृषि मेला और प्राकृतिक खेती पर एक प्रदर्शनी भी आयोजित करेगा। केंद्रीय कृषि मंत्री: नरेंद्र सिंह तोमर

**53.** नई दिल्ली में रायसीना संवाद का 7वां संस्करण, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ने किया, उसके मुख्य अतिथि **उर्सुला वॉन डेर लेन (यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष)** थे।

**नोट:** विषय - Terranova, impassioned, impatient, imperiled, संवाद के छह व्यापक

विषयगत आधार हैं जिनमें पुनर्विचार लोकतंत्र, बहुपक्षवाद का अंत, वाटर कॉकस और हरित संक्रमण की प्राप्ति शामिल हैं।

54. भारत व्यापार संवर्धन संगठन (ITPO) के सहयोग से **कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (APEDA)** ने नई दिल्ली में एशिया का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय खाद्य एवं आतिथ्य मेला AAHAR 2022 आयोजित किया।
**नोट:** APEDA ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के निर्यातकों, हिमालयी राज्यों, महिला उद्यमियों, स्टार्ट-अप्स और बाजरा निर्यातकों के लिए स्टॉल भी बनाए हैं। मेले में विभिन्न क्षेत्रों से 80 से अधिक निर्यातक भाग लेंगे।

55. 24 अप्रैल 2022 को SVAMITVA योजना (सर्वे ऑफ विलेजेस आबादी एंड मैपिंग विद इम्प्रोवाइज्ड टेक्नोलॉजी इन विलेज एरिया) को 2 वर्ष पूरे हुए।
**नोट:** यह पंचायती राज मंत्रालय की एक केंद्रीय योजना है जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गांव के घर के मालिकों को स्वत्वाधिकार अभिलेख प्रदान करना और संपत्ति कार्ड जारी करना है। भू-मालिकों के वास्तविक संपत्ति क्षेत्र का मानचित्रण करने के लिए पहली बार ड्रोन तकनीक का उपयोग किया गया है।

56. **प्रसार भारती** ने प्रसारण के क्षेत्र में सहयोग के लिए अर्जेंटीना के लोक प्रसारक रेडियो वाई टेलीविजन अर्जेंटीना (RTA) के साथ एक MoU पर हस्ताक्षर किए।
**नोट:** MoU में मीडिया और प्रसारण में कई पहलुओं को शामिल किया गया है जो दोनों देशों के संचार तथा प्रसारण नेटवर्किंग के लिए उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। भारत और अर्जेंटीना राजनीतिक, आर्थिक, वैज्ञानिक और तकनीकी सहयोग के क्षेत्रों में सौहार्दपूर्ण संबंध और विकासात्मक साझेदारी साझा करते हैं।

57. **भारतीय प्रबंधन संस्थान कोझीकोड (IIM-K)** ने शैक्षणिक मनोविज्ञान, अनुदेशात्मक नेतृत्व और प्रबंधन के क्षेत्र में सहयोग और सर्वोत्तम अभ्यासों के आदान-प्रदान पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भारतीय नौसेना के नेवल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशनल एंड ट्रेनिंग टेक्नोलॉजी (NIETT) के साथ एक MoU पर हस्ताक्षर किए।
**नोट:** NIETT राष्ट्र की सेवा में अपने 50 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है और यह MoU शिक्षा प्रबंधन के क्षेत्र में विशेषज्ञता के आदान-प्रदान को सिद्ध करता है।

58. **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) दिल्ली** ने पावर सिस्टम ऑपरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (POSOCO)-NRLDC के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।
**नोट:** भारत के विद्युत क्षेत्र से संबंधित मुद्दों पर अनुसंधान को प्रोत्साहित करना और ज्ञान साझा करने के लक्ष्य के साथ अकादमिक और उद्योग संपर्क को मजबूत करना। POSOCO केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के अधीन भारत सरकार उद्यम के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।

59. **नीति आयोग** सरकारी एजेंसी ने नई दिल्ली में आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के तहत अभिनव कृषि पर एक राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला का आयोजन किया।
**नोट:** पहले सत्र की अध्यक्षता डॉ. रवि कुमार (नीति आयोग के उपाध्यक्ष) ने की। योगी आदित्यनाथ (उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री), मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान (मप्र), मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी (आंध्र प्रदेश), और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी (उत्तराखंड) कार्यशाला के पहले तकनीकी सत्र में वर्चुअली शामिल हुए।

60. आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) ने जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में 540 मेगावाट की क्वार हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजना के निर्माण को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना **चिनाब नदी** पर स्थित है।
**नोट:** समिति की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। परियोजना का क्रियान्वयन चिनाब वैली पावर प्रॉजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (NHPC और JKSPDC के बीच संयुक्त उद्यम) द्वारा किया जाएगा। समिति

ने इस परियोजना के लिए 4,526.12 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश को मंजूरी दी है।

61. आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (ABPMJAY)- SEHAT योजना के अंतर्गत 100% परिवारों को शामिल करने वाला भारत का पहला जिला **सांबा जिला, जम्मू-कश्मीर** है।

**नोट:** सांबा जिले में कुल 62,641 परिवार हैं जिनमें 3,04,510 लोग ABPM-JAY SEHAT गोल्डन कार्ड के पात्र हैं। यह योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है, जो पूर्णतया सरकार द्वारा वित्तपोषित है। इस योजना के तहत, आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड वाले लोगों को 5 लाख रुपये तक का नि:शुल्क उपचार मिलता है।

62. **जामताड़ा जिला, झारखंड** भारत का ऐसा पहला जिला जहां सभी ग्राम पंचायतों के पास सामुदायिक पुस्तकालय हैं।

**नोट:** जिले की आबादी लगभग आठ लाख है और छह ब्लॉकों के अंतर्गत कुल 118 ग्राम पंचायतें हैं। पुस्तकालय छात्रों के लिए सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहेगा। पुस्तकालय में कैरियर परामर्श सत्र और प्रेरणादायक कक्षाएं भी प्रदान की जाती हैं।

63. **राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लिमिटेड (NHLML)** सरकारी एजेंसी ने कांगड़ा, कुल्लू, चंबा, सिरमौर और बिलासपुर जिलों में सात रोपवे परियोजनाओं के विकास के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ एक MoU पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** नई दिल्ली में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर की उपस्थिति में MoU पर हस्ताक्षर किए गए।

64. महिला चेंजमेकर्स पर कुछ लघु फिल्मों 'आजादी की अमृत कहानी' को लॉन्च करने के लिए **नेटफ्लिक्स** OTT प्लेटफॉर्म ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के साथ समझौता किया।

**नोट:** वीडियो में आवाज अभिनेत्री नीना गुप्ता की हैं और इसका निर्माता नेटफ्लिक्स है। इसे सोशल मीडिया पर शेयर किया जाएगा और दूरदर्शन पर प्रसारित किया जाएगा। उद्देश्य: भारतीयों की प्रेरणादायक कहानियों को सामने लाना जो अधिकांश लोगों को अपना लक्ष्य हासिल करने की शक्ति प्रदान करती हैं।

65. **फ्लिपकार्ट** ई-कॉमर्स कंपनी ने स्थानीय कारीगरों, बुनकरों तथा हस्तशिल्प निर्माताओं की सहायता करने और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार के साथ एक MoU पर हस्ताक्षर किए हैं।

**नोट:** उद्देश्य: राष्ट्रीय स्तर पर लघु व्यवसायों को विकसित करने के लिए ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म का लाभ उठाना। फ्लिपकार्ट समर्थ कार्यक्रम राज्य में कारीगरों/बुनकरों को सशक्त बनाएगा।

66. **तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ONGC)** भारतीय सरकारी एजेंसी ने दो वर्ष के लिए नॉर्वेजियन राष्ट्र के स्वामित्व वाली बहुराष्ट्रीय ऊर्जा कंपनी इक्विनोर एएसए के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

**नोट:** उद्देश्य: ऊर्ध्वप्रवाह अन्वेषण और उत्पादन, मध्यप्रवाह, अनुप्रवाह तथा स्वच्छ ऊर्जा विकल्पों के क्षेत्रों में सहयोग करना। इक्विनोर नॉर्वेजियन महाद्वीपीय जलमग्न सीमा पर अग्रणी संचालक है और दुनिया भर के 30 देशों में उपस्थित है।

67. प्रधानमंत्री मोदी ने सेमीकॉन इंडिया सम्मेलन 2022 का उद्घाटन बेंगलुरु शहर में किया।

**नोट:** उद्देश्य: भारत की वैश्विक सेमीकंडक्टर हब बनने और चिप डिजाइन तथा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने की महत्वाकांक्षा को साकार करने के लिए इसकी कल्पना एक लॉन्चपैड के रूप में करना है। सम्मेलन में नीति, प्रतिभा तथा एक सफल विकास का वातावरण बनाने में सरकार की भूमिका और प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

68. प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सूरत में ग्लोबल पाटीदार बिजनेस समिट (GPBS) का उद्घाटन किया।

**नोट:** शिखर सम्मेलन का आयोजन 'मिशन 2026' के अंतर्गत पाटीदार समुदाय के सामाजिक-आर्थिक विकास को तेज करने के लिए किया गया था।

GPBS 2022 का विषय "Aatmanirbhar Community to Aatmanirbhar Gujarat and India"

69. हरित हाइड्रोजन मूल्य श्रृंखला में संयुक्त रूप से अनुसंधान एवं विकास कार्य को आगे बढ़ाने के लिए **लार्सन एंड टुब्रो (L&T)** ने IIT बॉम्बे के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

**नोट:** दोनों संगठन हरित हाइड्रोजन उद्योग में योगदान देंगे और अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकी विकसित करेंगे। नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करके विद्युत अपघटन प्रक्रिया के माध्यम से हाइड्रोजन का उत्पादन किया जाता है जिसे हरित हाइड्रोजन के नाम से जाना जाता है, इसमें कोई कार्बन फुटप्रिंट नहीं होते हैं।

70. युवाओं तथा महिला उद्यमियों को डिजिटल अर्थव्यवस्था का लाभ प्रदान करने के लिए **तेलंगाना सरकार** ने गूगल के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।

**नोट:** राज्य सरकार डिजिटल साक्षरता में सुधार के लिए वर्ष 2017 से गूगल के साथ मिलकर काम कर रही है। अतिसूक्ष्म, सूक्ष्म और लघु महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों को डिजिटल, व्यावसायिक तथा वित्तीय कौशल प्रदान करने के लिए गूगल और वी हब, तेलंगाना सरकार संयुक्त रूप से वीमेन विल कार्यक्रम का संचालन करेंगे।

71. अपने विमान को उतारने के लिए स्वदेशी नेविगेशन प्रणाली GPS-एडेड जियो-आग्मेन्टड नेविगेशन (GAGAN) का उपयोग करने वाली एशिया की पहली एयरलाइन **इंडिगो** है।

**नोट:** उड़ान **ATR-72** विमान का उपयोग करके संचालित की गई और विमान राजस्थान के किशनगढ़ हवाई अड्डे पर उतरा गया। प्रणाली का विकास भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने किया है। अमेरिका और जापान के बाद अपनी SBAS प्रणाली रखने वाला भारत दुनिया का तीसरा देश बन गया।

72. आजादी का अमृत महोत्सव के समारोह के अंतर्गत **केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री, नारायण राणे** ने एंटरप्राइज इंडिया (मंत्रालय का विशाल कार्यक्रम) का उद्घाटन किया।

**नोट:** "एंटरप्राइज इंडिया" 27.04.2022 से 27.05.2022 तक आयोजित हो रही स्मारकीय उद्यमिता विकास कार्यक्रमों और गतिविधियों की एक मासिक श्रृंखला है। उद्देश्य: उद्यमिता संस्कृति को बढ़ावा देना और MSME मंत्रालय की योजनाओं एवं पहलों के बारे में जागरूकता फैलाना।

73. **टाटा पावर लिमिटेड** ने NAREDCO के सदस्यों की संपत्तियों पर 5,000 ईवी चार्जिंग प्वाइंट स्थापित करने के लिए नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (NAREDCO), महाराष्ट्र के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** आदित्य ठाकरे (पर्यटन एवं पर्यावरण मंत्री, महाराष्ट्र सरकार) की उपस्थिति में MoU पर हस्ताक्षर किए गए। इस कदम से राज्य में ईवी को अपनाने की प्रक्रिया में तेजी आएगी।

## महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. आंध्र प्रदेश के लेपाक्षी में मोनोलिथिक बुल (नंदी) के साथ यूनेस्को की विश्व विरासत की अस्थायी सूची में **श्री वीरभद्र स्वामी मंदिर** मंदिर को रखा गया।

**नोट:** श्री वीरभद्र स्वामी मंदिर को लेपाक्षी मंदिर के नाम से भी जाना जाता है जो वीरभद्र (शिव) को समर्पित है। भारत में विश्व धरोहर स्थल - 40

2. गुड़ी पड़वा को भारत के **महाराष्ट्र (मराठी नव वर्ष दिवस) में** नववर्ष के रूप में मनाया जाता है।

**नोट:** इसी दिन को उत्तर भारत में चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस और आंध्र प्रदेश में उगादी के रूप में मनाया जाता है। गुड़ी पड़वा को संवत्सर पड़वो के नाम से भी

जाना जाता है और इसका शाब्दिक अर्थ है नए संवत का पहला दिन।

3. **उत्तर प्रदेश** राज्य 2021-22 फसल वर्ष (CY) (जुलाई-जून) में भारत में सब्जियों का सबसे बड़ा उत्पादक बन गया।

   **नोट:** भारत में सब्जियों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक पश्चिम बंगाल है, इसके बाद बिहार और महाराष्ट्र का स्थान है। 18.01 मिलियन टन फल उत्पादन के साथ, आंध्र प्रदेश भारत में शीर्ष फल उत्पादक बना हुआ है, इसके बाद महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और गुजरात का स्थान है।

4. पाठ्येतर गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली सरकार ने दिल्ली के सरकारी स्कूलों के लिए **हॉबी हब** योजना शुरू की।

   **नोट:** उद्देश्य: स्कूल अवसंरचना का इष्टतम उपयोग और इन पाठ्येतर गतिविधियों को बढ़ावा देना। क्रियाकलापों की श्रेणियां: नृत्य, संगीत, तकनीकी, साहित्यिक और अन्य जैसे योग, परिधान कार्य, फोटोग्राफी, और रेडियो जॉकी।

5. आंध्र प्रदेश के **चित्तूर** पुलिस ने तिरुपति में तीन 'शी ऑटो' स्टैंड स्थापित किए हैं।

   **नोट:** तीन 'शी ऑटो' स्टैंड RTC बस स्टैंड, महिला विश्वविद्यालय और रुइया अस्पताल में स्थापित किए गए हैं। उद्देश्य: महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा

6. टाटा पावर रिन्यूएबल्स एनर्जी लिमिटेड (TPREL) ने गुजरात के धोलेरा में **300 मेगावाट** क्षमता की सौर परियोजना शुरू की।

   **नोट:** यह परियोजना पूरे वर्ष में 774 मिलियन यूनिट बिजली उत्पन्न करेगी और लगभग 704340 मीट्रिक टन/वर्ष कार्बन उत्सर्जन को कम करेगी। स्थापना के लिए 1320 एकड़ क्षेत्र का उपयोग किया गया है। टाटा पावर के लिए वर्तमान में नवीकरणीय क्षमता 3,400 मेगावाट (सौर 2,468 मेगावाट और पवन 932 मेगावाट) है।

7. **आंध्र प्रदेश** राज्य ने 13 नए जिले गठित करके जिलों की कुल संख्या 26 कर दी है।

   **नोट:** लक्ष्य: बेहतर प्रशासन और पारदर्शिता, कल्याणकारी योजनाओं के लिए एक सरल एवं प्रभावी वितरण तंत्र बनाना, नए जिले: पार्वतीपुरम मन्यम, अल्लूरी सीतारामराजू, अनाकापल्ली, काकीनाडा, कोनसीमा, एलुरु, एनटीआर, पलानाडु, बापटला, नंद्याला, श्री सत्य साई, अन्नामय्या और तिरुपति।

8. **उत्तराखंड** राज्य हिम प्रहरी योजना शुरू करेगा।

   **नोट:** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर हिम प्रहरी योजना को सुचारू रूप से लागू करने में उनका सहयोग मांगा है। हिम प्रहरी का उद्देश्य राज्य की अंतर्राष्ट्रीय सीमा से लोगों के प्रवास को रोकना है।

9. **लेह जिले, लद्दाख के ग्या-ससोमा गांव** में एक सामुदायिक संग्रहालय का उद्घाटन किया गया।

   **नोट:** लक्ष्य: लद्दाख की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित करना और उसे आगे बढ़ाना। लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद (LAHDC) लेह के अध्यक्ष / CEC ताशी ग्याल्टसन ने ग्या-ससोमा में सामुदायिक संग्रहालय का उद्घाटन किया।

10. कर्नाटक सरकार द्वारा दुग्ध उत्पादकों को अधिक वित्तीय मजबूती प्रदान करने के लिए **नंदिनी क्षीरा समृद्धि सहकारी बैंक** की स्थापना की गई।

    **नोट:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारी बैंक का लोगो जारी किया। सहकारी बैंक की प्रस्तावित पूंजी: 360 करोड़ रुपये (राज्य सरकार: 100 करोड़ रुपये और दुग्ध संघ एवं सहकारिता का योगदान 260 करोड़ रुपये)।

11. **तमिलनाडु** राज्य सरकार ने आपात स्थिति के दौरान पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए 'कावाल उथावी' ऐप लॉन्च किया।

    **नोट:** ऐप में साठ विशेषताएं हैं जिनका उपयोग पुलिस कंट्रोल रूम को आपातकालीन सूचना भेजने के लिए किया जाता है। इमरजेंसी रेड बटन दबाने से यूजर की लाइव लोकेशन कंट्रोल रूम से साझा हो जाएगी।

12. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा राज्य के सभी जिलों के प्राथमिक स्कूलों में 100% नामांकन

सुनिश्चित करने के लिए **स्कूल चलो अभियान** शुरू किया गया।

**नोट:** यह अभियान राज्य के न्यूनतम साक्षरता वाले जिलों में से एक श्रावस्ती से शुरू किया गया। इस अभियान का बहराइच, बलरामपुर, बदायूं और रामपुर जिलों तक शीघ्र विस्तार किया जाएगा।

13. **मध्य प्रदेश** राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना शुरू की।

**नोट:** इस योजना के तहत, राज्य सरकार MSME स्टार्ट-अप को 1 लाख से 50 लाख रुपये का ऋण प्रदान करेगी। सरकार 7 वर्ष के लिए 3% प्रति वर्ष ब्याज सब्सिडी और बैंक ऋण गारंटी शुल्क भी देगी।

14. **कांगड़ा चाय** ब्रांड द्वारा यूरोपीय संघ भौगोलिक उपदर्शन टैग (GI टैग) प्राप्त करने की संभावना है।

**नोट:** यह टैग कांगड़ा चाय को यूरोपीय बाजार में प्रवेश करने का अवसर प्राप्त करने में मदद करेगा। कांगड़ा चाय को 2005 में भारतीय GI टैग प्राप्त हुआ।

15. उस भ्रष्टाचार विरोधी मोबाइल ऐप **1064 एंटी-करप्शन मोबाइल ऐप** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा लॉन्च किया गया।

**नोट:** यह मोबाइल एप्लिकेशन सतर्कता विभाग, उत्तराखंड द्वारा विकसित किया गया है। यह नागरिकों को भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतें सीधे अधिकारियों के पास दर्ज कराने में मदद करता है।

16. ओडिशा राज्य सरकार ने राज्य में हरित ऊर्जा के प्रसार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने हेतु भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL) के साथ एक MoU पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** MoU की अवधि: 5 वर्ष, ओडिशा देश में स्टील का सबसे बड़ा निर्माता है और भारत में स्टील निर्माण में 33% योगदान देता है। BPCL 2040 तक 10 गीगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के निर्माण के लिए 25,000 करोड़ रुपये के निवेश की भी योजना बना रहा है।

17. **तमिलनाडु** राज्य ने 14 अप्रैल को डॉ. अंबेडकर की जयंती पर 'समानता दिवस' मनाया।

**नोट:** सरकार ने यह भी बताया कि सभी तमिलों के विकास के उद्देश्य से किसी भी प्रतिनिधित्व पर त्वरित कार्यवाही की गई है। DMK सरकार ने पहले ही पेरियार की जयंती (17 सितंबर) को सामाजिक न्याय दिवस घोषित किया था।

18. **I Sea PondY-2022,** बीच महोत्सव जिसका उद्घाटन पुडुचेरी की उप-ज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सौंदरराजन ने पुडुचेरी में किया।

**नोट:** चार दिवसीय महोत्सव पुडुचेरी गांधी बीच, पोंडी मरीना और सैंड्यून्स ऑफ पैराडाइज बीच में मनाया जाएगा। महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

19. कर्नाटक सरकार द्वारा ब्रेन हेल्थ इनिशिएटिव का ब्रांड एंबेसडर **रॉबिन उथप्पा को** नियुक्त किया गया, जो कर्नाटक स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुरू की गई थी।

**नोट:** KA-BHI को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नीति आयोग और राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं स्नायु विज्ञान संस्थान (NIMHANS), बैंगलोर, कर्नाटक के सहयोग से शुरू किया गया था।

20. छिंदवाड़ा के संतरे का नया नाम **सतपुड़ा संतरे रखा गया।**

**नोट:** अधिकारियों ने फल के लिए एक QR कोड भी बनाया है जो फल के बारे में संपूर्ण जानकारी प्रदान करता है। छिंदवाड़ा के संतरे का छिलका पतला होता है और यह मीठे एवं रसीले होते हैं। इन विशिष्ट गुणों के साथ, किसान बहुराष्ट्रीय कंपनियों को सीधे फल बेच सकते हैं।

21. गुजरात के **दाहोद** जिले में प्रधानमंत्री मोदी ने में 22,000 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उद्घाटन किया।

**नोट:** दाहोद जिला दक्षिणी क्षेत्र क्षेत्रीय जलापूर्ति योजना, नर्मदा नदी बेसिन (840 करोड़ रुपये); दाहोद स्मार्ट सिटी (335 करोड़ रुपये) पर निर्मित है। दाहोद में रेलवे उत्पादन इकाई में 9,000 HP इलेक्ट्रिक रेलइंजन की निर्माण परियोजना, पंचमहल और दाहोद जिलों के 10,000 जनजातीय लोगों को PMAY के तहत 120 करोड़ रुपये प्रदान किए गए।

22. **जम्मू और कश्मीर** ने विभिन्न योजनाओं से संबंधित शिकायतों को ऑनलाइन दर्ज करने में मदद करने के लिए जन निगरानी मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया।

**नोट:** ऐप को जम्मू और कश्मीर द्वारा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के तहत लॉन्च किया गया था। इस ऐप का उद्देश्य विभाग द्वारा शुरू की गई विभिन्न सरकारी योजनाओं के संबंध में जम्मू-कश्मीर के निवासियों की शिकायतें दर्ज करना और उनका समाधान करना है।

23. भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक ने महाराष्ट्र सरकार को सिडबी क्लस्टर डेवलपमेंट फंड (SCDF) के तहत **600 करोड़ रुपये की** राशि को मंजूरी दी है।

**नोट:** कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार विभाग के अधीन व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा संचालित ITI/पॉलीटेक्निक को पूर्वरूप में लाने/उन्नत बनाने के लिए 600 करोड़ रुपये की सहायता को मंजूरी दी गई। SIDBI, MSME के संवर्धन, वित्तपोषण और विकास पर केंद्रित प्रमुख वित्तीय संस्थान है।

24. जम्मू के **पल्ली गांव, सांबा जिला** की पंचायत पूर्णतया सौर ऊर्जा से संचालित, कार्बन तटस्थ बनने वाली देश की पहली पंचायत बनी।

**नोट:** ग्रामीणों की मदद से इस परियोजना (500 किलोवाट सौर संयंत्र) को तीन सप्ताह के रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया। केंद्र सरकार के 'ग्राम ऊर्जा स्वराज' कार्यक्रम के तहत आदर्श पंचायत में 340 घरों को स्वच्छ ऊर्जा प्रदान करने के लिए कुल 6,408 वर्गमीटर के क्षेत्र में 1,500 सौर पैनल लगाए गए थे।

25. जम्मू और कश्मीर के सभी सरकारी विभागों में दिहाड़ी मजदूरों (अनौपचारिक मजदूरों सहित) की न्यूनतम मजदूरी **300 रुपये प्रति दिन** है।

**नोट:** श्रम विभाग ने सूचित किया है कि प्रक्रिया 3 महीने के भीतर पूरी की जाएगी। दिहाड़ी मजदूर केंद्र शासित प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और श्रमबल के एक बड़े वर्ग को लाभ पहुंचाने के लिए अंतरिम उपाय किया गया है।

26. **महाराष्ट्र** राज्य सरकार ने एक अनूठी 'टैप-इन टैप-आउट' सुविधा के साथ शहर की पहली पूर्णतया डिजिटल बस का उद्घाटन किया।

**नोट:** यह गेटवे ऑफ इंडिया से चर्चगेट मार्ग तक चलेगी। बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति और परिवहन (BEST) देश की पहली बस सेवा है जो पूर्णतया डिजिटल है। प्रारंभिक चरण में 'टैप-इन टैप-आउट' सुविधा केवल दो बसों में उपलब्ध होगी।

27. **आगरा (उप्र)** शहर वैक्यूम आधारित सीवर वाला भारत का पहला शहर बन गया।

**नोट:** निगम ने 240 ऐसे घरों (ताजमहल के पास) से वैक्यूम को जोड़ा है जहां पारंपरिक सीवर प्रणाली का उपयोग नहीं किया जा सकता है। सीवर कनेक्शन के काम की अनुमानित लागत 100 करोड़ रुपये है। रखरखाव तथा संपूर्ण देखरेख नीदरलैंड की कंपनी द्वारा पांच वर्ष तक की जाएगी।

28. उत्तर प्रदेश के रामपुर ग्राम **पंचायत पटवई, शाहबाद विकासखंड, उप्र** में भारत के प्रथम अमृत सरोवर का कार्य पूरा हो गया है।

**नोट:** आज़ादी का अमृत महोत्सव के एक भाग के रूप में प्रत्येक जिले में 75 जल निकायों को विकसित और कायाकल्प करने के लिए चुना गया था। सबसे बड़े क्षेत्रफल वाली ग्राम पंचायत सिंगन खेड़ा में तालाब पर निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. **बांग्लादेश आर्थिक क्षेत्र प्राधिकरण (BEZA)** ने एक भारतीय आर्थिक क्षेत्र स्थापित करने के लिए अडानी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** भारतीय आर्थिक क्षेत्र (IEZ) की स्थापना चटगांव के मिरसराय में बंगबंधु शेख मुजीब शिल्पा नगर (BSMSN) में की जाएगी। उद्देश्य: बांग्लादेश में भारतीय निवेशकों को सुविधा प्रदान करना।

2. **संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA)** ने 'स्टेट ऑफ द वर्ल्ड पॉपुलेशन 2022: सीइंग द अनसीन' नामक एक रिपोर्ट जारी की।
   **नोट:** रिपोर्ट से पता चलता है कि सभी गर्भधारण में से लगभग आधे अनचाहे थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि 60% से अधिक अनचाहे गर्भधारण के फलस्वरूप गर्भपात हुआ, जिसमें से 45% गर्भपातों को असुरक्षित माना गया है, जिसमें 5-13% माताओं की मृत्यु हुई।
3. **एलोन मस्क** ने ट्विटर में लगभग 3 बिलियन डॉलर की 9.2% हिस्सेदारी प्राप्त की।
   **नोट:** एलोन मस्क ट्विटर के सबसे बड़े शेयरधारक बन गए हैं। मस्क के पास कंपनी के 27% शेयर हैं जो ट्विटर के संस्थापक जैक डॉर्सी की 2.25% हिस्सेदारी के चार गुना से अधिक है।
4. हुरुन रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा जारी हुरुन रिचेस्ट सेल्फ-मेड वूमन इन द वर्ल्ड 2022 सूची में शामिल तीन भारतीय महिलाएं **फाल्गुनी नायर, राधा वेम्बू, किरण मजूमदार शॉ** हैं।
   **नोट:** 7.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ, मुंबई की फाल्गुनी नायर (नाइका) ने शीर्ष 10 में जगह बनाई। 3.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ, राधा वेम्बू (जोहो) भारत की तीसरी रिचेस्ट सेल्फ-मेड महिला अरबपति हैं।
5. फोर्ब्स द्वारा जारी 36वीं एनुअल वर्ल्डस बिलियनेयर्स लिस्ट 2022 में शीर्ष व्यक्ति **एलोन मस्क (219 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति)** हैं।
   **नोट:** इसके बाद जेफ बेजोस (171 बिलियन डॉलर), बर्नार्ड अरनॉल्ट एंड फैमिली (158 बिलियन डॉलर), बिल गेट्स। अंबानी (90.7 बिलियन डॉलर) 10वें स्थान पर हैं, इसके बाद गौतम अडानी (90 बिलियन डॉलर) को 11वें स्थान पर रखा गया है। विश्व की सबसे अमीर महिला 2022: फ्रेंकोइस बेटेनकोर्ट मेयर्स (लोरियल के संस्थापक की पोती)
6. कोएलिशन फॉर डिजास्टर रिजीलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर (CDRI) में शामिल होने वाला 30वां देश **मेडागास्कर** है।
   **नोट:** CDRI भागीदार: देश की सरकारें, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियां एवं कार्यक्रम, बहुपक्षीय विकास बैंक और वित्तपोषण तंत्र, निजी क्षेत्र एवं शिक्षण संस्थान। CDRI को प्रधानमंत्री मोदी ने सितंबर 2019 में लॉन्च किया था।
7. नए कोविड वेरिएंट XE का पता सबसे पहले **यूनाइटेड किंगडम** में चला।
   **नोट:** यह वैरिएंट कोविड-19 के किसी भी वैरिएंट की तुलना में अधिक संक्रामक है। Xe BA'1 और BA'2 ओमिक्रॉन स्ट्रेन का एक पुनर्योजक वैरिएंट है। यह एक पुनर्योगज वैरिएंट है और इसका तात्पर्य किसी मरीज के कोविड के कई वैरिएंट से संक्रमित होने से है।
8. एम्सटर्डम की अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने केयूकेनहोफ में **पीला ट्यूलिप** किस्म के फूलों का नाम मैत्री रखा।
   **नोट:** 1988 में राष्ट्रपति वेंकटरमन की यात्रा के बाद 34 वर्षों में नीदरलैंड की यह पहली राष्ट्रपति यात्रा है। दोनों देश राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न भी मना रहे हैं।
9. हाइपरसोनिक मिसाइल हमलों और रक्षा क्षमता को बढ़ाने के लिए अमेरिका और ब्रिटेन ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।
   **नोट:** कारण: चीन के साथ मिलकर रूस हाइपरसोनिक मिसाइल क्षेत्र में अपनी क्षमता बढ़ा रहा है। हाइपरसोनिक मिसाइल की विशेषताएं: मैक 5 की गति, परिवर्तनशीलता क्षमता, परमाणु एवं पारंपरिक हथियार ले जाने की क्षमता।
10. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने नेपाली समकक्ष शेर बहादुर देउबा के साथ नेपाल में 132 केवी पावर ट्रांसमिशन लाइन के **सोलू कॉरिडोर** और सबस्टेशन का उद्घाटन किया।
    **नोट:** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधान मंत्री शेर बहादुर देउबा ने मिलकर पहले भारत-नेपाल यात्री रेल लिंक को झंडी दिखाई। उन्होंने नेपाल में रूपे पेमेंट कार्ड भी लॉन्च किया। जुलाई 2021 में

प्रधानमंत्री बनने के बाद यह देउबा की पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा है।

11. 12वीं क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2022 की कला एवं मानविकी श्रेणी में **यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड (यूके)** शीर्ष पर रहा।

**नोट:** इस वर्ष इंजीनियरिंग तथा प्रौद्योगिकी श्रेणी में IIT-बॉम्बे 65वें और IIT-दिल्ली 72वें स्थान पर है। शीर्ष संस्थानों की रैंकिंग: इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी: मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (अमेरिका); प्राकृतिक विज्ञान: मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MIT) (अमेरिका); जीव विज्ञान एवं चिकित्सा: हार्वर्ड यूनिवर्सिटी (अमेरिका); सामाजिक विज्ञान एवं प्रबंधन: हार्वर्ड विश्वविद्यालय (अमेरिका)

12. भारत ने मेड इन इंडिया कोविशील्ड टीकों की 3 लाख 25 हजार खुराक की खेप **कंबोडिया** को दिए।

**नोट:** भारत क्वाड वैक्सीन पहल के तहत हिंद-प्रशांत को कोविड टीकों की 500,000 खुराक दानस्वरूप देने के लिए प्रतिबद्ध है। क्वाड नेताओं द्वारा 2021 में अपने पहले शिखर सम्मेलन में क्वाड वैक्सीन पार्टनरशिप की घोषणा की गई थी। कंबोडिया में भारत की राजदूत: देवयानी खोबरागड़े

13. **भारत** 2023 में नेशनल डेल्फ़िक गेम्स की मेजबानी करेगा।

**नोट:** उद्देश्य: भारतीय संस्कृतियों की विशाल विविधता के जश्न में 36 राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों की कला एवं संस्कृतियों को शामिल करना। इसमें कला की 6 श्रेणियां शामिल हैं: संगीत कला और ध्वनि, प्रदर्शन कला और कलाबाजी, भाषा कला और वाक्पटुता, दृश्य कला और शिल्प, सामाजिक कला और संचार, पारिस्थितिक कला और वास्तुकला।

14. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) ने एडाप्टेशन इनोवेशन मार्केटप्लेस (AIM) के साथ साझेदारी में जलवायु कार्यवाही के लिए संयुक्त रूप से **2.2 मिलियन डॉलर** राशि की घोषणा की।

**नोट:** यह भारत सहित 19 देशों में 22 स्थानीय अन्वेषकों के लिए है। वित्तपोषण का पहला चरण एडाप्टेशन फंड क्लाइमेट इनोवेशन एक्सेलेरेटर (AFCIA) विंडो द्वारा किया जाएगा। यह स्थानीय जलवायु कार्यवाही को बढ़ाने और पेरिस समझौते तथा सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रेरित करने में मदद करता है।

15. श्वास के नमूनों में कोविड-19 का पता लगाने वाला पहला उपकरण **InspectIR कोविड-19 ब्रेथलाइजर है,** जिसे हाल ही में अमेरिका के खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा मंजूरी दी गई।

**नोट:** पॉजिटिव टेस्ट सैंपल की पहचान करने में उपकरण 91.2% सटीक था और निगेटिव टेस्ट सैंपल की पहचान करने में 99.3% सटीक था। टेस्ट तीन मिनट से भी कम समय में परिणाम दे सकता है और टेस्ट एक लाइसेंस प्राप्त स्वास्थ्य सेवा प्रदाता की देखरेख में किया जाना चाहिए।

16. बांग्ला नव वर्ष, **पोहेला बोइसाख** 14 अप्रैल, 2022 को पूरे बांग्लादेश में उत्साह और उत्सव के साथ मनाया गया।

**नोट:** इस महोत्सव को बांग्ला नोबोबोर्ष के नाम से भी जाना जाता है। पोहेला बोइसाख बंगाली सौर कैलेंडर के प्रारंभिक महीने बैसाख के पहले दिन को दर्शाता है। पोहेला बोइशाख तमिलनाडु में पुथांडु, पंजाब में बैसाखी, केरल में विशु और असम में बिहू जैसे अन्य क्षेत्रीय पर्वों के साथ मनाया जाता है।

17. विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, 2011 की तुलना में 2019 में भारत में गरीबी में **12.3%** की कमी आई है।

**नोट:** निर्धनता गणना दर 2011 में 22.5% से गिरकर 2019 में 10.2% हो गई है। निर्धनता में गिरावट शहरी भारत की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक थी। 2011 से 2019 तक ग्रामीण निर्धनता में 14.7% की गिरावट आई जबकि शहरी निर्धनता दर में 7.9% की गिरावट आई।

18. **ट्विटर** ने हाल ही में कंपनी में किसी को भी 15% से अधिक हिस्सेदारी रखने से रोकने के लिए सीमित अवधि के शेयरधारक अधिकार योजना को अपनाया है, इस योजना को 'पॉइजन पिल' भी कहा जाता है।

**नोट:** इससे एलोन मस्क के लिए सोशल मीडिया कंपनी का अधिग्रहण करना कठिन हो जाएगा। वर्तमान में, एलोन मस्क के पास ट्विटर के लगभग 9% शेयर हैं और उन्होंने ट्विटर के सभी शेयरों का अधिग्रहण करने की पेशकश की है। वह प्रति शेयर 54.20 डॉलर के मालिक नहीं हैं, कंपनी का मूल्य 41.4 बिलियन डॉलर है।

**19.** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट के अनुसार, कैलेंडर वर्ष 2022 के लिए वैश्विक विकास दर **3.6% है ।**
**नोट:** कारण: युद्ध के चलते वस्तु की कीमतों में अस्थिरता और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान। IMF ने वित्तीय वर्ष 2023 में भारत की GDP विकास दर के अपने पूर्वानुमान को 9% से घटाकर 8.2% कर दिया।

**20.** यूनाइटेड किंगडम के प्रधान मंत्री **बोरिस जॉनसन है।**
**नोट:** वह दो दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे। वह गांधी आश्रम, गुजरात जैव प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, जेसीबी कंपनी के संयंत्र और गांधीनगर में अक्षरधाम मंदिर जाएंगे। जॉनसन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। दोनों प्रधान मंत्री 2030 दिशानिर्देश के कार्यान्वयन की समीक्षा भी करेंगे और द्विपक्षीय संबंधों के पूर्ण विस्तार में सहयोग को मजबूत करने के लिए अपने दृष्टिकोण निर्धारित करेंगे।

**21.** 26 बिलियन अमेरिकी डॉलर के नए मूल्य के साथ हुरुन ग्लोबल हेल्थकेयर रिच लिस्ट 2022 में **सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (SII) के अध्यक्ष डॉ. साइरस एस. पूनावाला** शीर्ष स्थान पर।
**नोट:** उनके बाद थॉमस फ्रिस्ट जूनियर और HCA हेल्थकेयर फैमिली, ली ज़िटिंग और माइंड्रे के जू हैंग (19 बिलियन अमेरिकी डालर निवल मूल्य) का स्थान है। चीन (34) के बाद अमेरिका (16), स्विटजरलैंड (15), जर्मनी (11), और भारत (9) में स्वास्थ्य उद्योग से जुड़े सर्वाधिक अरबपति हैं।

**22.** **इंडोनेशिया** ने भारत से कृषि आयात को निलंबित कर दिया।
**नोट:** चूंकि नई दिल्ली में प्राधिकरण उन प्रयोगशालाओं को पंजीकृत करने में विफल रहे हैं जो खाद्य सुरक्षा का परीक्षण करती हैं और विश्लेषण प्रमाण पत्र (COA) जारी करती हैं। वियतनाम और थाईलैंड जैसे देशों ने समय से पहले COA प्रदान करने वाली अपनी प्रयोगशालाओं को पंजीकृत किया था।

**23.** **भारत** को संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (ECOSOC) के चार निकायों में शामिल किया गया।
**नोट:** आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (ECOSOC) 1945 में संयुक्त राष्ट्र चार्टर द्वारा स्थापित संयुक्त राष्ट्र तंत्र के छह प्रमुख अंगों में से एक है। इसमें महासभा द्वारा चुने गए संयुक्त राष्ट्र के 54 सदस्य होते हैं।

**24.** **आयरन बीम,** एक नई लेजर आधारित वायु रक्षा प्रणाली जिसका इज़राइल द्वारा सफल परीक्षण किया गया।
**नोट:** नई लेजर मिसाइल-रक्षा प्रणाली किसी भी हवा में उड़ती किसी भी वस्तु को नष्ट कर सकती है। आयरन बीम दुनिया की पहली ऊर्जा आधारित हथियार प्रणाली है जो आने वाले यूएवी, रॉकेट, मोर्टार, लंबी दूरी की मिसाइलों, एंटी-टैंक मिसाइलों आदि को मार गिराने के लिए लेजर बीम का उपयोग करती है।

**25.** विश्व पुस्तक राजधानी सलाहकार समिति की सिफारिश पर **ग्वाडलजारा (मेक्सिको)** शहर को वर्ष 2022 के लिए विश्व पुस्तक राजधानी घोषित किया गया।
**नोट:** यह घोषणा यूनेस्को के महानिदेशक, ऑड्रे अज़ोले द्वारा की गई थी। शहर को 2017 से यूनेस्को रचनात्मक शहर की मान्यता पहले ही दी जा चुकी है।

**26.** **इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI)** 118 वर्षों में पहली बार 21वीं वर्ल्ड कांग्रेस ऑफ एकाउंटेंट्स (WCOA) की मेजबानी करेगा।
**नोट:** फ्रांस को बोली में पछाड़ने के बाद यह आयोजन 18 से 21 नवंबर तक चलेगा। कार्यक्रम का आयोजन मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में किया जाएगा।

2022 का विषय `Building Trust Enabling Sustainability'

27. एलोन मस्क ने **44 बिलियन डॉलर** धनराशि में ट्विटर का अधिग्रहण किया।
**नोट:** सौदे की शर्तों के तहत, शेयरधारकों को उनके स्वामित्व वाले ट्विटर स्टॉक के प्रत्येक शेयर के लिए 54.20 डॉलर नकद प्राप्त होंगे। अधिग्रहण का समझौता नियामक और अन्य अनुमोदनों से होकर गुजरा, इसके बाद सोशल मीडिया की दिग्गज कंपनी निजी हो गई।

28. 21 से 24 अप्रैल 2022 तक आयोजित पेरिस बुक फेस्टिवल 2022 में **भारत** को गेस्ट ऑफ ऑनर देश नामित किया गया है।
**नोट:** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन (NID) ने इंडिया पवेलियन को डिजाइन किया है। विभिन्न भारतीय भाषाओं में डिजिटल और भौतिक प्रदर्शनियां दिखाई गईं जो 65 भारतीय प्रकाशकों की रचनाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं।

29. WEF 2022 लिस्ट ऑफ यंग ग्लोबल लीडर्स (40 वर्ष से कम) द्वारा **7** भारतीय लोगों को सूची में शामिल किया गया है।
**नोट:** राघव चड्ढा (आप नेता), मायखाइलो फेडोरोव (यूक्रेन के उप प्रधानमंत्री और डिजिटल परिवर्तन मंत्री), और राधिका गुप्ता (एडलवाइस MF CEO) को WEF 2022 लिस्ट ऑफ यंग ग्लोबल लीडर्स की सूची में शामिल किया गया जो 40 वर्ष से कम आयु के हैं। अन्य भारतीय: मानसी जोशी (एथलीट), रितेश मलिक (इनोव 8 कोवर्किंग के संस्थापक), सुहैल समीर (भारत पे, CEO), विनीता सिंह (शुगर कॉस्मेटिक्स CEO), और जयदीप बंसल (ग्लोबल हिमालयन एक्सपेडिशन CEO)।

30. स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) के अनुसार, सैन्य खर्च में भारत की रैंक **तीसरी।**
**नोट:** शीर्ष पांच: अमेरिका, चीन, भारत, यूनाइटेड किंगडम और रूस हैं। भारत में सैन्य खर्च 2021 में 76.6 बिलियन डॉलर था जिसमें 2020 की तुलना में 0.9% की वृद्धि हुई है।

31. महत्वपूर्ण आयात हेतु भुगतान आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विश्व बैंक ने श्रीलंका को **600 मिलियन अमेरिकी डॉलर की** वित्तीय सहायता मंजूर की है।
**नोट:** श्रीलंका ने वित्तीय सहायता के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) से भी बात की है, लेकिन देश को अपने आवश्यक खर्चों को पूरा करने में सहायता हेतु 3 से 4 बिलियन डॉलर के अंतरिम वित्तपोषण की आवश्यकता है। भारत ने 1.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर की सहायता से श्रीलंका की मदद की है।

32. भारत-जर्मनी अंतर-सरकारी परामर्श के छठे संस्करण में भारत की ओर से **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** शामिल होंगे।
**नोट:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 मई से जर्मनी, डेनमार्क और फ्रांस के तीन दिवसीय दौरे पर जाएंगे। प्रधानमंत्री जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और भारत-जर्मनी अंतर-सरकारी परामर्श के छठे संस्करण की सह-अध्यक्षता करेंगे।

## सम्मान एवं पुरस्कार

1. गणतंत्र दिवस परेड 2022 के लिए **नौसेना दल** ने सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्ते की ट्रॉफी प्राप्त की।
**नोट:** टुकड़ी का नेतृत्व लेफ्टिनेंट कमांडर आंचल शर्मा ने किया, जिसमें लेफ्टिनेंट शुभम शर्मा प्लाटून कमांडर थे और इसमें 96 युवा नाविक शामिल थे। एक जिला एक उत्पाद और काशी विश्वनाथ धाम के प्रदर्शन हेतु उत्तर प्रदेश ने गणतंत्र दिवस 2022 के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य झांकी का पुरस्कार जीता।

2. लास वेगास में ग्रैमी अवार्ड्स 2022 का 64वां संस्करण आयोजित किया गया।
**नोट:**

- एल्बम ऑफ द ईयर: जॉन बैटिस्ट द्वारा 'We Are'
- रिकॉर्ड ऑफ द ईयर: सिल्क सोनिक द्वारा 'लीव द डोर ओपन'
- सॉन्ग ऑफ द ईयर: लीव द डोर ओपन
- नई कलाकार: ओलिविया रोड्रिगो
- बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस: मोहब्बत, गायिका अरूज आफताब (पहली पाकिस्तानी)
- बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम: मदर नेचर, गायिका एंजेलिक किडजो
- फाल्गुनी शाह ने अपने वर्ष 2021 के एल्बम 'ए कलरफुल वर्ल्ड' के लिए ग्रैमी अवार्ड जीता।
- भारतीय संगीतकार रिकी केज ने 64वें ग्रैमी अवार्ड्स 2022 में अपना दूसरा ग्रैमी जीता।

**3.** चमेली देवी जैन पुरस्कार के लिए **पत्रकार आरिफा जौहरी (Scroll.in)** को चुना गया है।
**नोट:** उन्होंने आउटस्टैंडिंग वुमन मीडिया पर्सन 2021 की श्रेणी में पुरस्कार जीता। मीडिया फाउंडेशन ने 1981 से चमेली देवी जैन पुरस्कार प्रदान करना प्रारंभ किया है।

**4.** कविता संग्रह 'मैं तो यहां हूं' के लिए प्रतिष्ठित सरस्वती सम्मान 2021 हेतु **प्रोफेसर रामदरश मिश्रा** को चुना गया।
**नोट:** प्रतिष्ठित साहित्यिक पुरस्कार सरस्वती सम्मान वर्ष 1991 में स्थापित किया गया था। सम्मान प्राप्तकर्ता: किसी भारतीय नागरिक द्वारा किसी भी भारतीय भाषा में लिखित और पिछले 10 वर्षों के भीतर प्रकाशित साहित्यिक रचना।

**5.** तबला वादक जाकिर हुसैन, जतिन गोस्वामी, डॉ. सोनल मानसिंह और थिरुविदैमरुदुर कुप्पियाह कल्याणसुंदरम को **संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप** से सम्मानित किया गया।
**नोट:** उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने चार व्यक्तियों को संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप, 40 को संगीत नाटक पुरस्कार और 23 हस्तियों को राष्ट्रीय ललित कला अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया। संगीत नाटक अकादमी ने नई दिल्ली में प्रदर्शन कला महोत्सव का आयोजन किया।

**6.** कनाडाई फोटोग्राफर एम्बर ब्रैकेन द्वारा ली गई **कैमलूप्स रेजिडेंशियल स्कूल** तस्वीर ने वर्ल्ड प्रेस फोटो ऑफ द ईयर 2022 का खिताब जीता।
**नोट:** फोटोग्राफ ब्रिटिश कोलंबिया में कैमलूप्स इंडियन रेजिडेंशियल स्कूल में क्रूरता के कारण हुई बच्चों की मौत को दर्शाती है। फोटो स्टोरी ऑफ द ईयर पुरस्कार: नेशनल ज्योग्राफिक/पैनोस पिक्चर्स के लिए ऑस्ट्रेलियाई फोटोग्राफर मैथ्यू एबॉट

7. प्रतिष्ठित मणिपुर राज्य फिल्म पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से सम्मानित होने वाली पहली ट्रांसजेंडर अभिनेत्री **बिशेश हुइरेम** हैं।
**नोट:** उन्हें फिल्म 'अपाइबा लीचिल' (तैरते मेघ) में एक ट्रांसजेंडर का किरदार निभाने के असाधारण अभिनय के लिए पुरस्कार मिला। उन्होंने स्पेशल मेंशन अवार्ड भी जीता। सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म: रोमी मीतेई द्वारा निर्देशित 'इखोइगी युम' सर्वश्रेष्ठ निर्देशन पुरस्कार: बॉबी हाओबम (फिल्म 'रोंगडाइफ')

**8.** **प्रख्यात असमिया कवि नीलामणि फूकन को** गुवाहाटी में देश के सर्वोच्च साहित्यिक पुरस्कार 56वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
**नोट:** ममोनी रोयसोम गोस्वामी और बीरेंद्र कुमार भट्टाचार्य के बाद नीलमणि फूकन असम से ज्ञानपीठ पुरस्कार जीतने वाले तीसरे व्यक्ति हैं। 57वां ज्ञानपीठ पुरस्कार 2022: उपन्यासकार दामोदर मौजो को भारतीय साहित्य में उनके योगदान के लिए चुना गया।

**9.** 45 वर्ष पहले लिखी गई एक लघु कथा के लिए ओ हेनरी अवॉर्ड 2022 से **वयोवृद्ध बंगाली लेखक अमर मित्रा** को सम्मानित किया गया।
**नोट:** लघु कथा का शीर्षक 'गांवबरो' है, जो 1977 में लिखी गई एक बंगाली लघु कथा है। इस कहानी का अंग्रेजी में अनुवाद (द ओल्ड मैन ऑफ कुसुमपुर) किया गया था। उन्हें 2006 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से भी नवाजा गया था।

10. दिग्गज गायिका लता मंगेशकर की स्मृति में स्थापित पहले लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से **प्रधानमंत्री मोदी को** सम्मानित किया जाएगा।

**नोट:** पुरस्कार समारोह 24 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा, जो मास्टर दीनानाथ मंगेशकर (गायिका के पिता) की 80वीं पुण्यतिथि है। अन्य पुरस्कार विजेता: गायक राहुल देशपांडे, अनुभवी अभिनेत्री आशा पारेख, अभिनेता जैकी श्रॉफ और मुंबई डब्बावाला, जिसका प्रतिनिधित्व नूतन टिफिन सप्लायर्स करते हैं।

11. नई दिल्ली में 80वीं स्कोच समिट में इस्पात मंत्रालय के अधीन **राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (NMDC)** को एक स्वर्ण और एक रजत पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**नोट:** 80वीं स्कोच समिट 2022 का विषय 'State of BFSI & PSUs', NMDC ने ERP कार्यान्वयन के लिए 'प्रॉजेक्ट कल्पतरु' हेतु सामाजिक उत्तरदायित्व की श्रेणी में स्वर्ण और डिजिटल समावेशन श्रेणी में रजत जीता। NMDC मुख्यालय: हैदराबाद, अध्यक्ष और MD: सुमित देब

12. संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन (UNFAO) और आर्बर डे फाउंडेशन द्वारा **मुंबई** को 2021 के लिए 'ट्री सिटी ऑफ द वर्ल्ड' से सम्मानित किया गया।

**नोट:** मुंबई को स्वस्थ, लचीले और खुशहाल शहरों के निर्माण में शहरी पेड़ और हरियाली उगाने और उसे बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया। आर्बर डे फाउंडेशन के CEO: डैन लैम्बे

13. **दिव्यंका त्रिपाठी** को एक कलाकार के रूप में उनके अभूतपूर्व काम के लिए मध्य प्रदेश चैंपियन ऑफ चेंज अवार्ड 2021 से सम्मानित किया गया।

**नोट:** कार्यक्रम का आयोजन इंटरएक्टिव फोरम ऑन इंडियन इकोनॉमी (IFIE) द्वारा भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में किया गया था।

- अन्य पुरस्कार विजेता:
- मुख्यमंत्री: शिवराज सिंह चौहान
- उप्र और मिजोरम के पूर्व राज्यपाल: डॉ. अजीज कुरैशी
- संगीत कलाकार: पद्म विभूषण तीजन बाई
- इंदौर की मेयर: मालिनी लक्ष्मणसिंह गौर

14. मैल्कम आदिशेशैया पुरस्कार 2022 के लिए **प्रभात पटनायक** को चुना गया।

**नोट:** यह पुरस्कार मैल्कम और एलिजाबेथ आदिशेयौया ट्रस्ट द्वारा एक उत्कृष्ट समाज विज्ञानी को दिया जाता है। उन्होंने नई दिल्ली में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (JNU) के स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज़ में सेंटर फॉर इकोनॉमिक स्टडीज़ एंड प्लानिंग में अध्यापन किया और केरल राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष रहे।

15. ईवाई एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर 2021 का पुरस्कार **नायका की संस्थापक और CEO, फाल्गुनी नायर** ने जीता।

**नोट:** वह 9 जून 2022 को मोनाको में ईवाई वर्ल्ड एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर अवार्ड (WEOY) में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। लार्सन एंड टुब्रो के ए.एम. नाइक को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

16. उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने कुष्ठ रोग उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय गांधी पुरस्कार, 2021 से **चंडीगढ़ के डॉ. भूषण कुमार और सहयोग कुष्ठ यज्ञ ट्रस्ट, गुजरात को** सम्मानित किया।

**नोट:** यह पुरस्कार गांधी मेमोरियल लेप्रोसी फाउंडेशन द्वारा स्थापित किया गया है। डॉ. भूषण कुमार और सहयोग कुष्ठ यज्ञ ट्रस्ट दोनों ही कुष्ठ रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इससे पीड़ित लोगों की देखभाल के लिए काम कर रहे हैं।

17. नागर विमानन मंत्रालय की **उड़े देश का आम नागरिक (UDAN)** को 'नवाचार (सामान्य) - केंद्रीय' श्रेणी के तहत लोक प्रशासन 2020 में प्रधान मंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार के लिए चुना गया।

**नोट:** UDAN योजना केवल मात्रात्मक लक्ष्यों की प्राप्ति के बजाय सुशासन, गुणात्मक उपलब्धियों और सुदूर संपर्क पर जोर देती है। पुरस्कार में ट्रॉफी, स्क्रॉल और 10 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

18. **इंडसइंड बैंक** को सर्वोत्तम एंटरप्राइज पेमेंट्स हब (EPH) के निर्माण के लिए 'पेमेंट्स सिस्टम

ट्रांसफॉर्मेशन' की श्रेणी के तहत वैश्विक 'सेलेंट मॉडल बैंक' पुरस्कार प्रदान किया गया।

**नोट:** यह पुरस्कार क्लाउड-आधारित सेंट्रल पेमेंट हब बनाने में बैंक के शानदार सफर को सम्मानित करता है। यह पेमेंट हब सभी प्रकार के भुगतान निर्देशों और सभी आरंभिक क्लाइंट टचप्वाइंटों में होने वाले उच्च लेनदेन के बोझ को निर्बाध रूप से संसाधित करने में सक्षम है।

19. **टिम साउथी (न्यूज़ीलैंड के तेज गेंदबाज)** को न्यूजीलैंड क्रिकेट (NZC) अवार्ड्स में सर रिचर्ड हैडली मेडल से सम्मानित किया गया।

**नोट:** वूमन्स्ा सुपर स्मैश प्लेयर ऑफ़ द ईयर: अमेलिया केर (वेलिंगटन ब्लेज़); मेन्स सुपर स्मैश प्लेयर ऑफ़ द ईयर: माइकल ब्रेसवेल (वेलिंगटन फायरबर्ड्स); इंटरनेशनल वूमन्स ODI प्लेयर ऑफ़ द ईयर: अमेलिया केर (वेलिंगटन ब्लेज़); इंटरनेशनल मेन्स ODI प्लेयर ऑफ द ईयर: विल यंग (सेंट्रल स्टैग्स); प्रथम श्रेणी गेंदबाजी के लिए विंसोर कप: टिम साउथी (नॉदर्न डिस्ट्रिक्ट); घरेलू महिला गेंदबाजी के लिए फाइल ब्लैकलर कप: ईडन कार्सन (ओटागो स्पार्क्स); न्यूज़ीलैंड अंपायर ऑफ द ईयर: क्रिस गफ्फानी

20. खेलो इंडिया योजना के माध्यम से खेल और कल्याण में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के कार्यान्वयन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए **चूरू (राजस्थान), और बिष्णुपुर (मणिपुर)** जिलों को लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के प्रतिष्ठित प्रधान मंत्री पुरस्कार 2021 से सम्मानित किया गया।

**नोट:** पुरस्कार समारोह 15वें सिविल सेवा दिवस (21 अप्रैल, 2022) समारोह के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित किया गया था।

21. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा अनुसंधान, प्रलेखन के प्रति समर्पण और प्रकृति के संरक्षण एवं इसके जीर्णोद्धार हेतु समर्थन के लिए चैंपियंस ऑफ द अर्थ लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से **सर डेविड एटनबरो** सम्मानित किया गया।

**नोट:** नीति नेतृत्वकर्ता: मिया मोटली (बारबाडोस के प्रधान मंत्री); प्रेरणा और कार्य: मेलानेशिया (पापुआ न्यू गिनी और सोलोमन द्वीप समूह) की समुद्री महिलाएं; उद्यमी दृष्टिकोण: मारिया कोलेसनिकोवा (किर्गिज़ गणराज्य)

22. पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (PRSI) द्वारा पब्लिक रिलेशन अवार्ड्स 2022 से **नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (NMDC)** को सम्मानित किया गया।

**नोट:** श्री श्रीनिवास राव, DGM (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस) ने नवरत्न PSU की ओर से पुरस्कार प्राप्त किया। NMDC अध्यक्ष: सुमित देब

23. हाशिए की पृष्ठभूमि के बच्चों की शिक्षा तक पहुंच में सुधार लाने में असाधारण कार्य के लिए कॉमनवेल्थ प्वाइंट्स ऑफ लाइट अवार्ड हेतु **किशोर कुमार दास (बांग्लादेश) को** चुना गया।

**नोट:** उन्होंने 2013 में केवल 22 विद्यार्थियों के साथ बिद्यानंदो नामक एक शैक्षणिक चैरिटी शुरू की। उन्होंने एक टकाय आहार (एक टका में भोजन) नामक एक खाद्य कार्यक्रम भी शुरू किया, जिसमें 10,000 से अधिक कमजोर लोगों (विशेषकर बच्चों, बेघरों) को पौष्टिक भोजन प्रदान किया गया।

24. **यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की** को लोकतंत्र की रक्षा हेतु कार्य करने के लिए जॉन एफ. कैनेडी प्रोफाइल इन करेज अवार्ड दिया गया।

**नोट:** ज़ेलेंस्की का चयन इसलिए किया गया क्योंकि उन्होंने अपने देश के लिए जीने या मरने की लड़ाई में यूक्रेन के लोगों की भावना, देशभक्ति और अथक बलिदान को सर्वोपरि रखा। कैरोलीन कैनेडी और जैक श्लॉसबर्ग 22 मई को बोस्टन में जॉन एफ. कैनेडी प्रेसिडेंशियल लाइब्रेरी में पुरस्कार प्रदान करेंगे।

25. **मेघालय** सरकार के योजना विभाग की ई-प्रस्ताव प्रणाली की प्रमुख पहल ने एक प्रतिष्ठित संयुक्त राष्ट्र पुरस्कार - वर्ल्ड समिट ऑन द इन्फॉर्मेशन सोसाइटी फोरम (WSIS) प्राइज़, 2022 जीता।

**नोट:** विकास के लिए सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने में सरकारों और सभी हितधारकों की भूमिका

की श्रेणी। ई-प्रस्ताव प्रणाली मेघालय एंटरप्राइज आर्किटेक्चर (MeghEA) का एक भाग है जिसने फाइलों से संबंधित 75% भौतिक कार्य समाप्त करने में मदद की।

**26.** लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर 2022 के लिए **F1 चैंपियन मैक्स वेर्स्टाप्पेन** को चुना गया।

**नोट:** ओलिंपिक धाविका इलेन थॉम्पसन-हेराह (जमैका) को स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर चुना गया। ब्रेकथ्रू ऑफ द ईयर प्राइज़: एम्मा रादुकानु (ब्रिटिश), लॉरियस स्पोर्टिंग आइकॉन अवार्ड: वैलेंटिनो रॉसी; एक्सेप्शनल अचीवमेंट अवॉर्ट: रॉबर्ट लेवांडोव्स्की; वर्ल्ड टीम ऑफ द ईयर अवॉर्ड: इटली पुरुष फुटबॉल टीम; वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर अवॉर्ड: स्काई ब्राउन (स्केटबोर्ड)

**27.** **अटल टनल** को इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस (IBC) का 'बेस्ट इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट' अवार्ड प्रदान किया गया।

**नोट:** यह सीमा सड़क संगठन (BRO) द्वारा बनाई गई थी। DG BRO, लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी ने IBC के 25वें वार्षिक सम्मेलन के दौरान पुरस्कार प्राप्त किया। सुरंग को न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड (NATM) का उपयोग करके बनाया गया था। अटल सुरंग मनाली के पास सोलंग घाटी को लाहौल और स्पीति जिलों में सिसु से जोड़ती है।

**28.** पेरू के विदेश मंत्रालय द्वारा ऑर्डर ऑफ "मेरिट इन द डिप्लोमैटिक सर्विस ऑफ़ पेरू जोस ग्रेगोरियो पाज़ सोल्डन" **अर्देशिर बी.के. दुबाश** को प्रदान किया गया।

**नोट:** भारत में पेरू के राजदूत, एच.ई. कार्लोस आर. पोलो ने उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया। दुबाश को 1973 में ऑनरेरी कान्सल ऑफ पेरू के रूप में नामित किया गया। द ऑर्डर ऑफ मेरिट 2004 में शुरू किया गया था, जिसका नाम जोस ग्रेगोरियो पाज़ सोल्डन के नाम पर रखा गया था।

**29.** इंडिया फार्मा एंड इंडिया मेडिकल डिवाइस अवार्ड्स 2022 के एक भाग के रूप में **ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड** को 'इंडिया फार्मा इनोवेशन ऑफ द ईयर' अवार्ड मिला।

**नोट:** इंडियन फार्मा लीडर ऑफ द ईयर: सिप्ला लिमिटेड। इंडियन फार्मा (फॉर्मूलेशन): माइक्रो लैब्स लिमिटेड। इंडियन फार्मा सीएसआर ऑफ द ईयर: जायडस लाइफसाइंसेज लिमिटेड; इंडिया मेडिकल डिवाइस लीडर ऑफ द ईयर: पॉली मेडिक्योर लिमिटेड। इंडिया मेडिकल डिवाइस कंपनी ऑफ द ईयर: ट्रिविट्रॉन हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड।

**30.** दूसरी बार प्रतिष्ठित व्हिटली गोल्ड अवार्ड **चारुदत्त मिश्रा** ने जीता।

**नोट:** उन्हें 2005 में अपना पहला व्हिटली गोल्ड अवार्ड मिला। उन्हें यह पुरस्कार एशिया के सबसे ऊंचे पर्वतीय पारिस्थितिक तंत्र में इन प्रजातियों के संरक्षण तथा पुनर्वास में स्वदेशी समुदायों को शामिल करने में उनके योगदान के लिए मिला है। प्रिंसेस ऐनी ने मिश्रा को लंदन की रॉयल जियोग्राफिक सोसायटी में पुरस्कार प्रदान किया।

## खेल समाचार

**1.** लसिथ मलिंगा को पछाड़कर **ड्वेन ब्रावो (171)** IPL के इतिहास में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने।

**नोट:** उन्होंने मुंबई में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में रिकॉर्ड बनाया। मलिंगा ने मुंबई इंडियंस के लिए 122 मैचों में 170 विकेट लिए थे।

**2.** न्यूज़ीलैंड के क्राइस्टचर्च स्थित हेगले ओवल में इंग्लैंड को 71 रनों से हराकर ICC महिला क्रिकेट विश्व कप 2022 का खिताब **ऑस्ट्रेलिया** ने जीता।

**नोट:** ऑस्ट्रेलिया ने सातवीं बार ICC महिला क्रिकेट विश्व कप जीता है। उन्होंने 357 रनों का लक्ष्य रखा; इंग्लैंड की टीम 43.4 ओवर में 285 रन पर ऑल आउट हो गई। प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट 2022: एलिसा हेली

**3.** कतर फीफा 2022 शुभंकर का नाम **La'eeb** है।

**नोट:** La'eeb एक अरबी शब्द है जिसका अर्थ है अत्यंत कुशल खिलाड़ी। बायजूस फीफा विश्व कप का पहला भारतीय प्रायोजक है। फीफा 2022 आधिकारिक मैच बॉल: अल रिहला, एडिडास द्वारा निर्मित।

**4.** 83वीं राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2022 भारत के **SAI इंडोर ट्रेनिंग सेंटर, NEHU, शिलांग, मेघालय** में आयोजित की जाएगी।

**नोट:** पूर्वोत्तर दूसरी बार दुनिया के सबसे बड़े टेबल टेनिस टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। यह प्रतियोगिता मेघालय के 50वें राज्य स्थापना समारोह पर हो रही है।

**5.** पुरुष एकल मियामी ओपन 2022 का प्रतिष्ठित खिताब **कार्लोस एल्काराज़** ने जीता।

**नोट:** उन्होंने वर्ल्ड नंबर 8 कैस्पर रूड को हराकर सबसे युवा चैंपियन बनने का इतिहास भी रचा। एल्काराज नोवाक जोकोविच को प्रतिस्थापित करके मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में सबसे युवा पुरुष एकल चैंपियन बने। महिला एकल मियामी ओपन 2022 जापान की नाओमी ओसाका को हराकर इगा स्विटेक (पोलैंड) ने जीता।

**6. द फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया, भारत** ने 2023 में एशियाई जूनियर अंडर-20 पुरुष एवं महिला और कैडेट अंडर -17 लड़कों और लड़कियों की तलवारबाजी चैंपियनशिप की मेजबानी की बोली जीती।

**नोट:** चैंपियनशिप गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित की जाएगी। बोली महासचिव, राजीव मेहता द्वारा पेश की गई थी। भारतीय तलवारबाज, सी.ए. भवानी देवी ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय तलवारबाज हैं। फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष: पंकज सिंह

**7. दीपिका पल्लीकल (सौरव घोषाल के साथ साझेदारी) की** टीम ने मिश्रित युगल स्क्वैश चैंपियनशिप 2022 जीती।

**नोट:** उन्होंने अंग्रेज जोड़ी एड्रियन वालर और एलिसन वाटर्स को हराया। दीपिका पल्लीकल और जोशना चिनप्पा की जोड़ी ने इंग्लैंड की सारा-जेन पेरी और एलिसन वाटर्स को हराकर महिला युगल स्क्वैश खिताब अपने नाम किया।

**8.** थाईलैंड ओपन इंटरनेशनल बॉक्सिंग टूर्नामेंट 2022 जिसमें 15 भारतीय मुक्केबाजों के समूह ने तीन स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य समेत 10 पदक जीते, **फुकेत** में में आयोजित किया गया था।

**नोट:** स्वर्ण: गोविंद साहनी (48 किग्रा), अनंत प्रल्हाद चोपडे (54 किग्रा), सुमित (75 किग्रा); रजत: अमित पंघाल (52 किग्रा), मोनिका (48 किग्रा), वरिंदर सिंह (60 किग्रा), आशीष कुमार (81 किग्रा); कांस्य: मनीषा (57 किग्रा), पूजा (69 किग्रा) भाग्यबती कचारी (75 किग्रा)

**9.** मेलबर्न, विक्टोरिया में अल्बर्ट पार्क सर्किट में 10 अप्रैल 2022 को आयोजित F1 ऑस्ट्रेलियन ग्रैंड प्रिक्स 2022 का खिताब **फेरारी ड्राइवर चार्ल्स लेक्लर्क** ने जीता

**नोट:** उन्होंने रेड बुल के ड्राइवर सर्जियो पेरेज़ और मर्सिडीज के ड्राइवर जॉर्ज रसेल को पीछे छोड़ा। मर्सिडीज के ड्राइवर लुईस हैमिल्टन चौथे स्थान पर रहे, उनके बाद मैक्लारेन के नॉरिस और रिकियार्डो रहे।

**10.** पहली खेलो इंडिया राष्ट्रीय रैंकिंग महिला तीरंदाजी **टाटा आर्चरी एकेडमी, जमशेदपुर (झारखंड)** में आयोजित की जाएगी।

**नोट:** भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) ने छह चरणों में खेलो इंडिया राष्ट्रीय रैंकिंग महिला तीरंदाजी टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए 75 लाख रुपये की मंजूरी दी है। टूर्नामेंट विश्व तीरंदाजी नियमों के अनुसार रिकर्व और कंपाउंड स्पर्धाओं में सीनियर, जूनियर और कैडेट श्रेणियों में आयोजित किया जाएगा।

**11.** मार्च 2022 के लिए ICC मेन्स ऑफ द मंथ **पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को चुना गया।**

**नोट:** महिला खिलाड़ी: ऑस्ट्रेलिया रशेल हेन्स; बाबर आज़म ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पाकिस्तान की कई प्रारूपों वाली घरेलू श्रृंखला के दौरान शानदार फॉर्म दिखाई; उन्होंने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 390

रन बनाए। हेन्स ने आठ मैचों में 61.28 की औसत से 429 रन बनाए।

12. दक्षिण अफ्रीका के पॉचेफस्ट्रूम में जर्मनी को हराकर **नीदरलैंड** टीम ने FIH जूनियर महिला हॉकी विश्व कप 2022 का अपना चौथा खिताब जीता।
**नोट:** तीसरे स्थान के लिए मैच में इंग्लैंड ने शूट-आउट में भारत को 3-0 से हराकर कांस्य पदक जीता। 2023 महिला FIH हॉकी जूनियर विश्व कप: सैंटियागो, चिली

13. T20 क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाले विराट कोहली के बाद **रोहित शर्मा** दूसरे भारतीय और दुनिया के सातवें बल्लेबाज बने।
**नोट:** उन्होंने पुणे में पंजाब किंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस के IPL 2022 मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। क्रिस गेल 14,562 रनों के साथ रन बनाने वालों की सूची में शीर्ष पर हैं, उनके बाद पाकिस्तान के शोएब मलिक, वेस्टइंडीज के कीरोन पोलार्ड, ऑस्ट्रेलिया के एरोन फिंच, विराट कोहली और ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर हैं।

14. युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर **आर. प्रगानंनधा** ने 7.5 अंकों के साथ आइसलैंड में आयोजित प्रतिष्ठित रेक्जैविक ओपन चेस टूर्नामेंट का खिताब जीता।
**नोट:** 16 वर्षीय प्रगानंनधा ने फाइनल राउंड में अपने प्रतिद्वंद्वी ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश को हराया है। उन्हें 2018 में महज 12 वर्ष 10 महीने की आयु में ग्रैंड मास्टर के प्रतिष्ठित खिताब से नवाजा जा चुका है।

15. ऑस्ट्रेलिया का **विक्टोरिया शहर** 2026 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा।
**नोट:** खेलों का आयोजन मेलबर्न, जिलॉन्ग, बेंडिगो, बैलेरैट और गिप्सलैंड सहित कई शहरों और क्षेत्रीय केंद्रों में किया जाएगा। उद्घाटन समारोह स्थल: मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (100,000-क्षमता); ऑस्ट्रेलिया ने पांच बार राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन किया है - सिडनी (1938), पर्थ (1962), ब्रिसबेन (1982), और गोल्ड कोस्ट (2018)।

16. ऑस्ट्रेलियाई पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच **एंड्रयू मैकडोनाल्ड को** नियुक्त किया गया।
**नोट:** उन्होंने चार वर्ष के अनुबंध के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। मैकडोनाल्ड 2019 में एक सहायक के रूप में ऑस्ट्रेलियाई टीम से जुड़े थे। मैकडोनाल्ड ने जस्टिन लैंगर की भूमिका निभाई, जिन्होंने फरवरी में अप्रिय परिस्थितियों के चलते इस्तीफा दे दिया था।

17. भारत **2023** में स्ट्रीट चाइल्ड क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी करेगा।
**नोट:** इसे स्ट्रीट चाइल्ड यूनाइटेड और सेव द चिल्ड्रन इंडिया द्वारा आयोजित किया जाएगा। यह विश्व कप ICC विश्व कप से पहले सितंबर में आयोजित किया जाएगा, और स्ट्रीट चाइल्ड तथा युवा मिक्स्ड-जेंडर क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेंगे। 2019 में टीम इंडिया साउथ ने मेजबान इंग्लैंड को हराकर कप जीता।

18. **तैराकी में पुरुषों की 200 मीटर बटरफ्लाई** में साजन प्रकाश ने स्वर्ण पदक जीता।
**नोट:** वेदांत माधवन ने डेनमार्क के कोपेनहेगन में डेनमार्क ओपन तैराकी में पुरुषों की 1500 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में रजत पदक जीता। 1.59.27 का समय लेकर प्रकाश पोडियम पर शीर्ष स्थान पर रहे। वह इटली ओलंपिक (2021) के लिए 'A' अर्हता हासिल करने वाले पहले भारतीय तैराक बने।

19. पंजाब को हराकर **तमिलनाडु** ने 71वीं सीनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में पुरुषों का खिताब जीता है।
**नोट:** पुरुषों के फाइनल मुकाबले में, तमिलनाडु धीमी शुरुआत के बाद तेज रफ्तार पकड़ी जबकि पंजाब ने गति स्थिर रही। भारतीय रेलवे की टीम ने तेलंगाना को हराकर महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया।

20. **स्टेफानोस सितसिपास** ने एलेजैंड्रो डेविडोविच फोकिना को हराकर मोंटे-कार्लो मास्टर्स का खिताब जीता।
**नोट:** वह ओपन एरा में लगातार दो मोंटे कार्लो मास्टर्स जीतने वाले छठे खिलाड़ी बने। वह 2018 में राफेल नडाल के बाद मोंटे कार्लो मास्टर्स में पहले रिपीट चैंपियन बने।

**21.** हाल ही में, हामिश बेनेट ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों में अपने 17 वर्षीय क्रिकेट करियर से संन्यास की घोषणा की, वह **न्यूजीलैंड** देश से हैं।

**नोट:** बेनेट ने सितंबर 2021 में पाकिस्तान के मीरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ T20I में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व किया था। हामिश बेनेट ने अक्टूबर 2010 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और एक टेस्ट, 19 ODI और 11 T20I मैचों में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व किया।

**22.** स्पेन के कैस्टिले-ला मांचा में 48वां ला रोडा इंटरनेशनल ओपन चेस टूर्नामेंट का खिताब **ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश** जीता।

**नोट:** उन्होंने फाइनल राउंड में इजराइल के विक्टर मिखालेव्स्की को हराया। अर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर हाइक एम. मार्टिरोसियन 7.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रगानंनधा तीसरे स्थान पर और उनके बाद रौनक साधवानी (भारत), मैनुअल लोपेज मार्टिनेज जोसेप (स्पेन) और रेमन मार्टिनेज (वेनेजुएला) थे।

**23.** शूटआउट में तमिलनाडु को 3-1 से हराकर 12वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप का खिताब **हरियाणा** जीता।

**नोट:** हरियाणा ने 2011 के बाद पहली बार ट्रॉफी जीती। हॉकी टूर्नामेंट 6 से 17 अप्रैल, 2022 तक भोपाल, मध्य प्रदेश में आयोजित किया गया था। तीसरे/चौथे स्थान के मैच में कर्नाटक ने महाराष्ट्र को 4-3 से हराया।

**24.** **एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप, मंगोलिया** प्रतियोगिता में सुनील कुमार, अर्जुन हलाकुर्की और नीरज ने ग्रीको रोमन शैली कुश्ती की श्रेणी में कांस्य पदक जीता।

**नोट:** कांस्य पदक विजेता: सुनील कुमार (87 किग्रा), अर्जुन हलाकुर्की (55 किग्रा), नीरज (63 किग्रा); अर्जुन हलाकुर्की ने कांस्य मुकाबले में दावाबंदी मुंख एर्डिन को 10-7 अंकों से हराया। नीरज ने उज्बेकिस्तान के इस्लामजोन बखरमोव को 7-4 से हराकर कांस्य पदक जीता।

**25.** हरप्रीत सिंह और सचिन सहरावत ने कांस्य पदक जीता, वह **कुश्ती** से संबंधित हैं।

**नोट:** ग्रीको-रोमन शैली के भारतीय पहलवानों ने उलानबटार, मंगोलिया में एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2022 में अपने अभियान का समापन किया। कतर के जफर खान के चोटिल होने के बाद हरप्रीत (82 किग्रा) को विजेता घोषित किया गया। सचिन सहरावत (67 किग्रा) ने उज्बेकिस्तान के मखमुद बख्शिलोव के खिलाफ कांस्य पदक जीता।

**26.** **रोहित शर्मा (भारत के कप्तान) और जसप्रीत बुमराह (पेसर)** दो भारतीय क्रिकेटरों को विजडन अल्मनैक के "फाइव क्रिकेटर्स ऑफ द ईयर" 2022 में शामिल किया गया।

**नोट:** अन्य तीन: ओली रॉबिन्सन (इंग्लैंड के तेज गेंदबाज), डेन वैन नीकेर्क (दक्षिण अफ्रीकी महिला खिलाड़ी) और डेवोन कॉनवे (न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज); लीडिंग क्रिकेटर इन द वर्ल्ड: इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट; लीडिंग वूमन क्रिकेटर इन द वर्ल्ड: लिजेल ली (दक्षिण अफ्रीका); लीडिंग T20 क्रिकेटर: मोहम्मद रिजवान (पाकिस्तान)

**27.** 2022 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप का 35वां संस्करण 19 से 24 अप्रैल तक **उलानबातोर, मंगोलिया** में आयोजित हुआ।

**नोट:** भारत उलानबातोर में कुल 17 पदक, एक स्वर्ण, पांच रजत और 11 कांस्य प्राप्त किए। <u>ग्रीको रोमन:</u> सुनील कुमार (87 किग्रा) - कांस्य; अर्जुन हलाकुर्की (55 किग्रा) - कांस्य; नीरज (63 किग्रा) - कांस्य; हरप्रीत सिंह (82 किग्रा) - कांस्य; सचिन सहरावत (67 किग्रा) - कांस्य; <u>महिला फ्रीस्टाइल:</u> सरिता मोर (59 किग्रा) - कांस्य; सुषमा शौकीन (55 किग्रा) - कांस्य; मनीषा (62 किग्रा) - कांस्य; अंशु मलिक (57 किग्रा) - रजत; राधिका (65 किग्रा) - रजत; <u>पुरुषों की फ्रीस्टाइल</u>: रवि कुमार दहिया (57 किग्रा) - स्वर्ण; बजरंग पुनिया (65 किग्रा) - रजत; गौरव बालियान (79 किग्रा) - रजत; नवीन (70 किग्रा) - कांस्य; सत्यव्रत कादियान (97 किग्रा) - कांस्य; दीपक

पुनिया (86 किग्रा) - रजत; विक्की (92 किग्रा) - कांस्य

**28.** **आंद्रे रुबलेव (रूसी)** ने सर्विया ओपन का खिताब 2022 जीता।

**नोट:** उन्होंने वर्ल्ड नंबर 1 नोवाक जोकोविच (सर्बिया) को हराकर अपना तीसरा सर्बिया ओपन खिताब जीता। आंद्रे रुबलेव ने दूसरे सेट में पांच अंक बचाकर सेट टाई-ब्रेक में पहुंचा दिया, लेकिन वह जोकोविच को मैच बराबर करने से रोकने में असफल रहे।

**29.** तुर्की के एंटाल्या में तीरंदाजी विश्व कप चरण-1 में संयुक्त पुरुष टीम फाइनल में फ्रांस को 232-231 से हराकर स्वर्ण पदक **भारत** ने जीता।

**नोट:** अभिषेक वर्मा, रजत चौहान और अमन सैनी की भारतीय तिकड़ी ने जीन फिलिप बौल्च, क्वेंटिन बरार और एड्रियन गोंटियर की फ्रांसीसी टीम को हराया। तरुणदीप राय और रिधि की भारतीय जोड़ी ने ग्रेट ब्रिटेन के एलेक्स वाइज और ब्रायोनी पिटमैन को हराकर रिकर्व मिश्रित टीम स्वर्ण पदक जीता।

**30.** इमोला, इटली में एमिलिया-रोमाग्ना ग्रैंड प्रिक्स 2022 **मैक्स वेर्स्टाप्पेन (रेड बुल, नीदरलैंड)** ने जीती।

**नोट:** सऊदी अरब 2022 के बाद इस सीजन में यह उनकी दूसरी जीत थी। एमिलिया-रोमाग्ना ग्रैंड प्रिक्स 2022 में सर्जियो पेरेज़ (रेड बुल, मेक्सिको) दूसरे और लैंडो नॉरिस (मैकलारेन, यूके) तीसरे स्थान पर रहे। बहरीन ग्रैंड प्रिक्स 2022: चार्ल्स लेक्लर्क (फेरारी, मोनाको); ऑस्ट्रेलियन ग्रैंड प्रिक्स 2022: चार्ल्स लेक्लर्क (फेरारी, मोनाको)

**31.** स्पेन में आयोजित मेनोर्का ओपन चेस टूर्नामेंट 2022 **भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश** ने जीता है, जिनके बाद आर्यन चोपड़ा दूसरे स्थान पर रहे।

**नोट:** गुकेश ने सातवें और अंतिम राउंड में साथी भारतीय बी. अधिबान (दसवें स्थान पर) को हराकर खिताब जीता। ला रोडा ओपन के बाद डी. गुकेश की यह दूसरी खिताबी जीत है। पी. सेथुरमन पांचवें, रौनक साधवानी सातवें और निहाल सरीन आठवें स्थान पर रहे।

**32.** **हरियाणा** राज्य खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 का आयोजन करेगा।

**नोट:** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ वर्चुअल माध्यम में बातचीत के दौरान खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 की आधिकारिक तारीखों (4 से 13 जून 2022 तक) की घोषणा की है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स का शुभंकर और लोगो 8 मई को हरियाणा के पंचकुला में लॉन्च किया जाएगा।

**33.** दूसरा खेलो मास्टर्स गेम्स 2022 **दिल्ली** में आयोजित किया जाएगा _______ ।

**नोट:** अनुराग सिंह ठाकुर (युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री) ने नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में दूसरे खेलो मास्टर्स गेम्स दिल्ली-2022 का उद्घाटन किया। इस खेल के तहत देश भर से 30 से 95 वर्ष के आयु वर्ग के 3000 मास्टर खिलाड़ी आठ खेलों में भाग ले रहे हैं।

**34.** एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप 2022 में अपना दूसरा एशियाई कांस्य पदक **पी.वी. सिंधु** ने जीता।

**नोट:** उन्हें मनीला में सेमीफाइनल में जापान की अकाने यामागुची ने हराया था। उसने एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप 2014 गिमचियन संस्करण में अपना पहला कांस्य पदक जीता था। सिंधु ने क्वार्टर फाइनल में चीन की हे बिग जिओ को 21-9,13-21 और 21-19 से हराकर चैंपियनशिप में पदक पक्का कर लिया था।

## पुस्तकें एवं लेखक

1. 'बिरसा मुंडा-जनजाति नायक' पुस्तक के लेखक **प्रोफेसर आलोक चक्रवाल, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर के उप कुलपति** हैं।
   **नोट:** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा पर लिखित पुस्तक का विमोचन किया। बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर, 1875 को उलिहातु गांव (अब झारखंड में) में हुआ था। वह मुंडा जनजाति से थे।
2. 'नॉट जस्ट ए नाइटवॉचमैन: माई इनिंग्स विद बीसीसीआई' के लेखक **विनोद राय** हैं।
   **नोट:** वह 2017 में BCCI हेतु सुप्रीम कोर्ट द्वारा 33 महीने के लिए गठित प्रशासक समिति (CoA) के अध्यक्ष थे। हाल ही में राय को कल्याण ज्वैलर्स का अध्यक्ष और स्वतंत्र गैर-कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है।
3. 'टॉम्ब ऑफ सैंड' की लेखिका **गीतांजलि श्री** हैं।
   **नोट:** यह अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार के लिए शॉर्टलिस्ट पहला हिंदी उपन्यास है। डेज़ी रॉकवेल ने पुस्तक का अनुवाद किया है। पुस्तक एक ऐसी महिला की कहानी बताती है जिसने भारत और पाकिस्तान विभाजन के अपने किशोरावस्था मानसिक आघात का सामना करने का फैसला किया।
   अन्य पुस्तकें:
   - बोरा चुंग की 'कर्स्ड बनी'
   - जॉन फॉसे की 'ए न्यू नेम: सेप्टोलॉजी VI-VII'
   - मीको कावाकामी की 'हेवन'
   - क्लाउडिया पिनेरो की 'एलेना नोज़'
   - ओल्गा टोकार्ज़ुक की 'द बुक्स ऑफ़ जैकब'
4. हाल ही में मुंबई में भारतीय उपमहाद्वीप के लिए विमोचित पुस्तक 'हियर योरसेल्फ' के लेखक **प्रेम रावत है।**
   **नोट:** यह न्यूयॉर्क टाइम्स की सर्वाधिक बिकने वाली किताब है जो 58 देशों और पांच भाषाओं में पहले से ही उपलब्ध है। यह पुस्तक लोगों को अपनी क्षमता को समझने, बेहतर आत्म-समझ विकसित करने और शोर से भरी दुनिया में शांति तलाशने में मदद करती है।
5. डॉ. बी.आर. अंबेडकर की 131वीं जयंती के अवसर पर विमोचित पुस्तक "द बॉय हू रोट ए कॉन्स्टिट्यूशन" के लेखक **राजेश तलवार** है।
   **नोट:** पुस्तक पोनीटेल बुक्स द्वारा प्रकाशित की गई थी। पुस्तक भारत के पहले विधि मंत्री के चुनौतीपूर्ण लड़कपन और विकास के वर्षों को सूचित करने का प्रयास करती है। तथ्य काफी हद तक अंबेडकर द्वारा अपने बचपन की संस्मृति पर आधारित हैं।
6. "चाइनीज स्पाइज: फ्रॉम चेयरमैन माओ टू शी जिनपिंग" पुस्तक के लेखक **फ्रांसीसी पत्रकार रोजर फेलिगोट** हैं।
   **नोट:** इसका अनुवाद लेखक, संपादक और अनुवादक नताशा लेहर ने किया है। पुस्तक की प्रस्तावना भारत की विदेशी खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (R&AW) के पूर्व प्रमुख विक्रम सूद द्वारा लिखी गई है।

## विज्ञान एवं रक्षा

1. लैमितिये 2022 का **9वां** संस्करण सेशेल्स डिफेंस एकेडमी, सेशेल्स में आयोजित किया गया।
   **नोट:** लैमितिये 2022 भारत और सेशेल्स के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास; लैमितिये 2022 संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास का विषय अर्ध-शहरी वातावरण में परिदृश्यों के आधार पर ऑपरेशन के नियोजन और निष्पादन हेतु प्रासंगिक और समकालीन था।
2. भारतीय वायु सेना ने **चेतक हेलीकॉप्टर** की सेवा के 60 गौरवशाली वर्षों का जश्न मनाया।

**नोट:** इस कार्यक्रम का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। चेतक हेलीकॉप्टर लाइसेंस समझौते के तहत हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) द्वारा निर्मित सबसे पुरानी मशीन है। चेतक हेलीकाप्टर 1962 में शामिल किया गया।

3. भारत और किर्गिस्तान के बीच संयुक्त विशेष सैन्य अभ्यास का 9वां संस्करण जो 25 मार्च 2022 को शुरू हुआ था, **बकलोह, हिमाचल प्रदेश** स्थान पर संपन्न हुआ।

   **नोट:** दोनों सेनाओं के विशेष सैन्यबलों ने संपूर्ण संघर्ष क्षेत्र में मौजूदा और आकस्मिक संकटों का मुकाबला करने के लिए अपनी विशेषज्ञता एवं तकनीक, रणनीति एवं प्रक्रियाओं के सर्वोत्तम अभ्यासों को साझा किया है।

4. भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) ने **भुवन-आधार पोर्टल** के विकास हेतु राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (NRSC), इसरो के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

   **नोट:** यह पूरे भारत भर में आधार केंद्रों की जानकारी और उनका स्थान बताएगा। पोर्टल प्राकृतिक वर्ण उपग्रह चित्रों के हाई-रिज़ॉल्यूशन बैकड्रॉप के साथ आधार केंद्रों के लिए संपूर्ण भौगोलिक जानकारी, पुन:प्राप्ति, विश्लेषण और रिपोर्टिंग की सुविधा प्रदान करेगा।

5. DRDO और भारतीय थलसेना ने पोखरण फायरिंग रेंज में **पिनाका रॉकेट प्रणाली** रॉकेट प्रणाली के नए संस्करण का सफल परीक्षण किया।

   **नोट:** विभिन्न रेंजों और हथियारों के लिए कुल 24 पिनाका Mk-I (परिवर्धित) रॉकेट प्रणाली (EPRS) का परीक्षण किया गया। पिनाका रॉकेट प्रणाली को आयुध अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान, पुणे द्वारा विकसित किया गया है। यह DRDO की पुणे स्थित प्रयोगशाला, हाई एनर्जी मैटेरियल्स रिसर्च लैबोरेटरी द्वारा समर्थित है।

6. चीन का नया पृथ्वी अवलोकन उपग्रह **गाओफेन-3 03 को** लॉन्ग मार्च-4C रॉकेट द्वारा जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्च किया गया।

   **नोट:** यह उसके भूमि-समुद्र राडार उपग्रह समूह का एक भाग बनेगा। यह चीन को अपने समुद्री अधिकारों की रक्षा में मदद हेतु तस्वीरें भी प्रदान करेगा। ये पृथ्वी अवलोकन उपग्रह दैनिक आधार पर कई SAR तस्वीरें तैयार करते हैं।

7. IT फर्म **इंफोसिस** ने रोल्स-रॉयस के साथ मिलकर बेंगलुरु, कर्नाटक में "एयरोस्पेस इंजीनियरिंग और डिजिटल इनोवेशन सेंटर" लॉन्च किया।

   **नोट:** यह भारत से रोल्स-रॉयस की इंजीनियरिंग और समूह व्यवसाय सेवाओं हेतु उन्नत डिजिटल क्षमताओं के साथ एकीकृत उच्च-स्तरीय अनुसंधान एवं विकास सेवाएं प्रदान करेगा। इस साझेदारी को अगले सात वर्षों में दोनों संगठनों के लिए पारस्परिक लाभ उत्पन्न करने के उद्देश्य से रणनीतिक समझौतों के माध्यम से मजबूत किया जाएगा।

8. **भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL)** के साथ माइक्रोसॉफ्ट ने तेल तथा गैस उद्योग में डिजिटल परिवर्तन को तेज करने के लिए एक रणनीतिक क्लाउड साझेदारी की है।

   **नोट:** यह साझेदारी BPCL के डिजिटल परिवर्तन प्रयास 'प्रॉजेक्ट अनुभव' को तेज करेगी। माइक्रोसॉफ्ट द्वारा BPCL को सेवाएं प्रदान की जाएंगी जिनमें प्लेटफॉर्म-ऐज़-ए-सर्विस, इंफ्रास्ट्रक्चर-ऐज़-ए-सर्विस, नेटवर्क और क्लाउड पर सुरक्षा सेवाएं इत्यादि शामिल हैं।

9. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने ओडिशा में एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR) में SFDR बूस्टर का सफल परीक्षण किया है। SFDR का पूरा नाम **सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट** है।

   **नोट:** SFDR को रक्षा अनुसंधान और विकास प्रयोगशाला (DRDL), हैदराबाद और अन्य DRDO प्रयोगशालाओं जैसे रिसर्च सेंटर इमारत, हैदराबाद और हाई एनर्जी मैटेरियल्स रिसर्च लैबोरेटरी, पुणे के सहयोग से विकसित किया गया है। उच्च प्रक्षेप सीमा: 350 किमी

10. केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने **बनासकांठा जिला, गुजरात** में भारत-पाक सीमा पर

नादाबेत में सीमा दर्शन परियोजना का उद्घाटन किया।

**नोट:** यह परियोजना नागरिकों को हमारी सीमा पर BSF कर्मियों के जीवन तथा कार्यप्रणाली देखने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। पर्यटक मिसाइल, टैंक, विमान आदि को देख सकते हैं जिनका उपयोग भारतीय थलसेना और BSF द्वारा नादाबेत में किया जाता है।

11. **भारतीय तटरक्षक बल (ICG)** सरकारी एजेंसी ने ओडिशा के भुवनेश्वर में नवीनतम एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (ALH-ध्रुव) MK-III स्क्वाड्रन को कमीशन किया।

    **नोट:** ALH को भारतीय तटरक्षक बल के प्रमुख वीरेंद्र सिंह पठानिया की उपस्थिति में शामिल किया गया था। यह पश्चिम बंगाल, ओडिशा तट और उससे आगे तटरक्षक बल की समुद्री सुरक्षा क्षमताओं को बढ़ाएगा। इसे 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) द्वारा निर्मित किया गया था।

12. सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल **शाहीन-III** का पाकिस्तान में सफल परीक्षण किया गया।

    **नोट:** शाहीन-III की मारक क्षमता 2,750 किमी है जिससे यह मिसाइल भारत के उत्तर-पूर्व और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह तक सुदूरतम पहुंच में सक्षम हो जाती है। यह एक ठोस ईंधन वाली मिसाइल है जो पोस्ट-सेपरेशन एल्टीट्यूड करेक्शन (PSAC) सिस्टम से लैस है।

13. एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल (ATGM) **हेलिना** का राजस्थान के पोखरण में सफल परीक्षण किया गया।

    **नोट:** HELINA (हेलीकॉप्टर-आधारित NAG) तीसरी पीढ़ी की 'फायर एंड फॉरगेट' श्रेणी है जिसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (DRDL), DRDO द्वारा विकसित किया गया है। इसका परीक्षण DRDO, थलसेना और वायु सेना द्वारा किया गया था। मिसाइल को स्वदेश में विकसित एडवांस्ड लाइट हेलीकाप्टर (ALH) द्वारा ऊंचाई से लॉन्च किया गया था।

14. **हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL)** ने छह अधिकारियों के लिए चेतक हेलीकॉप्टर पर उड़ान प्रशिक्षण के दूसरे चरण हेतु नाइजीरियाई सेना के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

    **नोट:** चेतक हेलीकॉप्टर पर चरण- II के उड़ान प्रशिक्षण के तहत नाइजीरियाई सेना के प्रत्येक विमानन अधिकारी को 70 घंटे का उड़ान प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा जो दिसंबर 2022 तक पूरा हो जाएगा। यह नाइजीरियाई सेना के छह विमानन अधिकारियों के लिए चरण- I उड़ान प्रशिक्षण का अगला क्रम है।

15. इज़राइल की **आयरन बीम,** एक नई लेजर मिसाइल-रक्षा प्रणाली जिसका हाल ही में सफल परीक्षण किया गया।

    **नोट:** यह मिसाइल, रॉकेट, एंटी-टैंक मिसाइल और ड्रोन को मार्ग में ही निशाना बना सकती है। विकासकर्ता: राफेल एडवांस्ड डिफेंस सिस्टम्स। इसमें निर्देशित-ऊर्जा हथियार प्रणाली का उपयोग होता है और हवाई रक्षा प्रदान करने में लंबी दूरी तक जा सकती है। यह दुनिया की पहली ऊर्जा आधारित हथियार प्रणाली है जो पास आने वाले यूएवी, रॉकेट और मोर्टार को मार गिराने के लिए लेजर (3.50 डॉलर प्रति शॉट) का उपयोग करती है।

16. **फिनलैंड** ने क्वांटम कंप्यूटिंग पर वर्चुअल नेटवर्क सेंटर स्थापित करने के लिए भारत के साथ एक MoU पर हस्ताक्षर किए।

    **नोट:** उद्देश्य: अभिनव अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं को प्रोत्साहित करना, उच्च औद्योगिक प्रासंगिकता और वाणिज्यिक क्षमता प्रदर्शित करना।क्वांटम कंप्यूटिंग पर वर्चुअल नेटवर्क सेंटर के लिए भारत ने तीन प्रमुख संस्थानों IIT मद्रास, IISER पुणे और C-DAC पुणे की पहचान की है।

17. 12-13 अप्रैल, 2022 को पेरिस, फ्रांस में भारत-फ्रांस के बीच संयुक्त स्टाफ वार्ता का **20वां संस्करण** आयोजित किया गया।

**नोट:** वार्ता का मुख्य विषय मौजूदा द्विपक्षीय रक्षा सहयोग तंत्र के दायरे में नई पहलों और जारी रक्षा कार्यों को मजबूत करने पर केंद्रित था। मंच की स्थापना सामरिक और परिचालन स्तरों पर नियमित वार्ता के माध्यम से दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए की गई थी।

18. **सिलीगुड़ी के पास, पश्चिम बंगाल** में त्रिशक्ति कॉर्प्स ने अभ्यास कृपाण शक्ति का आयोजन किया।

**नोट:** एक एकीकृत युद्ध के लिए भारतीय थलसेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CRPF) की क्षमताओं को नियोजित और समन्वयित करना। त्रिशक्ति कॉर्प्स की यूनिटों ने अभ्यास के दौरान कठिन और तेजी से सटीक निशाना लगाने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया।

19. **Su30- MKI लड़ाकू विमान** से भारतीय वायु सेना (IAF) ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की लाइव फायरिंग का सफल परीक्षण किया।

**नोट:** मिसाइल ने भारतीय नौसेना के साथ तालमेल में एक सेवामुक्त भारतीय नौसेना के जहाज को निशाना बनाया। ब्रह्मोस को पनडुब्बियों, जहाजों, लड़ाकू विमानों और जमीन से लॉन्च किया जा सकता है। 2016 में, सरकार ने ब्रह्मोस को 40 से अधिक सुखोई लड़ाकू विमानों में लगाने का निर्णय लिया।

20. **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) मद्रास** ने प्रौद्योगिकी विकास एवं विभिन्न हथियार प्रणालियों के रखरखाव हेतु स्वदेशी समाधान खोजने के लिए भारतीय वायु सेना (IAF) के साथ MoU पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** उद्देश्य: 'आत्मनिर्भर भारत' की प्राप्ति के लिए भारतीय वायुसेना के स्वदेशीकरण के प्रयासों में तेजी लाना। इसके तहत, IAF ने प्रौद्योगिकी विकास और विभिन्न हथियार प्रणालियों के रखरखाव हेतु स्वदेशी समाधान खोजने वाले मुख्य क्षेत्रों की पहचान की है।

21. ऑयल इंडिया लिमिटेड (OIL) ने **जोरहाट पंप स्टेशन, असम** पर 10 किग्रा/दिन की स्थापित क्षमता के साथ भारत का पहला 99.999% शुद्ध हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित किया।

**नोट:** संयंत्र 100 kW एनायन एक्सचेंज मेम्ब्रेन (AEM) इलेक्ट्रोलाइज़र एरे का उपयोग करके मौजूदा 500kW सौर संयंत्र द्वारा उत्पन्न बिजली से हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करता है। भारत में पहली बार AEM तकनीक का उपयोग हो रहा है। भविष्य में संयंत्र का उत्पादन 10 किग्रा/दिन से बढ़कर 30 किग्रा/दिन हो जाएगा।

22. भारतीय नौसेना के P75 प्रॉजेक्ट की छठी और अंतिम स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बी जिसे मझगांव डॉक लिमिटेड में लॉन्च किया गया, वह **वाग्शीर (छठी पनडुब्बी, यार्ड 11880) है ।**

**नोट:** डिजाइन-कर्ता: फ्रेंच नेवल डिफेंस और ऊर्जा कंपनी DCNS; निर्माता: मझगांव डॉक लिमिटेड, मुंबई; पनडुब्बियां: INS कलवरी (2017), INS खंडेरी (2019), INS करंज (मार्च 2021), INS वेला (नवंबर 2021), INS वागीर (नवंबर 2020, समुद्री परीक्षण)।

23. नई दिल्ली में इनोवेशंस फॉर डिफेंस एक्सीलेंस, डिफेंस इनोवेशन ऑर्गनाइजेशन (iDEX-DIO) द्वारा आयोजित DefConnect 2.0 का उद्घाटन **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ने किया।

**नोट:** इस कार्यक्रम में रक्षा क्षेत्र में देश के अग्रणी उद्योगों से अनेक अन्वेषक और निवेशक भाग लेंगे। iDEX को 2018 में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्रों में विभिन्न हितधारकों को एक एकीकृत मंच प्रदान करने के लिए लॉन्च किया गया था।

24. **रूस** ने सरमत अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया।

**नोट:** प्रशिक्षण आयुध कामचटका प्रायद्वीप पर कुरा टेस्ट ग्राउंड में निर्धारित क्षेत्र में पहुंचा और नियत लक्ष्य को पूरा किया। इस मिसाइल प्रणाली में उच्चतम सामरिक और तकनीकी विशेषताएं हैं और यह मिसाइल रोधी रक्षा प्रणाली के सभी आधुनिक साधनों पर काबू पाने में सक्षम है।

25. रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (DAP) 2020 द्वारा रक्षा में मेक-II प्रक्रिया में नई संशोधित समय-सीमा **101-109 सप्ताह** है।

**नोट:** रक्षा में मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देने के लिए रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (DAP) 2020 को रक्षा अधिग्रहण परिषद (DAC) द्वारा दी गई मंजूरी के आधार पर संशोधित किया गया है। रक्षा उपकरणों का आयात DAC/रक्षा मंत्री के विशिष्ट अनुमोदन से किया जाना है। रक्षा मंत्रालय ने iDEX फ्रेमवर्क के तहत परियोजनाओं के लिए प्रतीक्षाकाल में भी कटौती की।

26. सबसे बड़ा और सबसे जटिल अंतर्राष्ट्रीय लाइव-फायर साइबर रक्षा अभ्यास **लॉक्ड शील्ड्स 2022** है।

**नोट:** यह समयोचित नेटवर्क रक्षा अभ्यास नाटो को-ऑपरेटिव साइबर डिफेंस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CCDCOE) द्वारा ताल्लिन, एस्टोनिया में आयोजित किया गया था। यह अभ्यास वर्ष 2010 से प्रतिवर्ष हो रहा है। फिनलैंड की टीम ने साइबर रक्षा अभ्यास लॉक्ड शील्ड्स 2022 जीता और उसके बाद लिथुआनिया-पोलैंड और एस्टोनियाई-जॉर्जियाई संयुक्त टीम रहीं।

27. **हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL)** ने बेंगलुरु में लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट मार्क 1 (LCA Mk1) एयरफ्रेम का मेन एयरफ्रेम फटीग टेस्ट (MAFT) शुरू किया।

**नोट:** परीक्षण यह समझने के लिए किया गया है कि विमान की संरचना वास्तविक परिस्थितियों में कैसा प्रदर्शन करती है। किसी भी दरार या क्षति की जांच के लिए एक परीक्षण सज्जा पर विमान की संरचना लगाई गई थी।

28. **अंडमान और निकोबार कमांड** फोर्स ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल (एंटी-शिप वर्जन) का सफल परीक्षण किया।

**नोट:** भारत-रूस का एक संयुक्त उद्यम ब्रह्मोस एयरोस्पेस, सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें बनाता है जिन्हें जहाजों, विमानों, पनडुब्बियों या स्थलीय प्लेटफार्मों से लॉन्च किया जा सकता है। ब्रह्मोस मिसाइल 2.8 मैक की रफ्तार से उड़ती है। मिसाइल के उन्नत संस्करण की मारक सीमा: 350 किमी।

29. नई दिल्ली में लॉजिस्टिक्स सेमिनार LOGISEM VAYU-2022 का उद्घाटन **एयर चीफ मार्शल विवेक चौधरी** ने किया।

**नोट:** उन्होंने कहा कि वर्तमान आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन को रसद क्षमताओं में सुधार के उद्देश्य से आगे की सोचना चाहिए। भारतीय वायुसेना के लॉजिस्टिक्स दर्शन दस्तावेज 'टेनेट ऑफ लॉजिस्टिक्स' और IAF में लॉजिस्टिक्स के इतिहास पर एक पुस्तक 'फुटप्रिंट्स इन सैंड्स ऑफ टाइम' का विमोचन किया।

**--------------0--------------**

BYJU'S EXAM PREP

# Features :

Live Classes by Top Faculty

Comprehensive Study Material

Daily Study Plan

Latest Pattern Test Series

Complete Doubt Resolution

Regular Assessments with Report Card



byjusexamprep.com